लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 176 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | मंगलवार | 09 अप्रैल, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

प्रथम
शैलपुत्री



देवी दुर्गा अपने पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती हैं। उनका यह रूप अपने पति के आत्मस मान के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वाली पत्नी का प्रतीक है।



सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र में भाजपा के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

# मुंबई पर हमला करने वाले आतंकी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं : योगी

## प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे का सपना : योगी आदित्यनाथ

- सीएम योगी ने वर्धा से भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी ताड़स के लिए मांगा जनसमर्थन
- महाराष्ट्र के जनमानस से आई आवाज, देश में दो ही नाम- मोदी और योगी
- यहां पालघर में संतों की हत्या हो गई, यूपी में कोई किया तो उल्टा टांग देंगे : योगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वर्धा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आएंगे तो मोदी ही। 10 वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किए हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं कि फिर से आएंगे तो मोदी ही। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महाराष्ट्र दौरे पर रहे। यहां उन्होंने कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा वर्धा से सांसद व भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी तड़स के लिए की। सीएम ने महाराष्ट्रवासियों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि आजादी का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिए उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया था।



### अब पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है

सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर आतंकी गिरोह अब दुस्साहस भी नहीं कर सकता है। स्थानीय स्तर पर यदि पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है, जबकि पहले वह सीना तानकर बोलता था। अब उसे पता है कि मोदी जी की सरकार पाकिस्तान में घुसकर काम तमाम कर देगी। भारत में आतंकवाद की सबसे बड़ी जड़ कश्मीर से धारा-370 समाप्त हो गई। जो काम 1952 से 2014 तक नहीं हुआ, वह मोदी जी ने एक झटके में कर दिया। मोदी जी ने तीन तलाक की कुप्रथा पर रोक लगा दी। बाबा साहेब के पंच तीर्थ का निर्माण भी करा दिया।

### राष्ट्र की आवाज से महाराष्ट्र को भी जुड़ जाना चाहिए

सीएम ने कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं का भारत में कोई सानी नहीं है। पहले चार करोड़ गरीबों को आवास, फिर अयोध्या में रामलला को राममंदिर के रूप में भव्य आवास दिया। रामदास जी ने लॉजिस्टिक का बेहतरीन हब बनाया है। यह काम भी मोदी जी के नेतृत्व में बेहतरीन ढंग से किया गया है। इससे हजारों लोगों को नौकरी व सिटी को पहचान मिलेगी। राष्ट्र की आवाज से महाराष्ट्र की आवाज को जुड़ जाना चाहिए। 400 पार के लिए महाराष्ट्र की सभी सीटों पर भाजपा, शिवसेना व एनसीपी गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतना होगा। सीएम ने चुनाव के पश्चात अयोध्या में दर्शन करने आने का भी निमंत्रण दिया।

### छत्रपति शिवाजी हों या बाला साहब ठाकरे, सबका सपना हो रहा साकार

सीएम ने कहा कि तीन तलाक समाप्त हो, यह सपना बाला साहेब ठाकरे जी का भी था। छत्रपति महराज का हिंदवी स्वराज आज देखने को मिल रहा है। उनका सपना था कि भारत का अपना शासन और आराध्य देवों का सम्मान होगा। भारत की बेटियों को सुरक्षा व देश को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य होगा। मोदी जी उसी भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए व भाजपा सरकार भारत को ग्लोबल पावर के रूप में स्थापित करना चाहती है।

### 25 करोड़ आबादी वाले यूपी में कर्फ्यू पर लगा ताला

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष के पास नेता, नीति व नीयत भी नहीं है। 2017 में मुझे यूपी के मुख्यमंत्री का दायित्व दे दिया गया। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में कर्फ्यू पर अब ताला लगा दिया गया, जबकि भाजपा सरकार आने के पहले वहां भी दंगा व कर्फ्यू लगता था। यहां पालघर में तीन संतों की हत्या कर दी गई, यूपी में कोई किया तो उसे उल्टा टांग देंगे। यूपी में कर्फ्यू नहीं, शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा निकलती है। कुंभ में करोड़ों लोग भाग लेते हैं और अयोध्या धाम में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं, फिर भी वहां सब कुछ शांति से निपट रहा है।

### अयोध्या में श्रीराम ने अवध में होली खेली

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व यूपी में बहुत उत्साह से मनाया जाता है। हमारे यहां होली में गांव गांव में गीत गये जाते हैं कि होली खेले रघुबीरा, अवध में होली खेले... यानी भगवान राम अयोध्या में होली खेल रहे हैं। 500 साल से अयोध्या में श्रीराम ने होली नहीं खेली। पहली बार इस साल अयोध्या में श्रीराम ने अवध में होली खेली। यही सपना था छत्रपति शिवाजी का। इसी सपने को साकार करने के लिए बाला साहब ढाकरे जी ने पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। बाला साहब के सपने को साकार करने के लिए मोदी सरकार काम कर रही है।

### दंगा करने वाले दंगा करना भूल गये : सीएम योगी

उन्होंने कहा कि जिन मूल्यों के लिए बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी ने देश के संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को नई दृष्टि दी थी, वही भाव आज भी एनडीए सरकार के कार्यों में परिलक्षित होता है। यूपी में आप देख रहे हैं कि वहां किस प्रकार का माहौल है। उसके बारे मे कहा जाता था कि वो उपद्रव प्रदेश है, वहां हर दूसरे दिन दंगे हुआ करते थे, महीनों तक कर्फ्यू लगा करते थे। आज वहां उत्सव और महोत्सव हो रहे हैं, कर्फ्यू की जगह कांवड़ यात्रा निकल रही है। दंगा करने वाले दंगा करना भूल गये हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि दंगा करेंगे तो उलटा टांग दिये जाएंगे।

# इंडिया गठबंधन : लखनऊ में होगी सपा-कांग्रेस की संयुक्त रैली, राहुल, प्रियंका, खरगे के साथ अखिलेश रहेंगे मौजूद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भी अपनी एकजुटता व ताकत दिखाने का काम करेगा। इसके लिए हाल में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई गठबंधन के दलों की संयुक्त रैली की तर्ज पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी इंडिया गठबंधन के दलों की संयुक्त रैली होगी। हालांकि इससे पहले नवरात्र में ही कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली पश्चिमी उत्तर प्रदेश



में होगी। यह सहमति सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व अजय राय के साथ हुई वार्ता में बनी। सपा प्रमुख के साथ लगभग एक घंटे हुई वार्ता में संयुक्त सभाओं, रैली व चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। इसमें जहां यह सहमति बनी की चूंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले दो चरण में चुनाव है, ऐसे में यहां की संयुक्त सभा नवरात्र में ही की जाए। इसके लिए जगह और तिथि जल्द फाइनल की जाएगी। इसके बाद राजधानी लखनऊ में एक बड़ी रैली की जाएगी। वहीं प्रेसवार्ता में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि आज अखिलेश यादव के साथ हुई वार्ता में यूपी में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली व सभा पर चर्चा हुई है। इंडिया गठबंधन की रैली जल्द होगी। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव आदि प्रमुख नेता उपस्थित होंगे। जल्द ही इसकी तिथि की जानकारी दी जाएगी।

### बूथ स्तर पर संयुक्त रूप से करें चुनाव की तैयारी

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को अलग-अलग अवध, प्रयागराज, पूर्वांचल व बुंदेलखंड जोन की बैठक की। इसी के साथ सभी फ्रंटल संगठनों महिला विंग, यूथ विंग, एनएसयूआई, लीगल सेल, सेवादल के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की। इसमें पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वह सपा के साथ प्रदेश में बूथ स्तर पर संयुक्त रूप से समन्वयक कर चुनाव की तैयारी करें। जहां बूथ स्तर पर कमेटियां अभी नहीं बनी हैं, उन्हें तुरंत बनाकर चुनाव में मिशन मोड में जुट जाएं।

नालियों में बह रहा 'स्वस्थ भारत' का भविष्य तो शौचालयों में कैद 'स्वच्छ भारत मिशन' का सपना

# जनता के साथ छलावा या जिम्मेदारों की लापरवाही!

- स्वस्थ भारत निर्माण की नीव रखने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुआ अस्वस्थ!
- गायब दिख रहा स्वच्छता मिशन के सरकारी बजट का असर!

जन एक्सप्रेस/ विश्वामित्र पांडेय/अजय यादव



माल/लखनऊ। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को उत्तर प्रदेश सरकार के मातहत रौंदते नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां सरकारें 卐स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत卐 के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाने में लगी है। दूसरी तरफ सरकार के जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी सरकार की इस मुहीम को फेल करने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने पंचायतों में सफाई सुनिश्चित करवाने के लिए सफाई कर्मियों की तैनाती की थी, लेकिन सफाई कर्मियों की नियुक्ति भी बजबजाती नालियों और कूड़े से पटी सड़को से निजात दिलाने में महज छलावा साबित हुई।

### जिम्मेदार रहे संपर्क से बाहर!

गंदगी के इस हालात पर जब जिम्मेदार अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल एवं खंड विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो खंड विकास अधिकारी का फोन नहीं उठा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक संदीप सिंह का नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

### सड़क पर नाली या नाली में सड़क?

जहां सरकार और उसके कर्मचारियों द्वारा किस स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सपना संजोया जा रहा है वहीं पंचायत हसनापुर के मजरा बेल बिरवा गांव के समझना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर नाली है या नाली मे सड़क है। सड़कों पर फैला कीचड गवाही देता है कि सफाई कर्मी और जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी किस स्तर पर निभा रहे हैं।

### बड़ा सवाल!

- आखिर कौन है इन सबका जिम्मेदार?
- आखिर कहां खपाया जा रहा स्वच्छता मिशन का बजट?
- आखिर क्यों उदासीन रवैया अपना रहे जिम्मेदार?





### माल विकास खंड की ग्राम पंचायतों में लगे कूड़े के ढेर और बजबजाती गंदगी!

विकास खंड माल की 67 पंचायतों में लगे कूड़े के ढेर और बजबजाती नालियों का सड़को पर बहता गन्दा पानी देखकर पंचायतों की सफाई का अंदाजा लगाया जा सकता है। लगभग हर पंचायत में एक सफाईकर्मी नियुक्त होने पर भी पंचायतों की सफाई की जिम्मेदारी किसकी बनती है? जवाब देने वाला कोई नही है। विकास खंड की अधिकतर ग्राम पंचायतो में आंगनबाडी केंद्रों, विद्यालय भवन के ठीक सामने फैला कूड़ा और चारो तरफ बजबजाती नालियां देखकर समझना मुश्किल हो जाता है।

### स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी चढ़ गया गंदगी की भेंट

गंदगी के मामलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल तो इन सबसे भी दस कदम आगे निकल गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्मित एक मात्र सार्वजनिक शौचालय को भी स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले जिम्मेदार स्वच्छ नही रख सके। जिस सीएचसी में क्षेत्र के हजारों लोग अपने स्वस्थ होने की दवा लेने आते हैं वही सीएचसी भी गन्दगी की तमाम बीमारियों से ग्रसित है। यहाँ निर्मित एक मात्र शौचालय में लगे कूड़े के ढेर और गंदगी की आती बदबू किसी स्वस्थ व्यक्ति को भी बीमार बनाने के लिये काफी है। वहीं सीएचसी में फैले कूड़े को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार के मातहत ही भारत सरकार के सपनों के भारत को कुचलने में लगे हुए है।

आदेश इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं है

# हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं : हाईकोर्ट

- अदालत ने कहा कि केवल सप्तपदी ही हिंदू विवाह का एक आवश्यक समारोह है
- हिंदू विवाह अधिनियम में शादी के लिए कन्यादान का प्रावधान नहीं है
- न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने 22 मार्च को एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं है। हाईकोर्ट ने एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने हाल ही में कहा है





कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि केवल सप्तपदी ही हिंदू विवाह का एक आवश्यक समारोह है और हिंदू विवाह अधिनियम में शादी के लिए कन्यादान का प्रावधान नहीं है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने गत 22 मार्च को आशुतोष यादव द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा सात का भी जिक्र किया। अदालत ने कहा, 'हिंदू विवाह अधिनियम की धारा सात इस प्रकार है- हिंदू विवाह के लिए समारोह- (1) एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के प्रथागत संस्कारों और समारोहों के अनुसार मनाया जा सकता है। (2) ऐसे संस्कारों और समारोहों में सप्तपदी (यानी दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के समक्ष संयुक्त रूप से सात फेरे लेना) शामिल है। सातवां फेरा लेने पर विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है'। न्यायालय ने कहा, 'इस तरह हिंदू विवाह अधिनियम केवल सप्तपदी को हिंदू विवाह के एक आवश्यक समारोह के रूप में मान्यता प्रदान करता है। वह हिंदू विवाह के अनुष्ठान के लिए कन्यादान को आवश्यक नहीं बताता है'। अदालत ने कहा कि कन्यादान का समारोह किया गया था या नहीं यह मामले के न्यायोचित निर्णय के लिए जरूरी नहीं होगा और इसलिए इस तथ्य को साबित करने के लिए अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 311 के तहत गवाहों को नहीं बुलाया जा सकता।

### फास्ट ट्रैक अदालत के आदेश को चुनौती दी थी

पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने वाले ने इसी साल छह मार्च को अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक अदालत प्रथम) द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान दो गवाहों के पुनर्परीक्षण के लिए उन्हें बुलाने से इनकार कर दिया था।

### फिर से गवाही के लिए बुलाने से इनकार कर दिया था

न्यायालय ने मुकदमे की कार्यवाही के दौरान अभियोजन पक्ष के दो गवाहों को फिर से गवाही के लिए बुलाने से इनकार कर दिया था। पुनरीक्षण आवेदन भरते समय यह तर्क दिया गया कि अभियोजन पक्ष के गवाह नंबर एक और उसके पिता जो अभियोजन पक्ष के गवाह नंबर दो थे, के बयानों में विरोधाभास था और इस तरह उनकी फिर से गवाही जरूरी थी।

### अदालत ने पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी

अदालत के सामने यह बात भी आयी कि अभियोजन पक्ष ने कहा था कि वर्तमान विवाद में जोड़े के विवाह के लिए कन्यादान आवश्यक था। ऐसे में अदालत ने समग्र परिस्थितियों पर विचार करते हुए कहा कि हिंदू विवाह के अनुष्ठान के लिए कन्यादान आवश्यक नहीं है। पीठ को अभियोजन पक्ष के गवाह संख्या एक और उसके पिता की फिर से गवाही की अनुमति देने का कोई पर्याप्त कारण नहीं मिला और पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी।



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.8 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 16.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 40 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 15 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# आज से नवरात्र आरंभ, सज गये माता के मन्दिर, खुल गए द्वार






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चैत्र के नवरात्र का आज आरंभ हो गया है। आज चैत्र नवरात्रों की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है, जो 17 अप्रैल को श्रीरामनवमी के साथ सम्पन्न होगी। इसको देखते हुए कई दिनों से शहर के विभिन्न मंदिरों में तैयारियां चल रही थी जो कल पूरी हो गईं थीं और माता के द्वार सज गये हैं। आज भोर पहर से माता के द्वार पर भक्तों की भीड़ का रेला लगना शुरू हो जायेगा।

जन एक्सप्रेस संवाददाता से विरहना रोड स्थित प्राचीन तपेश्वरी मंदिर के पुजारी आचार्य राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि हिंदू धर्म में नवरात्रि को बेहद पवित्र माना गया है। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इन नौ दिनों में माता रानी की पूजा-अर्चना करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। इस बार की चैत्र नवरात्रि को बेहद ही खास माना जा रहा है, क्योंकि ये पूरे 9 दिन की होगी। इस साल 9 अप्रैल से हो रही है, जो 17 अप्रैल तक नवरात्रि है और दशमी के दिन पारण होगा।

शास्त्रों के अनुसार, पूरे नौ दिन की नवरात्रि शुभ मानी जाती है। इसके अलावा इस बार मां दुर्गा का आगमन नाव यानी नौका पर हो रहा है। यह भी एक प्रकार का शुभ संकेत है। वैसे तो मां दुर्गा सिंह की सवारी करती हैं, लेकिन नवरात्रि के पावन दिनों में धरती पर आते समय उनकी सवारी बदल जाती है। मां जगदंबे की सवारी नवरात्रि के प्रारंभ होने वाले दिन पर निर्भर करती है। नवरात्रि का प्रारंभ जिस दिन होता है, उस दिन के आधार पर उनकी सवारी तय होती है। इसको लेकर शहर के तमाम देवी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने रूपरेखा तैयार की है। वहीं, नवरात्रि पर्व को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी अंतिम रूप में चलती रही। चैत्र नवरात्रि पर मां तपेश्वरी, मां बारा देवी, कुष्मांडा देवी, जंगली देवी, बुद्धा देवी, बंगाली मोहाल की काली मंदिर सहित जिले के तमाम प्रतिष्ठित देवी मंदिरों में आज रात्रि से ही दर्शन करने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। कुछ मंदिरों के पास मेले का भी आयोजन होता है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारी की है।

### पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा का लिया जायजा

अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा सोमवार को नवरात्रि त्यौहार को सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने एवं समुचित पुलिस बल का व्यवस्थापन के लिए पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन श्रवण कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्रीमती शिवा सिंह व स्थानीय पुलिस बल के साथ तपेश्वरी देवी मंदिर, बैभव लक्ष्मी माता मंदिर का भ्रमण किया गया एवं सम्बन्धित को सुरक्षा/यातायत व्यवस्था हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए गए।

# छात्रा ने गंगा में लगाई छलांग, शव ढूंढने में जुटी जल पुलिस


फाइल फोटो पारूल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

संदिग्ध परिस्थितियों में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस ने कई घंटे युवती के शव को गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाश कराया लेकिन ख़बर लिखे जाने तक पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक युवती के घर में कोहराम मच गया। घटना के बाद से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पारुल उम्र 22 वर्ष पुत्री शिव शंकर पाल चौबेपुर थाना क्षेत्र के मालौ गांव की रहने वाली थी। बड़े भाई अनुराग पाल के मुताबिक बीते दिन सोमवार की सुबह पारुल घर से यह कहकर निकली थी कि वह विद्यालय जा रही है। उसने यह भी बताया कि कुछ दिनों पहले पारुल को लड़के वाले देखने आए थे लेकिन पारुल के शरीर पर सफेद दाग होने की वजह से शादी से इनकार कर दिया था। तब से लगातार पारुल मानसिक रूप से तनाव में चल रही थी। अनुराग ने यह भी बताया कि पारुल भाई बहनों में सबसे छोटी थी। वही बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जल पुलिस व गोताखोरों की मदद से युवती के शव को कई घंटे तक गंगा में तलाश किया गया लेकिन अभी तक युवती का शव नहीं मिला है। मंगलवार की सुबह भी युवती के शव को गंगा नदी में तलाश किया जाएगा।

# वरिष्ठ पत्रकार इरफान जी के निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



अपनी पत्रकारिता के कौशल से ही नही अपितु अपने कोमल स्वभाव के लिए सबके चहेते वरिष्ठ पत्रकार इरफान भाई का निधन हो गया, जिससे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर फैल गयी। इरफान जी इरफान चच्चा के नाम से भी मशहूर थे उन्होने दैनिक सियासत अखबार से अपनी पत्रकारिता का सफर शुरू किया और सहारा रोजनामा तक के सफर में उन्होने पत्रकारिता के कई आयामों को स्थापित किया।

इरफान चच्चा कई वर्षो से लगातार पत्रकारों के लिए समर्पित थे और चहेते भी थे, वह बेकन गंज उसके बाद ईदगाह कालोनी में रहते थे साथ ही वह तीन चुनाव से कानपुर प्रेस क्लब की चुनाव संचालन समिति का भी हिस्सा रहे। इरफान चच्चा पत्रकारिता में एक मजबूत स्तम्भ बने रहे और हर पत्रकार उन्हे भाई या चच्चा कहकर सम्बोधित करता रहा। इतना ही नही ईद, दीपावली आदि पर्व पर इरफान चच्चा द्वारा उम्र में छोटे पत्रकारों को अपने परिवार के बच्चो की तरह प्यार दिया गया। आप पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक कार्यो में भी आगे रहे। एक वाक्या चच्चा का यू रहा कि प्रेस क्लब चुनाव में जब मौहसीन खान ने उनसे समर्थन मांगा तो उन्होने यह कहकर मना कर दिया कि अब वह चुनाव संचालन समिति प्रभारी है, इसलिए उनसे कोई मदद की उम्मीद मत करें। मौहसीन कहते है कि उस समय तो उन्हे अच्छा नही लगा लेकिन अब दूसरे नजरिये से यह सही लगता है। उन्होने कहा इरफान चाचा जैसा उसूल व ईमानदार पत्रकार मिलना मुश्किल है। उन्होने हमेशा पत्रकारों को आगे बढ़ाने और सही मार्गदर्शन देने का कार्य किया है। शहर में सोमवार को देर शाम उन्हें अंतिम विदाई देने शहर के कई पत्रकार ईदगाह के सामने बने कब्रिस्तान पहुंचें। इस दौरान कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, पूर्व महामंत्री कुशाग्र पांडे, अखलाक अहमद और जन एक्सप्रेस के नेशनल हेड कमलेश फाइटर समेत विवेक पांडे पत्रकार, नौशाद पत्रकार, दीपक सिंह पत्रकार, मनोज यादव पत्रकार, मुशीर खान पत्रकार, रियाज खान पत्रकार, फैज पत्रकार, सारिक पत्रकार, वसीम भाई बिल्डर, आदि सैकड़ों लोगों ने उन्हें अन्तिम बिदाई दी।

### बिठूर के घाट पर महा आरती का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर बिठूर के सुप्रसिद्ध ब्रह्मावर्त घाट पर शाम के वक्त महा आरती का आयोजन किया गया। यह महा आरती पंच तीर्थ पुरोहितों के द्वारा आयोजित की गई। ब्रह्मावर्त घाट पर काशी के तर्ज पर आरती का आयोजन किया गया। आरती के उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया आरती में सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। यह महाआरती पंडित रवि दीक्षीत पंडित गौतम शुक्ला पंडित अंकुश तिवारी पंडित राजीव उपाध्यय पंडित हिमांशु मिश्रा पंडित ओम चतुर्वेदी तीर्थ पुरोहित द्वारा संपन्न कराई गई।

# आज 29 रमज़ान, ईदुल फित्र का चांद ज़रूर देखें

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चांद देखने का एहतमाम करना हमारा दीनी कर्त्व्य है, क्योंकि इस पर हमारी बहुत सारी दीनी इबादतों का आधार है। इन विचारों को पूर्व क़ाज़ी ए शहर हज़रत मौलाना मुहम्मद मतीनुल हक़ उसामा क़ासमी रह0 के उत्तराधिकारी व जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने करते हुए कहा कि रमज़ान मुबारक के बाद शव्वाल मुकर्रम यानि ईदुल फित्र का महीना आने वाला है,

इस लिये तमाम मुसलमानों से बतौर खास दरख्वास्त है कि वह आज दिनांक 29 रमज़ान मुताबिक़ 09 अप्रैल बरोज़ मंगल को शव्वाल मुकर्रम (ईदुल फित्र) का चांद देखने का एहतमाम करें और चांद से संबन्धित जुमला शहादत व जानकारी मर्कज़ी रूयते हिलाल कमेटी कानपुर के कार्यालय पीली मस्जिद तोपखाना बाज़ार मेस्टन रोड में मुहकमा ए शरियह दारूल क़ज़ा कानपुर के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी, क़ाज़ी ए शहर हाफिज़ मामूर अहमद जामई और मर्कज़ी रूयते हिलाल कमेटी के अध्यक्ष मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी के अलावा उन्हें भी दें। मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने बताया कि मग़रिब की नमाज़ के बाद चांद होने या ना होने की तस्दीक़ का बाक़ायदा ऐलान किया जाना है।

इसके अलावा दिये जा रहे मोबाइल नम्बरों 984181490, 9450120937, 839610855, 9839848686, पर जानकारी दे सकते हैं।

### कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

**प्रश्न** : घर और आफिस में कर्मचारी और नौकरानी काम करने के लिये आते हैं, क्या उनकी तरफ से भी सद्क़ा ए फित्र अदा करना ज़रूरी है ?

**उत्तर** : घर या आफिस में काम करने आने वाले कर्मचारियों की तरफ से सद्क़ा ए फित्र अदा करना आपके लिये ज़रूरी नहीं है।

**प्रश्न** : क्या ज़कात की रक़म से न्यायालय में मदरसे के मुक़दमे की पैरवी करना जायज़ है या नहीं ?

**उत्तर** : ज़कात की अदायगी के लिये उसके पात्र को उस रक़म का मालिक बनाना शर्त है, मदरसे के मुक़दमे की स्थिति में तम्लीक(मालिक बनाये जाने की स्थिति) नहीं पाई जाती, इसलिये ज़कात की रक़म से अदालत में मदरसे के मुक़दमे की पैरवी जायज़ नहीं है।

**प्रश्न** : मेरे शौहर का इंतेक़ाल हो चुका है, तीन नाबालिग़ बच्चे हैं। उन बच्चों के पास इतना माल नहीं है कि वह साहेबे निसाब बन सकें, मैं साहेबे निसाब हूं और मैं अपना सद्क़ा ए फ़ि अदा करती हूं, तो क्या बच्चों का सद्क़ा ए फित्र अदा करना मेरी ज़िम्मेदारी है?

**उत्तर** : आप पर सिर्फ अपनी तरफ से सद्क़ा फित्र अदा करना वाजिब है, अपनी औलाद की तरफ से नहीं, लेकिन अगर आप अपनी खुशी से अपने बच्चों का सद्क़ा ए फित्र अदा कर दें तो यह जायज़ है, सद्क़ा ए फित्र अदा हो जायेगा।

**प्रश्न** : क्या मस्जिद का वुज़ूखाना मस्जिद के क्षेत्र में ही आता है ? ऐतकाफ के दौरान मस्जिद के वुज़ूखाने में बैठ सकते हैं ?

**उत्तर** : वुज़ूखाना मस्जिदे शरई के हुक्म में नहीं आता है, इस लिये एहतमाम के साथ वहां जाकर बैठना, आराम करना या अन्य कोई काम करना दुरुस्त नहीं, अनावश्यक ज़्यादा देर बैठने से ऐतकाफ टूटने की संभावनाएं हैं, इसलिये वुज़ूखाने में जाकर सिर्फ वुज़ू करें और वापस अपनी जगह पर आ जाएं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मार्ग दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र में एक मार्ग दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई, और एक व्यक्ति घायल रूप से गंभीर हो गया है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि दीपक सेंगर पुत्र राजीव सिंह हाल निवासी गोवा गार्डन 4ह्लद्ब फ्लोर रूम ह्व१ 1403 थाना कल्याणपुर कानपुर नगर उम्र लगभग 31 वर्ष मूल निवासी ग्राम वीरपुर औरैया जो गोवा गार्डन से मोटर साइकिल से अपने मामा के लड़के रंजीत के साथ कल्यानपुर की तरफ आ रहा था जिसको एन एस आई मेन गेट के सामने पिलर नंबर 28 के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिससे दीपक सेंगर उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि चालक रंजीत घायल हो गया मृतक के शव को वास्ते पोस्टमार्टम हैलट मोर्चरी भेजा गया है।

### घंटाघर चौराहे पर पुलिस ने कार से 50 लाख किया बरामद



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शहर की हरबंश मोहाल पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक कर से 50 लख रुपए बरामद किए हैं। इस मामले में कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 8 अप्रैल 2024 को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत घंटाघर चौराहे पर हरवंस मोहाल पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी । इस दौरान एक कार को रोका गया जिसमें 50 लख रुपए नगद बरामद हुए। वाहन चालक गोविंद सविता पुत्र सरदार सविता निवासी 16/1 सरसैया घाट थाना कोतवाली कानपुर नगर तथा नितिन पुत्र स्वर्गीय आरके तिवारी निवासी इटावा बाजार थाना फीलखाना कानपुर नगर तथा मनीष शुक्ला पुत्र स्वर्गीय महेश शुक्ला निवासी यशोदा नगर थाना नौबस्ता कानपुर नगर बैठे थे जिनके द्वारा बताया गया कि यह पैसा उपमन्यु ट्रेडिंग एवं उपमन्यु इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का पैसा है जिसको वह एचडीएफसी बैंक में जमा कराने जा रहे थे। एसपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच के लिए एफ एस टी टीम को बुलाया गया जो मौके पर मौजूद है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मानसिक रोगी अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना साढ़ क्षेत्र के लालपुर ग्राम में निवास करने वाले एक अधेड़ ने सोमवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अधेड़ घर से जानवरो के लिए चारा लेने के लिए निकला था। बंबा किनारे पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस व परिजनों को घटना की सूचना दी। इस मामले में कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि मृतक इरशाद उर्फ पाचू पुत्र स्वर्गीय मजीद निवासी ग्राम लालपुर थाना साढ़ कानपुर नगर उम्र लगभग 42 वर्ष मानसिक रूप से बीमार रहता था जिसने पेड़ के नीचे फांसी लगा ली है। परिजनों को सूचित करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच की जा रही है।

# लाइट कैमरा एक्शन बेस्ड फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन संपन्न



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में सोमवार को विश्वविद्यालय इनोवेशन फाउंडेशन एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्टार्ट अप कंपनी थिएटर वाला के सहयोग से लाइट कैमरा एक्शन बेस्ड फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे परदे पर जीवंत अभिनय करने के बहुमूल्य टिप्स विषय विशेषज्ञों द्वारा सिखाये और दिखाये गये। इन्नोवेटिव एवेन्यू इन द फील्ड ऑफ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री विषय पर हुई कार्यशाला में विद्यार्थियों के समक्ष विषय विशेषज्ञ शिखर मिश्रा ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री कितने तरीके के विषयों में रोजगार का माध्यम हो सकती है विषय पर जानकारी दी। दूसरे विषय विशेषज्ञ प्रखर मिश्रा वाइस प्रेसीडेंट नट्स थियेटर ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के माध्यम से समाज के सपनों को साकार करने के साथ-साथ अपनी आजीविका को भी सजाने और संवारने के टिप्स बताया। कार्यक्रम में नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में नये स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्टार्टअप इकोसिस्टम को उपलब्ध कराने के लिए बहुत सी योजनाएं चलायी जा रही हैं।

पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मीडिया फील्ड में कॅरियर की अपार संभावनाएं है।कार्यशाला संचालन रक्षा शुक्ला और श्रेयांशी सचान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दिवाकर अवस्थी ने किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. जीतेन्द्र डबराल, डॉ. रश्मि गौतम, डॉ. ओम शंकर गुप्ता, डॉ. विशाल शर्मा, सागर कनौजिया, प्रेम किशोर शुक्ल सहित विभाग के बीएजेएमसी और एमएजेएमसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सोमवार को अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के बैनर तले कलेक्ट्रेट परिसर के दक्षिणी गेट पर बने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वार की मरम्मत एवं एवम उसके जीर्णोद्धार के लिए लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधकारियों ने ज्ञापन जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्म उत्सव से पूर्व सभी कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शर्मा का कहना था कि 14 अप्रैल को हम अधिवक्ता समाज के पूर्वज संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जन्म महोत्सव है जिसे हम अधिवक्ता कलेक्ट्रेट परिसर के दक्षिणी गेट डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वार पर बड़े धूमधाम से मनाते हैं लेकिन अंबेडकर जी का द्वार जो की काफी क्षत्रिग्रस्त हो गया है और नाम पट्टिका तक टूटी-फूटी है जो काफी प्रयासों के बाद भी ठीक नहीं हो पाया है चुनावी आचार संहिता के लगे होने के कारण हमारा आपसे आग्रह है कि आप हमारी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कचहरी के कलेक्ट्रेट परिसर के दक्षिणी गेट डॉ भीमराव अंबेडकर द्वार को बाबा साहब के जन्मदिवस से पहले जीर्णोद्धार करा हम अधिवक्ताओं को अनुग्रहित करने की कृपा करें जिससे सभी अधिवक्ता गण बाबा साहब का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मना सकें।

# कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी के अध्यक्ष डॉ.वी.के. कनौजिया को सौंपी गई मशाल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रौद्योगिक विद्यालय के निदेशक प्रसाद डॉ.आर.के.यादव ने कृषि विज्ञान केंद्र के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी के अध्यक्ष डॉ.वी.के.कनौजिया को मशाल सौंपी। इस अवसर पर डॉ.कनौजिया ने सभी को बधाईयां देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की महत्ता एवं प्रसार कार्यों के विषय में बताया।

उन्होंने कहा कि 1974 में प्रथम कृषि विज्ञान केंद्र पुदुचेरी में स्थापना के बाद देश के विभिन्न जनपदों में खुले केवीके द्वारा कृषि, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और औद्यानिक उत्पादनों में निः संदेह बढ़ोत्तरी हुई है।

जिसमें के वी के की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्य क्रम में 50 से अधिक किसानों एवं नवयुवकों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ.अरविंद कुमार, डॉ.सी.के.राय, डॉ. चंद्रकला यादव सहित अन्य वैज्ञानिक एवं क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

### बंधक बना मिला अगवा किया हुआ युवक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** बीते दिन सोमवार को थाना घाटमपुर पुलिस को एक युवक का अपहरण हो जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसका नाम अमित कुशवाहा है। अमित अभी कुछ दिन पहले ही गुजरात से पैसे कमाकर लौटा था उसे अगवा कर लिया गया है। सूचना मिलते ही थाना घाटमपुर पुलिस ने फौरन दो टीमों का गठन किया और अमित की खोजबीन चालू कर दिया। इसी दौरान परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि गायब व्यक्ति घायल अवस्था मे एक जगह बंधा हुआ पड़ा मिला है जो कि थाना साढ़ क्षेत्र अन्तर्गत आता है। जिसके बाद थाना साढ़ पुलिस द्वारा अमित को इलाज के लिए फौरन सी.एच.सी भेजा गया। वहीं घाटमपुर एसीपी का कहना है कि जिस जगह अमित घायल अवस्था मे मिला है उस जगह के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है। साथ ही प्रकरण के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित करी गईं हैं। घायल व्यक्ति के परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही घटना का सफल खुलासा किया जाएगा।

### अनवरगंज पुलिस ने गांजे संग शातिर को दबोचा



**जन एक्सप्रेस । मुशीर खान**

**कानपुर नगर।** थाना अनवरगंज पुलिस तथा स्वाट टीम को उस समय एक बडी सफलता हाथ लगी जब एक अभियुक्त को 5 किलों से अधिक मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गयी।

थाना अनवरगंज पुलिस तथा स्वाट टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता उस समय मिली जब एक शातिर को भारी मात्रा में गांजे के साथ दबोचा गया। पकडा गया अभियुक्त बच्चन लाल पुत्र स्व0 रामस्वरूप निवासी बिलग्राम थाना, जनपद हरदोई का निवासी है और उसके पास से 5 किलों 690 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है। वहीं अभियुक्त को पकडने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज ओझा, प्रवीण त्रिपाठी, मनीष कुमार स्वाट टीम, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, चयन कुमार, रोहित कुमार, अवतार सिंह, अंकित, पुनीत तथा आरक्षी चालक इरशाद अहमद शामिल रहे।

# राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख शिल्पकार थे श्रीश चंद्र दीक्षित : ओपी मिश्रा (बच्चा दादा)

## श्रीश चंद्र दीक्षित ने राम मंदिर आंदोलन का सारथी बन देश की राजनीति को दिया था नया मोड़: सिद्धार्थ त्रिवेदी

**✻ देश को राम मंदिर निर्माण की सौगात देने वाले योद्धा को भुला बैठा जनमानस: सिद्धार्थ**

**जन एक्सप्रेस। लालगंज, रायबरेली**



रविवार को लालगंज कस्बे स्थित एक होटल में राम मंदिर आंदोलन के अगुआ रहे उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व बनारस से भाजपा सांसद रहे श्रीश चंद्र दीक्षित की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक व राजनैतिक योगदान की चर्चा की गई। श्रीश चंद्र दीक्षित के साथ आखिरी दो दशकों में उनके बेहद करीबी रहे एन यू जे उत्तर प्रदेश रायबरेली के अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा( बच्चा दादा ) ने बताया कि पुलिस महानिदेशक व राजनीति से रिटायरमेंट होने के बाद उन्होंने रायबरेली के प्रभु टाउन में ही अपना ठिकाना बना लिया था।

आज भाजपा की राजनीति के पुरोधा बन बैठे शीर्षस्थ नेता और भाजपा उस शख्सियत को भुला बैठे हैं जो भाजपा की राजनीति को संजीवनी देने व सत्ता तक पहुंचने का रास्ता देने वाले राम मंदिर आंदोलन का प्रमुख शिल्पकार था।

यूपी के रिटायर्ड डीजीपी श्रीश चंद्र दीक्षित ने राम मंदिर आंदोलन में कारसेवकों के लिए नायक की भूमिका अदा की थी। श्री दीक्षित तेज तर्रार आइपीएस अधिकारी थे वह बेहद ईमानदार, अनुशासन प्रियता, स्वाभिमानी स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। श्री दीक्षित इंदिरा गांधी के सिक्योरिटी इंचार्ज भी थे।

युवा विकास समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा कि रायबरेली के सरेनी ब्लाक के सतवा खेड़ा गांव में 30 दिसम्बर 1926 को जन्मे श्रीश चंद्र दीक्षित 1982 से लेकर 1984 तक वे उत्तर प्रदेश के डीजीपी रहे। रिटायर होने के बाद विश्व हिंदू परिषद से जुड़ गए और केंद्रीय उपाध्यक्ष बन गए। इंदिरा गांधी ने उनको राज्यपाल बनाने की पेशकश की थी, मगर उन्होंने इसे ठुकरा दिया और विहिप ज्वाइन कर लोगों को विहिप से जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया था।श्रीश चंद्र दीक्षित ने राम मंदिर आंदोलन की अगुवाई कर आंदोलन के सारथी बनकर देश की राजनीति की दिशा ही मोड़ दी थी, जिससे भाजपा को दिल्ली की केंद्रीय सत्ता तक पहुंचने का रास्ता मिला।

प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल बिहारी बाजपेई ने उन्हें एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए बुलाया था और वो गए भी थे पर मिलने से पहले चेकिंग करवाने से उन्होंने मना कर दिया और वापस लौट आए।

पुलिस प्रशासन से नजरें बचाकर कारसेवकों को अयोध्या पहुंचाना हो या फिर कानून को धता बताकर कारसेवा करवाना। इन कामों में श्रीश चंद्र दीक्षित का ही तेज दिमाग चलता था।

1990 में कारसेवा के लिए साधु-संत अयोध्या कूच कर रहे थे। प्रशासन ने अयोध्या में कर्फ्यू लगा रखा था। पुलिस ने विवादित स्थल के 1.5 किलोमीटर के दायरे में बैरिकेडिंग कर रखी थी। 30 अक्टबूर, 1990 को कारसेवकों की भीड़ बेकाबू हो गई। इसके बाद पुलिस ने कारसेवकों पर गोली चला दी तो कारसेवकों के ढाल बनकर श्रीश चंद्र दीक्षित सामने आए थे। पूर्व डीजीपी को सामने देख पुलिस वालों ने गोली चलाना बंद कर दिया। इस तरह से उन्होंने कारसेवकों की जान बचाने में अहम भूमिका अदा की थी। इसी के एक साल बाद 1991 के लोकसभा चुनाव में श्रीश चंद्र दीक्षित काशी से सांसद बने थे।

# ग्यारह हजार की लाइन की चपेट में आये दो मासूम बच्चों की हुई मौत

## 24 घंटे में दो मौतों से परिवार जनों पर टूटा दुख का पहाड़

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

**✻ छत के ऊपर से निकल रही थी हाईटेंशन लाइन, छत पर खेलते समय हादसा, केजीएमयू में चल रहा था इलाज**



गौरीगंज वार्ड नंबर 25 में एक ही परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। लोहे की रेलिंग में उतरे करंट की चपेट में आने से दो चचेरे नाबालिक भाई गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों का इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा था। शनिवार को एक बच्चे की मौत हो गई।और रविवार को देर रात दूसरे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। बताते चलें कि जिला मुख्यालय गौरीगंज स्टेशन तिराहा वार्ड नंबर पच्चीस निवासी ज्ञान प्रकाश गुप्ता का पुत्र आरव सात वर्ष और पवन कुमार गुप्ता का पुत्र आदित्य गुप्ता दस वर्ष चौबीस मार्च को छत पर खेलते समय अचानक छत पर लगी रेलिंग में उतरे करंट में झुलस गए थे। दोनों बच्चों का उपचार लखनऊ मेडिकल कॉलेज स्थित वर्न यूनिट में चल रहा था।तेरह दिनों तक बच्चों के स्वस्थ होने के लिए परिवार भगवान से प्रार्थना करता रहा। लेकिन तेरह दिन बाद शनिवार को मासूम आरव की मौत हो गई। परिजन आरव का अंतिम संस्कार कर अभी गम भूल नहीं पाए थे, कि रविवार को आदित्य भी आईसीयू में जिंदगी की जंग हार गया। आदित्य की मौत की सूचना सार्वजनिक हुई तो घर पर लोगों की भीड़ लग गई।

परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। आसपास,कस्बे और बाजार में बहुत गमगीन माहौल है।दोनों भाइयों की मौत की सूचना पर लोग सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। परिवार की करुण वेदना सुन सब की आंखें नम हो गई हैं। पड़ोसी राकेश तिवारी बताते हैं कि आरव एवम आदित्य परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों के बहुत दुलारे प्यारे थे।उन्होंने कहा कि इस अनहोनी से परिवार को ही नहीं बल्कि आसपास के लोग भी दुख में डूब गए। दुख की इस घड़ी में आस पास के लोग तथा जनप्रतिनिधि आदि परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

# अमेठी में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर बोला हमला

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी सीट पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।अमेठी सांसद एवं बीजेपी प्रत्याशी स्मृति ईरानी लगातार लोकसभा क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं।केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सलोन विधानसभा पहुंचीं।जहां पर स्मृति ईरानी ने कार्यक्रम के दौरान गांधी परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वायनाड का चुनाव जीतने के लिए राहुल ने आतंकी संगठन पीएफआई से समर्थन लिया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई की चार्जशीट को देखने पर पता चलता है,कि यह वही संगठन है,जिसने हर जिले में कितने हिंदुओं को मारना है, इसकी लिस्ट बना रखी।स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल गांधी खुद को वायनाड के लिए ईमानदार बताते हैं। कांग्रेस के कई नेताओं ने जगजाहिर किया है कि पार्टी में भीतरी कलह है।राहुल अमेठी से लड़ने आएंगे तो फिर हारेंगे। स्मृति ईरानी ने सवाल उठाया की 15 सालों में कांग्रेस सांसद ने अमेठी के लिए क्या किया ?उन्होंने सवाल पूछा है कि राहुल गांधी ने ऐसे आतंकी संगठन का सहयोग क्यों लिया?अमेठी संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाली रायबरेली जिले की सलोन विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कार्यकर्ताओं की बैठक करने पहुंचीं स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है,कि गांधी परिवार यहां से चुनाव लड़ेगा।अगर राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगे तो जनता को क्या जवाब देंगे? उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब लोगों को मुफ्त राशन और किसानों को सम्मान निधि दे रही है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा रामनवमी पर्व

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में लवकुश नगर स्थित सिद्ध पीठ श्री राम लक्ष्मण कुंज मंदिर में इस बार रामनवमी धूमधाम से मनाया जाएगा मंदिर के महंत लक्ष्मण दास बताते हैं कि हमारे आराध्य श्री रामचंद्र जी को उनका स्थाई भवन मिला है सैकड़ो वर्षो से धूप छांव गर्मी को सहते हुए प्रभु श्री राम टेंट में बिताया है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सत्ता में रहते हैं हमारे आराध्य को उनका स्थाई आवास प्राप्त हुआ सनातन धर्म का उदय हो चुका है। सिद्ध पीठ श्री राम लक्ष्मण कुंज के महंत लक्ष्मण दास कहते हैं की सैकड़ो वर्षो से हमारे सनातनियों के तपस्या त्याग का परिणाम है 22 जनवरी 2024 को रामलाल का प्राण प्रतिष्ठा हुआ सनातन धर्म का उदय हुआ इस बार रामनवमी के उपलक्ष पर कीर्तन भजन कथा भागवत निरंतर 9 दिन तक चलेगा।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला अधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ. आराधना राज द्वारा विकास खंड तिलोई के सत्य साई इंटर कॉलेज शंकरगंज में मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमे मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि सिंह, द्वितीय माही मिश्रा, तृतीय स्थान सोनम सिंह ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम आदित्य साहू, द्वितीयदीपांशी तृतीय फिजा ने प्राप्त किया। और रंगोली में प्रथम स्थान चांदनी के ग्रुप ने व द्वितीय स्थान प्रज्ञा पांडेय के ग्रुप ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को कॉलेज प्रबंधक अजय कुमार सिंह व जिला संयोजक एनवाईके राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।वही मोहनगंज के जागेश्वर मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी युवाओं को पम्पलेट देकर बीस मई को अमेठी लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान के लिए घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अपने अपने गाँव मे सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष रॉबिन सिंह, शिवम तिवारी, एनवाईवी आशीष सिंह, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रद्धा सिंह, प्रधानाचार्य अमर कुमार श्रीवास्तव सहित अध्यापक व काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## हीट वेव से बचाव के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियो के लिए बचत भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की हीट वेब से बचाव के लिए सभी प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कर लिए जाए। सभी सीएससी और पीएससी में डॉक्टर समय से उपलब्ध रहें। जिससे की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। नगर पालिका को निर्देश दिए की साफ सफाई कर जगह-जगह प्याऊ लगाए जाएं। जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के माध्यम से बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए साथ ही उसके बचाव के संबंध में भी जानकारी दी जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

# रामलला की मूर्ति पर सूर्य तिलक की तैयारी में जुटे वैज्ञानिक

**✻ राम मंदिर में भगवान राम के मस्तक पर सूर्य तिलक की चल रही तैयारी**

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



रामनगरी में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब रामनवमी भी होगी खास, रामलला की मूर्ति पर सूर्य तिलक की तैयारी में जुटे वैज्ञानिक रामनवमी के मौके पर राम मंदिर में भगवान राम के मस्तक पर सूर्य तिलक की तैयारी चल रही है। रुड़की के वैज्ञानिक दिन रात इस काम में लगे हैं।अयोध्या में इस बार रामनवमी खास होने जा रही है। राम मंदिर बनने के बाद इस पहली रामनवमी में रामलला का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है। रामनवमी के मौके पर राम मंदिर में भगवान राम के मस्तक पर सूर्य तिलक की तैयारी चल रही है। रुड़की के वैज्ञानिक दिन रात इस काम में लगे हैं। लंबे इंतजार के बाद भगवान राम गर्भगृह में विराजमान हैं। राम मंदिर का गर्भगृह ऐसे बनाया गया है कि रामनवमी के दिन रामलला के मस्तिष्क पर सूर्य की किरणें पड़े। राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर बनकर तैयार हो चुका है, फर्स्ट फ्लोर बन रहा है और शिखर का काम अभी बाकी है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का कहना है कि जब मंदिर पूरा हो जाएगा, शिखर बन जाएगा, तब शिखर पर एक डिवाइस लगाकर हर रामनवमी पर भगवान राम का सूर्य तिलक होगा, लेकिन इसके लिए भक्तों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

### मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर रखी गई है डिवाइस

उन्होंने आगे कहा, इसलिए कोशिश की जा रही है कि इस रामनवमी पर सूर्य तिलक हो जाए। अभी शिखर बना नहीं है, मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर ये डिवाइस रखी गई है और रामनवमी पर भगवान राम की मूर्ति के मस्तिष्क पर दोपहर 12 बजे सूर्य तिलक कराने की तैयारी चल रही है। रुड़की के वैज्ञानिक इस काम में लगे हैं। ट्रस्ट का कहना है कि अभी ट्रायल चल रहा है और उम्मीद है कि रामनवमी पर भगवान राम का सूर्य तिलक हो जाएगा।

### रामनवमी के मौके पर 20 घंटे दर्शन की सुविधा

अयोध्या में राम मंदिर में रामनवमी के मौके पर 20 घंटे तक दर्शन की सुविधा मिलेगी। ये व्यवस्था 15 से 17 अप्रैल तक रहेगी। अयोध्या में 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर रामनवमी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। रामलला के सुबह, दोपहर और रात में राग भोग व श्रृंगार में लगभग 4 घंटे लगते हैं। इसके अलावा 20 घंटे दर्शन की व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं से मोबाइल फोन, जूता-चप्पल, सामान रखकर मंदिर आने की सलाह दी है। श्रद्धालुओं के राम जन्मभूमि पथ से लेकर मंदिर परिसर तक 50 स्थानों पर पीने की पानी की व्यवस्था की जाएगी। जूट का कारपेट बिछेगा। छाया के लिए जर्मन हैंगर लगाए जा रहे हैं। प्रसाद के साथ-साथ ओआरएस घोल भी श्रद्धालुओं को दिया जाएगा जिससे गर्मी में उन्हें एनर्जी मिलती रहे।

## ध्वज शिष्टाचार से शुरू हुआ पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन ध्वज शिष्टाचार के साथ शिविर की शुरुआत हुई शिविर के प्रथम सत्र में रोवर्स रेंजर्स को प्रवेश के पाठ्यक्रम की जानकारी के साथ-साथ प्रार्थना, झंडा गीत,साईन सैल्यूट मोटो एवं स्काउटिंग के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया पोस्टर प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत पर रोवर्स रेंजर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत ही आकर्षक आकृतियों को अपने पोस्ट में उकेरा पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग से डॉ अभिषेक सिंह हिंदी विभाग से डॉ संतोष पांडे ने मूल्यांकन किया एवं शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रोफेसर प्रोफेसर डा बद्री दत्त मिश्र एवं विशिष्ट प्रोफेसर डा संजय कुमार सिंह रहें। आए हुए अतिथियों का स्वागत रोवर्स प्रभारी डा अजय सिंह चौहान ने किया तथा द्वितीय सत्र में प्रशिक्षण शिविर के दौरान कुलानुशासक डा अरविन्द सिंह व डा आजेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित होकर रोवर्स रेंजर्स का उत्साहवर्धक किया।

# साहू समाज का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा द्वारा स्थानीय गणेश पैराडाइज होटल डिडौली रायबरेली में समाज का एक विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, रमाशंकर साहू एडवोकेट लखनऊ, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय अग्रवाल, साहू समाज के जिलाध्यक्ष संतोष साहू कानपुर से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डा0 वी0के0 साहू भाजपा नेता कानपुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं गायत्री मंत्र उच्चारित शंख ध्वनि के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने समाज के लोगों को जागरूक, सहयोगी एवं राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर साहू ने समाज के लोगों को विधि व्यवसाय, पत्रकारिता, साहित्य कला, विज्ञान, फिल्म के क्षेत्र में आगे आने की बात कही। डा0 वी0के साहू ने चिकित्सा के माध्यम से , समाजसेवा के क्षेत्र में भागीदारी करने पर बल दिया। प्रतापगढ़ जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी मुन्नालाल साहू समाज को संगठित एवं शिक्षित होने की बात पर प्रकाश डाला। समाज के जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति यदि किसी परेशानी संकट में हो तो वह हमें सूचित करें मैं और मेरा संगठन चौबीस घंटे उसकी सहायता, सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। मेरा जीवन साहू समाज कल्याण के लिए अब समर्पित है। शिक्षक नेता रंजीत साहू ने सभी को शिक्षित संगठित और एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। बहन गिरीश साहू ने महिलाओं को डटकर समस्याओं का सामना करने की बात कही। चेयरमैन महराजगंज श्रीमती सरला साहू ने बालिका शिक्षा व महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की बात कही। शिक्षक नेता सुशील साहू ने समाज को संगठित होने और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की बात बताई। कार्यक्रम मे मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, मथुरा से आए कलाकारों द्वारा होली नृत्य प्रस्तुत किया गया सभी को जलपान व भोजन कराया गया। कार्यक्रम में रमेश साहू, सुशील साहू, सतीश साहू, धर्मेंद्र साहू, रंजीत साहू. बी.डी. साहू, हरिशंकर साहू, रोहित साहू एडवोकेट, भाजपा नेता ओम प्रकाश साहू, सत्य प्रकाश साहू, प्रख्यात यू ट्यूबर अंकुर साहू, संजय साहू, धर्म गुरु बालकुमार साहू, इतरेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य, रवि साहू एडवोकेट, सत्यवती साहू, जय श्री साहू, वंदना साहू, कंचन साहू, अनुकृति साहू, विजय लक्ष्मी साहू भाजपा नेत्री फतेहपुर, पंकज साहू सभासद आदि हजारों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को करें जागरूक: जिला निर्वाचन अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में जनपद के जन सुविधा केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।

इस दौरान मतदाताओं को अपने मत के महत्व को समझाने के लिए व अधिक से अधिक मतदान में प्रतिभाग हेतु प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसको वहां उपस्थित सभी लोगों ने बड़े मनोयोग से देखा।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने व वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की गई।

इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा सी विजिल एप, होम वोटिंग, सुपर 100 सहित अन्य निर्वाचन संबंधी सुविधाओं के बारे में इन्हें विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 से नाम बढ़वाया जा सकते है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिंक बूथ, युवा बूथ तथा दिव्यांग बूथ बनाये जायेंगे। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में सुपर 100 बूथों का चयन किया गया है इनमें प्रत्येक विधानसभा के ऐसे 20 बूथ का चयन किया गया है जिसमे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में न्यूनतम मतदान प्रतिशत था इन बूथों पर लगातार जनपद के वरिष्ठ अधिकारी जाकर आम जनमानस से मिलकर मतदान प्रशितत कम होने का कारण जानने का प्रयास कर रहे हैं साथ ही साथ मतदाताओं को 25 मई को अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए स्वयं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी कुछ बूथों पर प्रतिभाग किया गया है। 85 वर्ष से अधिक उम्र तथा 40प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं। वे वोटर होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं। मतदाता जागरूकता संबंधी वीडियो क्लिप भी वहां उपस्थित लोगों को दिखाई गई इसका उद्देश्य मतदाताओं को मतदान में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करना था।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी सहित अन्य विशेषकों द्वारा अवगत कराया गया कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु वहां उपस्थित प्रतिनिधियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्वयं भी वोटिंग करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन अपने संबोधन के दौरान अवगत कराया गया कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनपद के मतदाताओं को मतदान में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया जाना है। आप सभी से भी अपील है कि अपने आसपास के लोगों को 25 मई को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें।

# मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों की टांग पंचर

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर**



जनपद के थाना आलापुर क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के अनावरण तथा अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना आलापुर पुलिस व थाना हंसवर पुलिस टीम, स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से रात्रि गस्त, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान हँसवर की तरफ से पांच संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए, पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को इशारा कर रुकने को कहा गया तो अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। मीडिया सेल के मुताबिक पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही में दो अभियुक्त गया प्रसाद पासी पुत्र सूर्यलाल पासी निवासी ग्राम रायपुर थाना इशानागर जनपद लखीमपुर खीरी व रामजी पासी पुत्र सुखराम पासी निवासी ग्राम ओझाव थाना इशानागर जनपद लखीमपुर खीरी के पैर में गोली लगने से घायल हो गए जिन्हे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया तथा कब्जे से 2 तमँचा 315 बोर, एक कारतूस खोखा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

मुठभेड़ के दौरान एक आरक्षी भी घायल हो गया। सभी को उपचार हेतु सीएचसी रामनगर भेजा गया। तथा अन्य तीन अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए जिन्हें पुलिस द्वारा टीम गठित कर फरार अभियुक्त रामबली पुत्र मुंशीलाल निवासी कैराती थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी, कमलेश पुत्र ललित प्रसाद थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी विक्रम पुत्र पुत्तू निवासी थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी को चोरी के माल सहित पिपरा चौराहा थाना क्षेत्र आलापुर से सुबह गिरफ्तार कर लिया गया गया जिनके कब्जे से चोरी से संबंधित माल एवं जेवरात बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है।

# आज जारी हो सकती है बसपा की चौथी सूची सातवें चरण की ओर बढ़ा बसपा का कारवां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी ने छठे और सातवें चरण की सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करनी शुरू कर दी है। पार्टी ने सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट से ख्वाजा शमसुद्दीन को, जबकि घोसी सीट से बालकृष्ण चौहान को टिकट दिया है। बालकृष्ण दो दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर बसपा में आए हैं। वह वर्ष 1999 में बसपा सांसद रह चुके हैं। उन्होंने पिछला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था। अब उनका मुकाबला सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अरविंद राजभर और सपा-कांग्रेस गठबंधन के राजीव राय से होगा। बता दें कि बसपा अब तक अधिकृत रूप से 37 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुकी है, जबकि उसके जोनल कोआर्डिनेटर लगातार अलग-अलग सीटों पर प्रत्याशियों का चयन कर रहे हैं। इनके नामों पर बसपा सुप्रीमो मायावती की मुहर लगने के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए सार्वजनिक किया जा रहा है। तमाम कवायदों के बावजूद बसपा टिकट वितरण में बाकी दलों से पीछे चल रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन में सपा ने अपने कोटे की 62 सीटों में से 48 पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वहीं कांग्रेस भी अपने कोटे की 17 सीटों में से 14 पर प्रत्याशी उतार चुकी है। एनडीए में भाजपा अपने कोटे की 75 सीटों में से 63 पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुकी है, अब उसे केवल 12 सीटों पर प्रत्याशियों का चयन करना है। वहीं राष्ट्रीय लोक दल ने अपने कोटे की दोनों सीटों पर और सुभासपा ने अपने कोटे की एक सीट पर प्रत्याशी का चयन कर लिया है। अपना दल (सोनेलाल) ने अपने कोटे की दो सीटों पर प्रत्याशी का चयन नहीं किया है। सूत्रों की मानें तो बसपा जल्द अपनी चौथी सूची जारी करने की तैयारी में है। दरअसल स्थानीय स्तर पर घोषणा होने के बावजूद पार्टी द्वारा जारी होने वाली सूची में देरी से प्रत्याशियों के साथ मतदाता भी असमंजस में हैं। प्रत्याशियों को प्रचार करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह मामला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक भी पहुंचा है, जिसके बाद चौथे और पांचवें चरण के प्रत्याशियों की सूची जल्द जारी करने की तैयारी है।

# बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा गहदो में बंद खातों का लेनदेन बिगाड़ रहा शादियों का माहौल

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

**लखनऊ।** बैंको मे इंसान अपनी गाढ़ी कमाई के रूपये इस मंशा के साथ की उसकी जरूरत पड़ने पर बैंक उनकी रकम सुरक्षित और समय पर देने की गारंटी देता है। मगर उन परिस्थितियों मे उस इंसान पर क्या गुजरती होगी जिसके खाते मे पैसे होते हुये भी समय पर उसके त्यौहार पर, शादी, बीमारियों पर पैसा न मिलता हो उस उन परिस्थितियों को देखकर क़ानून की किताबें फीकी लगती लगती है। दुहाई भले ही रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के के वाई सी के आदेशों की दी जा रही है। मगर उन जरुरत मंदो के हालातों को समझना बैंको की जिम्मेदारी बनती है। राजधानी लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्र की बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहदो मे लगभग डेढ़ माह पहले खाते बंद होने का सिलसिला चला जो आठ हजार खातों तक पहुँच गया। मतलब आठ हजार लोग जिन्होंने खाता 2017 से पहले खुलाया था वह अपने खाते पर पैसा होने के बावजूद निकाल नहीं सकते थे। इस मामले पर जब शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला से जानकारी की गई थी तो उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के आदेशों का हवाला देते हुये बताया था। ई. के. वाई. सी न होने से आठ हजार खातों के लेन देन पर रोक लगा दी गई। जिनकी ई के वाई सी होने के बाद खातों से लेनदेन शुरू हो जायेगा। इस डिजिटल भारत मे बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहंदो अपने आठ हजार खाताधारको का लेनदेन डेढ़ महीने गुजर जाने के बाद भी सुचारु रूप शुरू करने मे असमर्थ दिखी। एक तरफ़ क्षेत्र के खाताधारको को पहले होली जैसे त्यौहार पर बैंक खाता से लेन देन न होने से चेहरे मुरझाये रहे। वही दूसरी तरफ़ अब शादियों का समय आ गया जिसके कारण शादी वाले घरों के खातों से लेनदेन न होने के कारण भी बैंकिंग प्रणाली पर सवालिया निशान खडे करता है। खैर देखने वाली बात यह है आखिर कब ताक आदेशों और कानूनों की दुहाई मे क्षेत्रीय लोगों के खातों पर ताला पड़ा रहता है।



बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गहदो पर पूर्व में लग चुके हैं भ्रष्टाचार के आरोप



जमीन गिरवी रखकर बैंको मे से ऋण लेने वालों की नीलाम होती पगड़ी

किसान क्रेडिट कार्ड का ऋण लेकर बैंक शाखा के नाम जमीन बंधक के बावजूद किसानों का तिरस्कार करते बैंक द्वारा नियुक्त वसूली कर्ता

बैंक ऑफ इण्डिया की गहदो शाखा बनी वसूली का अड्डा

## फास्ट फॉरवर्ड

### किसानों की पौने तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर हुयी राख

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** निगोहां क्षेत्र के बरवलिया व अहिनवार गांवो में सोमवार को अज्ञात कारणो से आग लगने से दो किसानो के खेतो में पकी खड़ी पौने तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणो ने सूझबूझ दिखाते हुये निजी संसाधनो की मदद स आग पर काबू पाया जिसके चलते अन्य किसानो की फसले जलने से बच गयी। निगोहां के बरवलिया गांव निवासी वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया सोमवार की शाम चार बजे के करीब उनके खेतो के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारो के आपस में टकराने के बाद निकली चिंगारी खेतो में पकी खड़ी गेंहू की फसल पर गिर पड़ी ओर देखते देखते ही गेहूं की फसल धू-धू कर जलने लगी। ग्रामीणो ने सूझबूझ दिखाते हुये निजी संसाधनो की मदद से आग को बुझाकर अन्य किसानो की फसलो को जलने से बचा लिया। किसान वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया आग लगने से उसकी सवा बीघे के करीब गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी।वही दूसरी ओर निगोहां के अहिनवार गांव में अज्ञात कारणो से किसान फूलचंद्र के खेतो में पकी खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गयी ओर देखते ही देखत आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि पूरी गेंहू की फसल जलक राख हो गयी।किसान फूलचंद्र ने बताया आग लगने से उसकी डेढ बीघे गेहू की फसल जल गयीध।दोनो ही आग लगने की घटनाओ में सूचना के काफी देर बाद भी फायर ब्रिगेड नही पहुंची जिसको लेकर ग्रामीणो में आक्रोश व्याप्त हैं।एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया दोनो ही गांवो में आग लगने से किसानो की गेहूं की फसले जलने की जानकारी हुयी है,राजस्वटीम को मौके पर भेजकर हुये नुकसान का आकंलन कराकर क्षतिपूर्ति दिलाये जाने के लिये उच्चाधिकारियों को रिपोट भेजी जायेगी।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से रिटायर्ड पीडब्लूडी कर्मी की मौत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से पैदल सडक़ पार कर रहे रिटायर्ड पीडब्लूडी कर्मी की मौत हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। निगोहां के रतनापुर गांव निवासी नारेंद्र ने बताया उनके पिता स्वामीदयाल 70वर्ष जो कि पीडब्लूडी से रिटायर्ड है सोमवार की सुबह 11बजे के करीब लालपुर गांव के पास बने टावर के पास से पैदल सडक़ पार कर घर आ रहे थे तभी लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनके पिता को जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही पिता छिटककर दूर जा गिरे ओर गम्भीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना ने घ्बाद कार समेत चालक मौके से भाग निकला।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से बुजुर्ग को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी,जहां मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।मृतक बुजुर्ग के परिवार में दो बेटे नारेंद्र व नागेंद्र है।मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस कार व चालक के विरूद्व मुकदमाघ् दर्ज कर तलाश में जुट गयी हैं।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया सडक़ दुर्घटना में मृतक बुजुर्ग के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है,मृतक के बेटे की तहरीर पर कार समेत अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

### नगर निगम की 16.34 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** नगर निगम की जमीनों पर अवैध कब्जे के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के आने के बाद से कई करोड़ की नगर निगम की जमीन को अवैध कब्जे मुक्त कराया जा चुका है। नगर निगम की टीम ने ग्राम सोनाई में 62645 वर्ग फीट और औरंगाबाद में 15285 वर्ग फुट जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। इसकी बाजारू कीमत 16.34 करोड़ आंकी जा रही है। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-सोनई कंजेहरा, तहसील-मोहनलालगंज व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-52 क्षेत्रफल 0.0250 हेक्टयर ऊसर, खसरा संख्या-979क क्षेत्रफल 0.2530 हेक्टयर, खसरा संख्या-979 ख क्षेत्रफल 0.2530 हेक्टयर तालाब व खसरा संख्या-977 क्षेत्रफल 0.0510 हेक्टयर राजस्व अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज है, जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। उक्त खसरा संख्याओं पर पाये गये अवैध कब्जों को 08 अप्रैल को नगर नगम की टीम थानाध्यक्ष थाना-सुशांत गोल्फ सिटी के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पर्याप्त पुलिस बल व नगर निगम की ईटीएफ टीम के सहयोग से उक्त अवैध कब्जे को शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया। उक्त अवैध कब्जों सें 62645 वर्गफुट भूमि रिक्त कराई गई, जिसकी बाजारू कीमत 12,52,00,000 है। इसी तरह ग्राम-औरंगाबाद जागीर, तहसील-सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-1418 संख्या क्षेत्रफल 0.2020 हेक्टयर व खसरा संख्या-1422 क्षेत्रफल 0.0750 हेक्टयर राजस्व अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज है।

# जन संपर्क अभियान अवध कॉलेजिएट पारा शाखा में आयोजित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अवध कॉलेजिएट की पारा शाखा में जन संपर्क अभियान का आयोजन हुआ जिसका शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं गायत्री मंत्र से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह रहे, एवं उनके संग अविनीश, एमएलसी स्नातक ,आनंद द्विवेदी- महानगर अध्यक्ष ,ईशान शर्मा - प्रबंधक समरविले स्कूल , हिन्द नगर कॉर्पोरेटर-सौरभ सिंह मोनू ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों जिसमें छात्रों द्वारा ÷राम आएंगे÷ नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। जय श्री राम के नारो से सम्पूर्ण प्रेक्षागृह गूँज गया।इस अवसर पर कई जाने माने विद्यालओं के प्रबंधक उपस्थित रहे जिनमें - अनिल अग्रवाल क्कस्कूल अध्यक्ष के प्रेजिडेंट व गुरुद्वारा प्रबंधक निर्मल सिंह का नाम मुख्य रूप से उल्लेखित है। विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निदेशिका जतिंदर वालिया , संयुक्त निदेशिका डॉ ब्रह्मजोत कौर , इशप्रीत सिंह ने नीरज सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यो ने गढ़मान्य अथितियों को बुके दे कर उनका आभार प्रकट किया। नीरज सिंह अवध कॉलेजिएट को धन्यवाद देते हुए बोले की शिक्षक ही समाज की नीव होते हैं और वे शिक्षकों का सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने आने बाल्यकाल से अपने पिता राजनाथ सिंह को शिक्षक के रूप में देखा है और वो जानते हैं की शिक्षक कितना कठिन परिश्रम करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी सफलता के पथ पर अग्रणी होकर चल सके।

# तीसरी बार मोदी के पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज गोंडा जिले में मनकापुर पहुंचे। उन्होंने आरपी इंटर कॉलेज में गोंडा लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वॉलेंटियर्स सम्मेलन में इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए दावा किया कि विपक्षी उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी।डिप्टी सीएम श्री मौर्य ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे उस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 11वें नंबर पर थी। आज भारत विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। अबकी बार जब आप कमल का बटन दबाएंगे, यही भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी होगी। तीसरी बार मोदी के पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी है। अबकी बार जब आप कमल का बटन दबाएंगे, यही भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार के मिशन में गोंडा लोकसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान होगा। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह और मजबूती के साथ लोकसभा पहुंचेंगे। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की कर्मस्थली और भगवान घनश्याम की जन्मस्थली की गूंज पूरे देश में होनी चाहिए। एक समय लोकसभा से राजीव गांधी ने खुद बोला था कि सरकार दिल्ली से एक रुपये भेजती है तो जनता तक मात्र 15 पैसे पहुंचते हैं। आज पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जिसका एक भी पैसा कम नहीं हुआ।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, गोंडा लोकसभा प्रभारी शरद अवस्थी, सहसंयोजक भारत भूषण वर्मा, सांसद कीर्तिवर्धन सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थितरहे।

# ट्रांसफार्मर मरम्मत की होगी थर्ड पार्टी जांच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ट्रांसफार्मर मरम्मत को लेकर आए दिन होने वाली शिकायतो एवं आए दिन ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने ट्रांसफार्मर मरम्मत की थर्ड़ पार्टी जॉच का निर्णय लिया है। समीक्षा बैठक के दौरान कहा गया कि थर्ड पार्टी से गुणवत्ता सुनिश्चित होगी और बार बार ट्रांसफार्मर खराब नही होगें। चेयरमैन ने बैठक के दौरान पूरे प्रदेश में और बेहतर विद्युत व्यवस्था के आवश्कता पर बल दिया। जिन क्षेत्र में बिजली कम्पनियों का अच्छा कार्य होगा वहॉ से एक्सचेंज कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कई बिजली कम्पनियॉ जो विद्युत वितरण का काम कर रही है वहॉ पर ट्रांसफार्मर खराबी की बहुत कम संख्या है। उपभोक्ताओं को त्वरित सुविधा दिलाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर काम किया जाना चाहिए। यही नही चेयरमैन ने स्थानान्तरण को लेकर भी एक महत्वपूर्ण तथ्य रखा। उन्होंने कहाकि अब स्थानान्तरण में केवल कार्य की मेरिट देखी जाएगी।

# राज्यसभा सदस्य ने की पार्षदों के साथ बैठक योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का रखा लक्ष्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ लोकसभा कार्यालय हलवासिया कोर्ट में सोमवार को लोकसभा संचालन समिति और पार्षदगणों की बैठक हुई। राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपई, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लोक सभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने के साथ विस्तार से चर्चा कर आगामी कार्य योजना बताई। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, एमएलसी और लोकसभा संचालन समिति संयोजक मुकेश शर्मा व महापौर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रही। राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक संगठनों और समितियों के साथ अलग-अलग बैठक करें और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। पार्षदों की भी जिम्मेदारी है कि वह केंद्र एवं राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचने का काम करेगे। पार्षदगण अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ वार्ड में कार्य करें और अपने नगर निगम चुनाव से ज्यादा लोकसभा चुनाव में मतदान कराए और भारी मतों से लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को विजई बनाने का कार्य करें।लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्षदगण की अहम भूमिका रहेगी हर वार्ड में बूथों पर जोर दिया गया है हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने की चिंता करना है। कार्यकर्ताओ के साथ पत्रको का वितरण के साथ स्टीकर लगाकर हर घर झंडा लगाए , नवरात्रि में महिला मोर्चा कार्यकर्ता मंदिरों, जागरण और कीर्तनों में जाकर महिलाओं से संपर्क करें और भाजपामय माहौल बनाए।भाजपा वरिष्ट नेता नीरज सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को बड़ी संख्या में लाभ पहुंचा है इसका लेखा जोखा जनता तक पहुंचना है। लखनऊ संसदीय क्षेत्र में भी देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह ने अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं उनको भी जनता तक पहुंचना है। आगामी 14 अप्रैल को सीएमएस गोमती विस्तार में बृहद स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की। लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा ने संचालन समिति सदस्यों को सौपे गए कार्यों के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। पार्षद बैठक में सुझाव दिया की प्रत्येक पार्षद अपने वार्ड में दो कार्यकर्ता नियुक्त कर लें उनसे लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्य की समीक्षा करें।

# नगर निगम में होली मिलन समारोह में शामिल हुए डॉ. दिनेश शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह नगर निगम लखनऊ स्थित त्रिलोक नाथ हाल में बड़े धूमधाम से मनायीं गई। शशि कुमार मिश्र अध्यक्ष नगर निगम एवं जल कल कर्मचारी संघ ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में डा.दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्य सभा सदस्य ने सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह की परम्परा अनवरत चलती रहनी चाहिए।

# जिस घर से दिया बाती ले गए, उसी में उजाला करना भूल गए समाजवादी पुत्र और पौत्र को नहीं मिला मौका

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पंडित जवाहरलाल नेहरू व डॉ. राम मनोहर लोहिया के करीबी रहे रामसेवक यादव का राजनीति में बड़ा कद था । कांग्रेस की आंधी में भी उन्होंने समाजवाद की मशाल जलाये रखी। नेहरूजी बीच सदन उन्हें अपना नेता कहते थे।रामसेवक यादव का जन्म दो जुलाई 1926 को हैदरगढ़ इलाके के ताला रुक्नुद्दीनपुर में हुआ था। 1952 में जब कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया ने सोशलिस्ट पार्टी बनाई तो बाराबंकी से रामसेवक यादव को प्रत्याशी बनाया गया। वह चुनाव हार गए लेकिन 1955 के विधानसभा उपचुनाव में रामसेवक पहली बार रामनगर के विधायक बने।1957 में रामसेवक यादव निर्दलीय सांसद बने। 1962 और 1967 में सोशलिस्ट पार्टी से सांसद चुने गए। 1974 में वह रुदौली और पत्नी पार्वती देवी बाराबंकी से विधायक बनीं। समाजवादी विचारधारा को उन्होंने इतना मजबूत किया कि मुलायम सिंह यादव उन्हें अपना गुरु मानते थे। 1954 में सोशलिस्टों द्वारा जमींदारी उन्मूलन के लिए विधानसभा घेराव किया।

# टर्निंग 18' अभियान: युवाओं और फर्स्ट टाइम वोटर्स को किया जा रहा है प्रेरित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- युवाओं और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग
- चुनाव प्रक्रियाओं पर फर्जी खबरों पर अंकुश के लिए विशेष अभियान: नवदीप रिणवा

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है। इसके तहत, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे अनूठे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है जो 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के अनुरूप है। निर्वाचन आयोग की फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब सहित प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उपस्थिति है। आयोग ने व्हाट्सएप चैनल और लिंक्डइन पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। आयोग का उद्देश्य रचनात्मक रणनीतियों और सोशल मीडिया के माध्यम से देश भर में नागरिकों के साथ जुड़ना, उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार में योगदान करने के लिए सशक्त बनाना है। नवदीप रिणवा ने बताया कि 18वीं लोकसभा के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया के बीच आयोग ने 'टर्निंग 18'अभियान की शुरुआत की है, जो विशेष रूप से युवाओं और पहली बार वोट करने जा रहे मतदाताओं को लक्षित करता है। इसका उद्देश्य लोकसभा चुनाव के साथ आगामी चुनावों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है, जिससे कि पिछले चुनावों में शहरी और युवा मतदाताओं में देखी गई उदासीनता को दूर किया जा सके। 'टर्निंग 18' अभियान के तहत युवाओं को विभिन्न विषयों और रणनीतियों के माध्यम से चुनावों में हिस्सा लेने के लिए आकर्षित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, अभियान के माध्यम से पिछले आम चुनावों और हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों की तुलना को 'तब बनाम अब' के रूप में चित्रित किया जा रहा है। इस अभियान में 18 साल की उम्र होते ही तुरंत मतदान के महत्व पर जोर देकर, युवा मतदाताओं के बीच नागरिक जिम्मेदारी की भावना को प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 18-30 आयु समूह में महिला मतदाताओं की बढ़ती हुई भागीदारी को हाइलाइट करते हुए, भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समावेशीता को दर्शाया गया है। 'टर्निंग 18' अभियान के तहत राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक, डीडी न्यूज और आकाशवाणी द्वारा व्यापक विस्तार की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही आयोग ने समाज के विभिन्न वर्गों और लक्षित समूहों तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय और राज्य 'स्वीप' आइकन के साथ सहयोग किया है। 'टर्निंग 18' अभियान के आधार पर, 'यू आर द वन' अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को पहचानना है। मतदाताओं और राजनीतिक दलों से लेकर बूथ लेवल ऑफिसर , ग्राउंड स्टाफ, पोलिंग पार्टियां, प्रशासनिक कर्मी, मीडिया प्रोफेशनल्स, केंद्रीय बल और सुरक्षा कर्मी, प्रत्येक हितधारक चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और दक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अभियान आकर्षक कहानी और मनोरम दृश्यों के माध्यम से इन व्यक्तियों के समर्पण और प्रतिबद्धता को उजागर करता है। इसमें प्रमुख हितधारकों, दिलचस्प वाकयों और अतीत के चुनावों की कहानियों और वीडियो रीलों के माध्यम से पर्दे के पीछे काम करने वाली मतदान टीमों के अथक प्रयासों को उजागर किया गया है, जो चुनौतीपूर्ण इलाकों को चिह्नित करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक मतदाता तक पहुंचा जा सके। उन्होंने बताया कि अद्वितीय और दिलचस्प चुनावी कहानियों, वर्ग पहेली, चुनाव शब्दकोश के साथ भी मतदाताओं को आकर्षित किया जा रहा है। अभियान की कई अन्य दिलचस्प विशेषताएं हैं जैसे 'चुनावी किस्से', पिछले चुनावों से दिलचस्प चुनावी कहानियों को साझा करना, भारतीय चुनाव श्रृंखला की संपूर्ण चुनाव संबंधी नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में सूचित करता है। चुनावी प्रक्रिया से संबंधित सबसे प्रासंगिक सवालों के जवाब देने के लिए 'सवाल जवाब' सीरीज, पोल और पिक्सल सीरीज के माध्यम से, भारतीय चुनावों की एक दृश्य यात्रा साझा की गई है। इसके अतिरिक्त 'पोस्ट से पहले पुष्टि' पहल भी शुरू की गई है, जिसमें ऑनलाइन फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं का खंडन किया जाता है। लोगों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करने से पहले सावधानी और तथ्यों को परखने का आग्रह किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सामग्री को किसी अन्य को फारवर्ड करने से पहले उसकी सटीकता और प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाना है, जिससे झूठी सूचना के प्रसार को कम किया जा सके और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा की जा सके।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# क्यों बार-बार अदालतों से फटकार खाती है ममता सरकार

**संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले।**

*देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढ़ियां चढ़ी अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटीनेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडन् की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आस-पास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे। हालांकि, सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया।*

### एक्सप्रेस आलेख

**महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल में एनडीए को 2019 जैसी सफलता मिलने के आसार कम नजर आते है। इन सबके बावजूद 2014 के चुनाव के बाद देश में मोदी मैजिक चल रहा है। सफलता दर सफलता हासिल करने वाली भाजपा ने अपनी सांगठनिक क्षमता से जनता तक गहरी पकड़ बनाई है। देश में बरसों से अटके विषयों का निराकरण किया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण मोदी सरकार की महत्वपूर्ण सफलता है। जिसने बहुसंख्यक समाज की भाजपा से नजदीकियों को बढ़ाया है। काश्मीर में धारा 370 हटाकर मोदी सरकार ने देश की जनता के सामने निर्णय लेने वाली, मजबूत इच्छा शक्ति की सरकार होने का दावा पुख्ता किया।**

# इंडिया शाइनिंग से कितना अलग अबकी बार 400 पार का नारा



नरेंद्र तिवारी पत्रकार

**मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना ने करोड़ों नागरिकों के घरों का सपना पूरा किया है। गरीबों को मुफ्त अनाज देने की सरकारी योजना भी एक बहुत बड़े वर्ग को प्रभावित कर रही है। इंडिया शाइनिंग की तरह अबकी बार 400 पार का नारा भी बैनरों, पोस्टरों और विज्ञापनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।**

भारत में आमचुनाव 2024 की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों में टिकिट चयन की प्रक्रिया चल रही है। गठबंधनों में सीटों के बटवारे पर मंथन जारी है। इन सबके बीच नेताओं के इस दल से उस दल में जाने की खबरों से वातावरण में गर्मी व्याप्त है। लोकसभा चुनाव की घोषणा मार्च महीने की 16 तारीख को हुई। चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक दलों एवं नेताओं की सक्रियता भी बढ़ गई। चुनावी घोषणा के बाद होली के रंगों में सियासी रंगो की वर्षा होने लगी। रमजान माह पर भी इफ्तारी की सियासत का असर दिखाई देने लगा। मध्यप्रदेश के जनजातीय अंचल में सांस्कृतिक पर्व भगोरिया होलिका दहन के पूर्व एक सप्ताह तक जारी रहा भगोरिया हाट बाजारों में भी राजनीति का प्रभाव देखा गया। देश के उत्सव, तीज, त्यौहारों पर चुनावी रंग चढ़ रहा है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव हर पांच साल में आमचुनाव के रूप में आता है। सभी पर्वों, त्यौहारों, उत्सवों पर लोकतंत्र के इस महापर्व का प्रभाव पड़ता है। इस लोकतांत्रिक चुनावी उत्सव में नारों एवं श्लोगनो का अपना महत्व और असर रहता है। भारत में वर्ष 1951-52 के प्रथम लोकसभा चुनाव से वर्ष 2019 के सत्रहवें लोकसभा चुनाव तक हरेक निर्वाचन में सियासी दलों या नेताओं द्वारा दिए गए नारों का असर हुआ है। आममतदाताओं के लिए यह चुनावी नारे जैसे सूत्र वाक्य बन गए। यह नारे आमजन की जुबान से होते हुए जहन में उतरे इन नारों ने आमजन के मानस को तैयार किया। नारों का अपना असर है, रंग है, इन नारों ने अनेकों बार देश की सरकार को बनाया, बनी हुई सरकारों को उखाड़ फैंका। नारे देश की जनता को उद्वेलित ही नहीं करतें इन नारों में सरकार बनाने बिगाड़ने की ताकत होती है। भारत में 18 वीं लोकसभा के गठन की तैयारियों चल रही है। सत्ताधारी भाजपा संगठन के द्वारा अबकी बार 400 पार का नारा वातावरण में गूंज रहा है। इस नारे ने विपक्ष की नींद भी उड़ा दी है, और कुछ हद तक उसे संगठित करने की भूमिका भी निभाई है। यह नारा 2014 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार मोदी सरकार, हर हर मोदी घर घर मोदी और अच्छे दिन आने वाले है। जैसे सफलतम और चुनाव जिताऊ नारों की जोड़ का नारा बताया जा रहा है, तो कुछ इसे इंडिया शाइनिंग की तरह देख रहे है। जो बदलते विकसित भारत की तस्वीर बतलाता प्रतीत होता है, किंतु जनता की अदालत में इस नारे को सफलता नहीं मिल पाई थी। इस लिहाज से यह विचारणीय है, की इंडिया शाइनिंग से कितना अलग है, अबकी बार 400 पार का यह लोकलुभावन नारा। क्या जनता इस नारे से प्रभावित होगी या महंगाई, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याएं अबकी बार 400 पार के नारे पर भारी पढ़ जाएंगी। भारत के भूतकालिक राजनैतिक परिदृश्य में नारों के असर पर नजर दौड़ाई तो पाया की वर्ष 1971 में कांग्रेस का गरीबी हटाओ अभियान एक नारे के रूप में देश की जनता को गहरे प्रभावित कर गया, गरीबी हटाओ नारे का व्यापक असर हुआ। कांग्रेस इस चुनाव में सफल रही। वक्त गुजरा 12 जून 1975 में इलाहबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को गलत तौर तरीके अपनाने का दोषी माना। उनका चुनाव रद्द करते हुए 6 वर्ष के लिए अयोग्य ठहरा दिया। आपात काल के बाद अनेकों विपक्षी दल जनता मोर्चा के बैनर तले एक हुए, नारा दिया 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ' देश की जनता में इस नारे की अनुगुंज सुनाई देने लगी, 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ' के नारे ने जनता को गहरा संदेश दिया। विपक्षी एकता की जीत हुई। भारत देश में हर एक दौर में राजनैतिक नारों का अपना असर रहा है। नारों से देश की जनता आंदोलित भी हुई और अंदर तक प्रभावित भी। वर्ष 1965 में पाकिस्तान से युद्ध में उलझे देश में अनाज का संकट पैदा हो गया था। देश अनाज की कमी से जूझ रहा था। लालबहादुर शास्त्री ने नारा दिया 'जय जवान, जय किसान' इस नारे ने संकट के समय देश के आत्मसम्मान को बढ़ाया नागरिकों को आंदोलित किया। जय जवान जय किसान के नारे ने कांग्रेस की विजय को सुनिश्चित कर दिया। वर्ष 2014 में मनमोहनसिंह की सरकार के विरुद्ध भाजपा का मुखर अंदाज और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा देश के आकर्षण का केंद्र बन गया। भाजपा ने नारा दिया अबकी बार, मोदी सरकार, इन नारों के साथ 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी' का नारा भाजपा कार्यकर्ताओं का सूत्र वाक्य बन गया। इस नारे ने देश को नरेंद्र दामोदरदास मोदी के रूप ने नया नेतृत्व दिया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ही भाजपा ने चुनाव लडा इस बार भाजपा के नारे में आंशिक परिवर्तन हुआ वह था, 'अबकी बार,फिर मोदी सरकार'। भाजपा को इस नारे से भरपूर सफलता मिली। पूर्ण बहुमत से भाजपा के नेतृत्व में देश में सरकार गठित हुई। वर्ष 2024 के आमचुनाव में भाजपा का नारा 'अबकी बार, 400 पार' का शोर सुनाई दे रहा है। यह नारा कितना सफल होगा इसका पता मतगणना की तारीख 4 जून 2024 को चल पाएगा। किंतु इससे पूर्व इस नारे ने कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन को बैचेन कर रखा है। अबकी बार 400 पार के नारे ने भले ही इंडिया गठबंधन को बैचेन कर रखा हो, बावजूद इसके 'अबकी बार, 400 पार' का भाजपा का अतिमहत्वाकांक्षी नारा प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेई की सरकार द्वारा साल 2004 के लोकसभा चुनाव में 'इंडिया शाइनिंग' के विज्ञापन जिसने नारे का रूप धारण कर लिया था। जिसके प्रचार के लिए तत्कालीन सरकार ने करोड़ों रुपया खर्च किया। देश की जनता को खुशनुमा एहसास कराने वाला इंडिया शाइनिंग का नारा चुनावी सफलता दिलाने में विफल रहा था। अब जबकि 2024 के चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा भाजपा के राजनीतिक मंचो से बुलंद हो रहा है, कितना सफल हो पाएगा? यह वक्त के गर्त में छुपा है। इसके पूर्ण रूपेण सफल होने में संशय भी व्यक्त किया जा रहा है।



**रोजगार के अभाव में देश के युवा मतदाताओं में सरकार के प्रति आक्रोश दिखाई दे रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं पर मंहगाई का साफ असर देखा जा रहा है। इन समस्याओं से ग्रसित देश का बहुत बड़ा गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग मोदी सरकार के अबकी बार 400 पार के नारे पर किस प्रकार विश्वास व्यक्त करता है।**

### एक्सप्रेस कविता

*तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है लोग,*
*इस क़दर भी बेमेल जोड़ी बना लेते है लोग।*
*इतनी धूप इतनी रोशनी है ज़माने में यहाँ,*
*फिर भी अपना नकली चेहरा छुपा लेते है लोग।*
*खुशी से मिलने की आरज़ू नहीं है जब दिल मे,*
*फिर भी फरेब के हाथ से हाथ मिला लेते है लोग।*
*पथरीली राहों मे फकीर चला था इसी विश्वास से,*
*पथरीली राहों में भी राह बना लेते हैं लोग।*
*दिलो में कोयले सी कालिख है जिन जनाबों के,*
*चेहरे पर फरेब की सफेदी लगा लेते है लोग।*
*आज तेरे शहर में भयानक उजाला है सूरज का,*
*ऐसे में अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है लोग।*
*अब उन्हें पहचानना मुश्किल है जो,*
*चेहरों पर नया चेहरा लगा लेते हैं लोग।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*सफल मनुष्य वही है जो सभी के हितों का ध्यान रखता है स्वार्थी व्यक्ति सिर्फ स्वंय के हितों का ध्यान रखते हैं।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 20:31 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 07:32 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | वैधृति , 14:18 |
| सूर्योदयः | 06:03 |
| सूर्यास्तः | 18:42 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 15:32-17:07 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

**मच गई है रार !**

*हो रहा इस्तीफा ।*
*मच गई है रार ।।*
*लगता मनमुताबिक ।*
*ना मिला उपहार ।।*
*शुरू हो गया सिलसिला ।*
*ना अब थमने वाला ।।*
*लौटे शायद कुछ का ।*
*जल्द ही उजाला ।।*
*शह मात का खेल ये ।*
*लाएगा बहार ।।*
*फिर भविष्य धीरे धीरे ।*
*ले रहा आकार ।।*
*आ रही वो बेला ।*
*है जाना मैदान ।।*
*जानबूझकर घटनाक्रम ।*
*ना कोई नादान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बच्चों की डाइट में जरूर शामिल करें दालें

**जन्म** के 6 महीने के बाद बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से हो सके, इसके लिए उसे मां के दूध के साथ-साथ ठोस आहार भी खिलाया जाता है। 6 महीने के बाद शिशु को दलिया, दाल और पंजीरी खिलाने की सलाह दी जाती है। दलिया और पंजीरी एक ही तरह की होती है, इसलिए इसको लेकर न्यू मॉम के मन में किसी तरह का कंफ्यूजन नहीं होता है। लेकिन वहीं बात जब दाल की आती है, तो अक्सर मॉम समझ नहीं पाती हैं कि बच्चे के लिए क्या सही है। जब मेरे बेटे ने सॉलिड फूड खाना शुरू किया तब मैंने उसे अपने घर में बनने वाली रेगुलर अरहर की दाल देना शुरू किया। अरहर की दाल खाने से मेरे बेटे का पेट खराब हो गया। इतना ही नहीं वो तो उल्टी और दस्त भी करने लगा। जब मैंने इस बारे में डॉक्टर से बात की, तो उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों का पाचन तंत्र बहुत कमजोर होता है, ऐसे में उन्हें ऐसी चीजें देनी चाहिए जो आसानी से डाइजेस्ट हो जाए। इसके बाद डॉक्टर ने मुझे उन दालों के बारे में भी बताया जो बच्चों को 6 महीने के बाद देनी चाहिए। इन दालों का सेवन करने से न सिर्फ बच्चा हेल्दी रहता है, बल्कि उसका शारीरिक विकास भी तेजी से होता है। डॉ. संदीप बेलपत्रे का कहना है कि जिन पेरेंट्स ने कुछ वक्त पहले ही शिशुओं को ठोस आहार देना शुरू किया है, उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे का पाचन तंत्र अभी बनना शुरू हुआ है। इसलिए उन्हें सिर्फ ऐसी चीजें देनी चाहिए जो पचान में आसानी हो। शुरुआत में 15 से 20 दिनों में बच्चों को सिर्फ दाल का पानी ही देना चाहिए। 15 से 20 दिनों के बाद ही बच्चों को दाल देने की शुरुआत करनी चाहिए। आप बच्चों को नीचे बताई दालें दे सकते हैं।



**बच्चों के लिए चने की दाल के फायदे:** डॉक्टर का कहना है कि छोटे बच्चों के लिए चने की दाल बहुत फायदेमंद होती है। चने की दाल में प्रचुर मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाया जाता है। फाइबर पाचन को दुरुस्त बनाता है। साथ ही पेट में दर्द और कब्ज जैसी परेशानियों से भी राहत दिलाता है। चने की दाल बच्चों के शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने के साथ-साथ एनर्जी भी देती है। चने की दाल का सेवन करने से हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

**बच्चों के लिए मूंग की दाल के फायदे:** मूंग की दाल बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। किसी भी अन्य दाल की तुलना में मूंग की दाल को पचाना काफी आसान होता है। मूंग की दाल में हाई प्रोटीन होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके अलावा मूंग की दाल कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फाइबर, फोलिक और प्रोटीन आदि भरपूर होती है। बच्चों को मूंग की दाल खिलाने से उनका दिमाग विकास सही तरीके से होता है। साथ ही यह इम्यूनिटी को भी स्ट्रांग बनाने में मदद करती है।

**बच्चों के लिए मसूर दाल के फायदे:** बच्चों के लिए मसूर की दाल भी काफी फायदेमंद होती है। मसूर की दाल में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बी, आयरन, जिंक और कैल्शियम से भरपूर होती है। बच्चों को नियमित तौर पर मसूर की दाल देने से हड्डियों को मजबूत बनाने, दिमागी विकास को बढ़ाने और हार्ट प्रॉब्लम को रोकने में मदद मिलती है। मसूर दाल में ऐसे पेप्टाइड्स पाए जाते हैं, जो शरीर में एंटीमाइक्रोबियल यानी जीवाणु रोधी गतिविधि को बढ़ा सकते हैं। इसकी वजह से संक्रमण का खतरा कम करने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# नव संवत्सर, सनातन नव वर्ष एवं वासंतिक नवरात्र



प्रतीक तिवारी

**इस बात को हमारा हिन्दु नववर्ष भी प्रमाणित करता हैं, कि नववर्ष के आरंभ के पहलें दिन से ही भगवती शक्ति के आराधना-उपासना के नव दिनों का क्रम चलता हैं, वैदिक एवं तांत्रिक परंपरानुसार वर्ष में चार बार शक्ति उपासना के पर्व नवरात्र की आवृति होती है।**

**नव दिन इस सनातन नववर्ष को और भी धार्मिक और आध्यात्मिक बल प्रदान करता हैं। नवसंवत्सर 2081 और शक संवत 1946 का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 9 अप्रैल 2024 मंगलवार को हो रहा है। इस बार संवत्सर का नाम कालयुक्त हैं ,जिसका राजा है मंगल और मंत्री हैं शनि रहेगा हैं। रेवती-अश्विनी नक्षत्र में वैधृति योग योग के साथ कालयुक्त नाम इसवर्ष के नवसंवत्सर का प्रारंभ हो रहा हैं।**

**सनातन** धर्म में नववर्ष का आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना गया हैं। चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि से ही वासंतिक नवरात्रि की शुरूआत होतीं हैं। सनातन हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत का स्वागत और उत्सव चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को किया जाता हैं। धार्मिक एवं पौराणिक मान्यता हैं की, ब्रह्माजी ने सृष्टि का आरंभ चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से ही किया था। ऐतिहासिक रूप से विक्रम संवत या नववर्ष मनाने के विषय में यह कहा जा सकता हैं कि, ऐतिहासिक दृष्टि से यह सत्य है कि शकों का उन्मूलन करने और उन पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में विक्रम संवत आरंभ किया गया था, जो कि इस समय की गणना के अनुसार ईस्वी सन् 57 वर्ष पहले शुरू होता है। इस महान विजय के उपलक्ष्य में मुद्राएँ भी जारी की गई थीं, जिनके एक ओर सूर्य था, दूसरी ओर मालवगणस्य जय लिखा हुआ था। विदेशी आक्रमणकारियों को समाप्त करने के कारण केवल कृतज्ञतावश उसके नाम से सवंत चलाकर ही जनसाधारण ने वीर विक्रम को याद नहीं रखा, बल्कि दिन-रात प्रजापालन में तत्परता, पर दुःख- परायणता, न्यायप्रियता, त्याग, दान, उदारता आदि गुणों के कारण तथा साहित्य और कला के आश्रयदाता के रूप में भी उन्हें स्मरण किया जाता है। सनातन नववर्ष का स्वागत प्रकृति भी खुलकर पूरे मनोभाव से करतीं हैं,चैत्र मास को मधुमास कहा जाता हैं मासो का राजा ,जो बसंत ऋतु का महिना होता हैं। इस समय पेंड़-पौधे अपनें पुराने पत्तों को गिराकर नयें पत्तों को धारण कर लेते हैं न ज्यादा ठंडी न गर्मी बसंत ऋतु के इस मदमस्त करनें वालें अहसास के साथ प्रकृति अपनें को नववर्ष के आगमन के पहलें से ही तैयार कर लेती हैं। जब वृक्ष अपनें वृद्ध और पुराने पत्रों को त्यागकर नव पल्लवों से अलंकृत हो जातें हैं, एवं फलदार वृक्ष अपनें फलों कि नव मंजरीयो से सुशोभित हो जातें है, तो मानों लगता हैं समस्त प्रकृति के साथ



वृक्ष भी अपनें दोनों बाहों को फैलाकर नववर्ष के स्वागत में खड़े हों। नए वर्ष मनाने के अनेक तरीके हैं, आंध्र में यह पर्व उगादि नाम से मनाया जाता है। उगादि का अर्थ है युग का आरंभ अथवा ब्रह्मा जी की सृष्टि रचना का प्रथम दिन । आंध्रवासियों के लिए यह दीपावली की भाँति हर्ष और उत्सव का दिन होता है। सिंधु प्रान्त में नवसंवत् को चेटी चंडो (चैत्र का चन्द्र) नाम से पुकारा जाता है 7 सिन्धी समाज इस दिन को बड़े हर्ष और समारोहपूर्वक मनाता है। यह काल फसलों की कटाई का भी हैं इसलिए बहुत जगहों पर इन दिनों नयें अनाज की आनें की खुसी भी मनाई जाती हैं और नयें अनाजों को देवताओं को अर्पण करनें की परंपरा हैं। सनातन धर्म में आदिशक्ति भगवती जगदम्बा को समस्त शक्तियों से श्रेष्ठ और सर्वोत्तम माना गया हैं, वे समस्त लोकों की अधिष्ठात्री हैं, इस बात को हमारा हिन्दु नववर्ष भी प्रमाणित करता हैं, कि नववर्ष के आरंभ के पहलें दिन से ही भगवती शक्ति के आराधना -उपासना के नव दिनों का क्रम चलता हैं, वैदिक एवं तांत्रिक परंपरानुसार वर्ष में चार बार शक्ति उपासना के पर्व नवरात्र की आवृति होती हैं, जिसमें से दो गुप्त नवरात्र और दो प्रत्यक्ष नवरात्रि हैं। चैत्र नववर्ष के प्रतिपदा से नवमी तिथि तक को शास्त्रों में वासंतिक नवरात्र के नाम से, नव दिनों तक भगवती के विविध रूपों के पूजन और आराधन की परंपरा अनादिकाल से चली आ रही हैं। वर्ष पर्यंत शक्ति के संचार एवं समस्त लोकों की समस्त बाधाओं को हरने वाली भगवती जगदम्बा के पूजन से वर्ष भर सुख और समृद्धि कि कामना के लिए वासंतिक नवरात्रि में शक्ति उपासना होती हैं। नव संवत् के प्रारंभ में जो शक्ति उपासना से जो फलप्राप्ति होती हैं उससे पूरे वर्ष जगदम्बा की कृपादृष्टि संपूर्ण सृष्टि पर बनी रहतीं हैं, नववर्ष के आरंभ में ही देवी भगवती के पूजन के नव दिन इस सनातन नववर्ष को और भी धार्मिक और आध्यात्मिक बल प्रदान करता हैं। नवसंवत्सर 2081 और शक संवत 1946 का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 9 अप्रैल 2024 मंगलवार को हो रहा है। इस बार संवत्सर का नाम कालयुक्त हैं ,जिसका राजा है मंगल और मंत्री हैं शनि रहेगा हैं। रेवती-अश्विनी नक्षत्र में वैधृति योग योग के साथ कालयुक्त नाम इसवर्ष के नवसंवत्सर का प्रारंभ हो रहा हैं।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद कर 02 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण किए गए बरामद

जन एक्सप्रेस । बिजुआ खीरी



सोमवार को थाना भीरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर भीरा नहर पटरी फोरेस्ट कोठी के पास जंगल किनारे कस्बा भीरा से 02 नफर अभियुक्तों असलम व सुशील कुमार को भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना भीरा पर मु0अ0सं0 179/2024 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।अभियुक्त असलम पुत्र अनवर बेग उम्र निवासी ग्राम कस्बा व थाना भीरा तथा सुशील कुमार पुत्र रामासरे निवासी ग्राम कस्बा व थाना भीरा दो जनपद खीरी के जिनके पास से पुलिस ने 02 तमंचे 315 बोर, 01 तमंचा 315 बोर पुराना, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर 02 तमंचे 12 बोर, 01 तमंचा 12 बोर पुराना, 05 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 मिस कारतूस 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर 04 तमंचा अद्धनिर्मित 315 बोर, 04 नाल 315 बोर 06 तमंचा अद्धनिर्मित 12 बोर, 04 नाल 12 बोर अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण -01 ड्रिल मशील छोटी पुरानी इस्तेमाली, 01 वर्मा लकड़ी में छेद करने के लिए पुराना इस्तेमाली, 01 हथौड़ा, 03 छैनी, 01 फर्मा, 01 आरी, 02 सिन्डासी, 04 लोहा आरी ब्लेड, 01 रेती, 01 एयर कम्प्रेशन मशीन, 07 ट्रिगर छोटे बड़े, 05 स्प्रिंग छोटी बड़ी, 02 रेगमाल, 01 प्लास्टिक की पन्नी मे रखा 2 किलो कोयला आदि बरामद किया अभियुक्त के उपर अनेकों संगीन धाराओं में केस दर्ज हे अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक चेतन प्रकाश तोमर, उप निरीक्षक जुबेर अहमद, हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा हेड कांस्टेबल शिव कुमार गंगवार, कांस्टेबल, कांस्टेबल प्रदीप चीमा, कांस्टेबल रंजीत कुमार, कांस्टेबल रजत कुमार, कांस्टेबल जगजीवन थाना भीरा जनपद खीरी की सराहनीय उपस्थिति रही।

# एक महिला ने दुलही नहर पुल से लगाया छलांग, दूसरी ने ढखेरवा में छलांग लगाने का किया प्रयास

- घटना के बाद दुलही शारदा नहर पुल पर पहुँचे एसओ हरिकेश राय और चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने परिजनों से किया पूंछताछ
- घटना के बाद दुलही शारदा नहर पुल पर पहुँचे एसओ हरिकेश राय और चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने परिजनों से किया पूंछताछ

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के दुलही पुल से एक महिला ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। नहर में गिरते ही महिला गहरे पानी में लापता हो गई। गोताखोरों की मदद से काफी तलाश की गई लेकिन समाचार लिखे जाने तक नहर से महिला का शव बरामद नहीं सका है। उधर ढखेरवा में शारदा नहर पुल से एक महिला ने छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन स्थानीय चौकी पुलिस के द्वारा वह बचा ली गई।शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव सोहरिया निवासी मुनीम की पत्नी शांति देवी (40) रविवार अपने घर से निकल गई। घर वाले तलाश में निकले तो दुलही पुल पर महिला की चप्पलें मिलीं।

बताया जाता है कि घटना स्थल पर पहुँचे पति मुनीम ने महिला को एक बार नहर में गोता लगाते भी देखा इसके बाद वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गई। ढखेरवा चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने गोताखोर लगाकर महिला के शव की तलाश करानी सुरु की मगर सफलता नहीं मिल सकी। एसओ हरिकेश राय और ढखेरवा चौकी पुलिस दिन भर घटना स्थल पर मौजूद रहकर तलाशी अभियान चलवाया। दोपहर बाद सीओ प्रवीण कुमार ने भी मौके पर जाकर जायजा लिया।

एसओ हरिकेश राय ने बताया कि गोताखोरों को लगाया गया था लेकिन महिला के शव का पता नहीं लग सका है, पीएसी बल के जवानों को बुलाया गया है।


स्टीमर की मदद से पीएसी के जवान तलाश कर रहे हैं।

उधर रविवार दोपहर इलाके के एक गांव निवासी महिला अपने घर से नाराज होकर ढखेरवा शारदा नहर के पुल पर पहुंची और छलांग लगाकर आत्महत्या के इरादे से पुल की रेलिंग पर चढ़ गई। इस दौरान पुल से गुजर रहे चौकी इंचार्ज गौरव सिंह, दीवान वीर प्रताप सिंह, नरेश गंगवार और प्रेम किशोर ने महिला को देखते ही दौड़ के उसके पास पहुंचे और महिला को कूदने से पहले ही दबोच लिया। चौकी इंचार्ज सिंह ने महिला को समझा बुझाकर उसके परिजनों को सौंप दिया।

# मतदान के संबंध में दी जा रही सारी बारीकियां अच्छी तरह समझें : डीएम

- प्रशिक्षण के बाद सभी कार्मिकों से 20 प्रश्न का एक टेस्ट लिया जायेगा : एमपी सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई




सोमवार से महाराणा प्रताप स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में प्रारम्भ हुए मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी के साथ जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सभी कक्षों में जाकर मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियो से कहा कि मतदान निष्पक्ष एवं शान्ती पूर्ण कराने के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान के संबंध में दी जा रही सारी बारीकियों अच्छी तरह समझे और किसी बात की जानकारी समझ में आने पर बार-बार मास्टर ट्रेनर्स से पूछे। उन्होने कहा इस प्रशिक्षण के बाद सभी कार्मिकों से 20 प्रश्न का एक टेस्ट लिया जायेगा और जो टेस्ट में सफल नहीं होगें उनको मतदान के संबंध में दोबारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा सभी कार्मिक विशेषकर ईवीएम से संबंधित जानकारियों पर ध्यान दें ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। उन्होने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों को मतदान से संबंधित एक पुस्तक आदि दिये जायेगें जिसकी सभी कार्मिक अच्छी तरह अध्यन जरूर कर लें। जिलाधिकारी ने महाविद्यालय प्रागंण में महिला समूह द्वारा लगाये गये स्टालों को भी देखा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर, जिला सूचना अधिकारी सतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहें।

# चूल्हे की चिंगारी ने 18 घरों की गृहस्थी की राख

- दमकल के पहुंचने से पूर्व ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

जन एक्सप्रेस । हरदोई





सवायजपुर। अरवल थाना क्षेत्र के कुंडापार क्षेत्र के खुर्मपुरवा गांव में निकली चूल्हे की चिंगारी से एक झोपड़ी में अचानक आग लग गयी।उसी समय हवा के झोंको ने आग को अपने आगोश में ले लिया और देखते ही देखते 18 घरों में रखी गृहस्थी जलकर राख हो गयी।घटना के समय इन घरों के लोग अपने खेतों पर फसल की कटाई करने गए थे।आग की लपटों को देखकर खेतो से दौड़कर ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग का बढ़ता तांडव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस व दमकल को घटना की सूचना दी।पुलिस व दमकल जब तक घटनास्थल पहुंची तब तक ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।उधर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच पड़ताल के निर्देश दिए है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर अरवल थाना क्षेत्र के कुंडापार इलाके के गांव खुर्रम पुरवा में उस समय मुन्नी देवी पत्नी राम लड़ैते के घर मे चूल्हे की चिंगारी से अचानक आग लग गयी जिस समय गांव के सभी लोग अपने खेतों में खड़ी गेंहू की फसल काटने गए थे।मुन्नी देवी के घर लगी अचानक आग को हवा के झोंको ने देखते ही देखते पूरे गांव में फैला दिया।गांव में आग की लपटों को देखकर खेतो पर काम कर रहे लोग गांव की तरफ दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। आग का बढ़ता रूप देखकर ग्रामीणों ने पुलिस व दमकल को घटना की सूचना दी।लेकिंन जब तक पुलिस व दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तब तक आग के आगोश में आने से गांव निवासी राजाराम, रामकिशोर, ओमप्रकाश, वीरपाल, सुरेश, गिरिन्द, भूरा, कश्मीर, नन्हे, विष्णुदयाल, शेरसिंह, वीरपाल पुत्र सुरेश, उर्मिला, रामवीर, राकेश, शीलू, सुरेंद्र सहित लगभग 18 घरों की गृहस्थी राख हो गई।यह गांव बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है तथा गंगा व रामगंगा नदी के बीच बसा हुआ है। जिससे यहां के लोग अधिकांशतः फूस की झोपड़ियां बनाकर रहते है। क्योंकि हर वर्ष आने बाली बाढ़ की तबाही में इनके आशियाने तहस नहस हो जाते है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्री वास्तव ने राजस्व टीम को घटनास्थल भेजकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।उधर दूसरी घटना में हरपालपुर थाना क्षेत्र के ककरा गांव निवासी कौशलेंद्र सिंह के खेत मे अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गयी।जिससे लगभग 4 से 5 बीघा फसल जलकर राख हो गयी। यहां लोगो ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया।

# रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पलिया नगर में स्थित नूरी जमा मस्जिद नौजवानों ने चल रहे पाक महीने रमजान उल मुबारक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इफ्तार पार्टी को लेकर आज पड़ोस में सुबह से ही उत्साह नजर आया नजर के सैकड़ो लोगों ने रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत की रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज सैयद खालिद मियां साहब ने अदा कराई। दुआ ए खैर शहर काजी सैयद कारी एजाज अहमद साहब ने की मुल्क ए हिंदुस्तान में अमन और चैन के आपसी भाईचारे के लिए कारी एजाज अहमद ने खास अपील तमाम आलमें इस्लाम से की ईद के त्यौहार में अपने आस पड़ोस में रहने वाली यतीम बेवाओ का खास ख्याल रखें। जिनका हमारे नबीय करीम ने हमेशा ख्याल रखा। हम सब उनके साथ मिलकर ईद मनाई तो हमें और भी खुशी महसूस होगी। इस मौके पर मदरसा कादरिया रिजविया के प्रबंधक सैयद मोहम्मद साफे अल्ताफ खान असलम अली अरशद खान महमूद गाज़ी सुल्तान गाज़ी हाफिज़ अशरफ फैज़ खान अज़हर खान रिजवान अंसारी मकसूद अली रेशू खान समन साबरी फिरोज़ खान बोबी खान सैय्यद तारिक यूसुफ खान मौजूद रहे।

# पिता ने चचेरे साले के साथ मिलकर की थी हत्या, आलाकत्ल सहित दोनों गिरफ्तार

- बंद बोरी में सड़क के किनारे हांथ बंधे महिला का मिला था शव
- बोरी को खोलने पर उसमे महिला के दोनो हांथ बंधे हुए शव मिलने पर हड़कम्प मच गया था, साड़ी पहने महिला के दोनों हाथ कपड़े से बंधे हुए थे

जन एक्सप्रेस । हरदोई




सांडी। बीते दस दिन पूर्व सांडी थाना क्षेत्र में परसापुर-भैरमपुर मार्ग पर सड़क के किनारे बंद पड़े बोरे में महिला का शव मिला था। महिला के हांथ बांधकर हत्या करने के बाद उसका शव बोरी में बंद कर फेंका गया था। खेतो पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने इसकी पुलिस को सूचना दी थी। पिता की तहरीर पर युवती के ससुराली जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियो की गिरफ्तारी व जांच में जुटी थी।लेकिन पुलिस टीम ने जांच के दौरान पाया कि युवती की हत्या उसके पिता व चचेरे मामा ने की थी। सोमवार को पुलिस ने पिता सहित दोनो आरोपियो को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीती 29 मार्च की सुबह साण्डी थाने क्षेत्र के परसापुर-भैरमपुर मार्ग पर जब लोग खेतो की तरफ जा रहे थे।उसी समय उनको एक बंद बोरी तथा उसके पास एक बैग दिखाई दिया।जैसे ही लोग उसके नजदीक गए तो वहां दुर्गंध आने पर आसपास के गांवो में सनसनी फैल गयी। जिसकी पुलिस को सूचना दी गयी।सूचना मिलते ही मौके पर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी और एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार तथा सीओ बिलग्राम पहुंच गए।बोरी को खोलने पर उसमे महिला के दोनो हांथ बंधे हुए शव मिलने पर हड़कम्प मच गया था। साड़ी पहने महिला के दोंनों हाथ कपड़े से बंधे हुए थे। उसके सिर मे गहरी चोंट भी थी। महिला की शिनाख्त उसके पास से मिले आधार कार्ड से की गई है। 21 वर्षीय महिला का नाम सुनैना पत्नी आकाश निवासी मलौथा हरपालपुर बताया गया है। उसका मायका सुरसा थाने के कमरौली में है। युवती के पिता ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने पति आकाश सहित चार ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।अभी पुलिस टीम आरोपियो की गिरफ्तारी व जांच कर ही रही थी कि उसको घटना के अहम विन्दुओं तक पहुंचने में देर न लगी और सोमवार को पुलिस टीम ने युवती के पिता ज्ञानेंद्र पुत्र भन्नू निवासी कमरौली थाना सुरसा व चचेरे मामा रामगोपाल पुत्र वंशीलाल को गिरफ्तार कर पूँछताछ शुरू कर दी। पूंछतांछ जे दौरान पिता ने पुत्री की हत्या करने का राजपास उगल दिया और दोनो आरोपियो की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद करते हुए घटना का खुलासा कर जेल भेज दिया गया।

# राहुल गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया



जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

दोसर वैश्य समाज के संरक्षक रामचंद्र गुप्ता की संस्तुति पर जगदीश कुमार गुप्ता जिलाध्यक्ष ने सिंगाही के वार्ड नं पांच के सभासद राहुल गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।राहुल गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज व्यापार व धन दौलत में अग्रणी है। परंतु राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अभी भी पीछे है। इसलिए समाज को एकजुट होकर राजनीति में भी सक्रिय रहना होगा। इस दौरान वैश्य समाज के लोगों ने राहूल गुप्ता को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर बधाई दी।

# पम्पलेट, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम अवश्य अंकित होना चाहिए : जिलाधिकारी


- आपत्तिजनक सामग्री की प्रिंटिंग को आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा : एम0पी0 सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई



वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस से सम्बंधित लोगों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता के दौरान पम्पलेट, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम अवश्य अंकित होना चाहिए। किसी आपत्तिजनक सामग्री की प्रिंटिंग को आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। चुनाव सामग्री की प्रिंटिंग की सूचना निर्धारित प्रारूप पर भरकर प्रेषित की जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों को भली भांति अध्ययन कर लिया जाये।उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों से वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप डाऊनलोड करने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि अपने प्रेस के बाहर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित बैनर अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची मतदान केन्द्र पर लेकर जाएं। इससे उनको मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढ़ने में आसानी होगी। बैठक के अंत में प्रेस प्रतिनिधियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज प्रताड़ना के चलते पति सहित 6 लोगो पर मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। क्षेत्र की एक गर्भवती महिला ने शाहजहांपुर जिले के अपने ससुरालियों पर बाइक की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए पाली थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति सहित छह लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पाली थाने के गुजीदेई गावं निवासी शिवानी ने पुलिस दी तहरीर में बताता है कि उसकी शादी 10 मई 2019 को जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाने कुतलूपुर गावं निवासी सुमित के साथ हुई थी। शादी में सामर्थ्य के हिसाव से दान-दहेज भी दिया गया था। लेकिन उससे ससुरालीजन संतुष्ट नही थे।

आरोप है कि दहेज में बाइक की मांग पूरी नही हो पाने के कारण पति सुमित, सास सरोजनी, देवर विपिन, सचिन, अभिषेक और पति का बहनोई सुमित उसे प्रताड़ित करने लगे। उसने बताया इस समय वह गर्भवती है।

बताया बीते शुक्रवार को मारपीट कर जबर्दस्ती पति अपने बहनोई के साथ मिलकर गाड़ी से उसे गुजीदेई छोंड़ कर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया कि पति-सास, देवर सहित छह लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# फिर दरोगा जी मांगने लगे रुपये

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

शादी का सामान लेकर जा रही पिकअप का यातायात के उपनिरीक्षक ने चालान कर दिया। चालक से रुपये मांगने का आरोप भी लगा। जिसका वीडियो किसी ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। जिसका एसपी अशोक कुमार मीणा ने संज्ञान लिया। उन्होंने उपनिरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया। यातायात पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक शिवपूजन तीन अप्रैल को रामचंद्र मिशन क्षेत्र के हरदोई वाईपास पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने चंडीगढ़ से शादी का सामान लेकर आ रही दो पिकअप रोक ली थी। क्षमता से अधिक सामान होने का हवाला देते हुए चालान करने के लिए कहा। एक पिकअप का आनलाइन चालान किया जबकि दूसरे का नकद रुपये लेकर चालान करने का आरोप लगाया। चालक का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा हैं जिसमे उसने उपनिरीक्षक पर रुपये मांगने का भी आरोप लगाया। मामला जब एसपी के पास पहुंचा तो उन्होंने जांच कराई।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव, मचा कोहराम

- घर पर नहीं थे परिजन, आत्महत्या की कही जा रही बात

जन एक्सप्रेस । बहराइच



खैरीघाट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का शव शनिवार की देर रात उसके घर में संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला। शव देख परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। परिजन आत्महत्या की बात कह रहे हैं, लेकिन अभी आत्महत्या करने का कारण नहीं स्पष्ट है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौसाहार के मजरा मूडपुरनपुरवा निवासी अनुज (25) शनिवार की रात घर पर अकेला था। उसके परिजन कहीं गए थे। इस दौरान देर रात संदिग्ध हालात में उसका शव घर में फंदे से लटकता मिला। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची खैरीघाट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। शव का पोस्टमार्टम कराने आए मृतक के बड़े भाई तीरथराम ने बताया की अनुज ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, लेकिन अभी कारण नहीं पता चला है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली में बोरे में मिला महिला का शव

- उत्तराखंड के किच्छा की है बोरी- एसपी ने बताई यह चौंकाने वाली बात
- हाईवे जीरो प्वाइंट स्थित नगरिया गोपालपुर गांव का है।

जन एक्सप्रेस । बरेली

युवती की हत्या के बाद बोरी में बांधकर शव हाईवे किनारे फेंक दिया गया। उसके बायें हाथ में अंग्रेजी अक्षर में पी व ए का गुदना लिखा है। हथेली में उसने नीले पेन से अजय व पुष्पा लिख रखा है जिसे पी व ए का फुल फार्म माना जा रहा है। हथेली में युवती ने नाम के साथ एक मोबाइल नंबर भी लिखा जिसमें एक दो अक्षर ही स्पष्ट प्रतीत हो रहे हैं। ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि फोन नंबर लिख युवती ने सुराग देने का प्रयास किया था लेकिन, उसे मिटा दिया गया। देररात तक युवती की पहचान नहीं हो सकी थी।

## उत्तराखंड की है बोरी

प्रधान की जानकारी पर एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र बिथरी इंस्पेक्टर संजय तोमर व फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बोरी खुलवाई गई तो उसमे युवती का शव निकला। इस पर फोरेंसिक व डाग स्कवायड की टीम बुलाई गई। युवती के हाथ-पैर प्लास्टिक की पतली सुतली से बंधे हुए थे। हाथ-पैर खोले गए। गले पर ऐसे निशान थे जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि उसी सुतली से युवती की गला दबाकर हत्या की गई। शरीर में अन्य कहीं भी चोट के कोई निशान नहीं थे। कपड़े अस्त-व्यस्त नहीं थे। गले में काले धागे में लाकेट के साथ वह कान में झुमकी पहने थी। नेमपालिश लगी हुई थी। जिस बोरी में युवती का शव रखा गया था, वह उत्तराखंड के किच्छा स्थित यादव ब्रांड के एक चोकर फैक्ट्री का है। बोरी के पास में ही शाही के राशिद क्लाथ हाउस के कैरी बैग में युवती के दो जोड़ कपड़े रखे मिले। संबंधित बैग के आधार पर पुलिस ने दुकान मालिक से संपर्क किया।

पता चला कि दो साल पहले तक उसकी दुकान पर इस डिजाइन के कैरी बैग थे। खेत स्वामी शंकर लाल ने बताया कि रविवार को भी वह खेत आए थे, तब कुछ नहीं था जिससे साफ हो गया कि शव को रात में ठिकाने लगाया गया। शव से कोई दुर्गंध नहीं थी जिससे रात में ही हत्या के बाद उसे फेंके जाने की बात सामने आई। पहचान के लिए थाने के अलावा आस-पास के थानों में दर्ज गुमशुदगी देखी गई लेकिन, कोई सुराग नहीं मिला। दो गुमशुदगी के संबंध में चेहरा मिलता-जुलता दिखा। इस पर संबंधित के स्वजन से पुलिस ने संपर्क किया लेकिन, दोनों की ओर से पहचान से इन्कार कर दिया गया। युवती की उम्र 25 वर्ष के बीच आंकी गई है। उसने नारंगी व पिंक कलर का सलवार कुर्ता पहन रखा है।

घटनाक्रम लखनऊ-दिल्ली हाईवे जीरो प्वाइंट स्थित नगरिया गोपालपुर गांव का है। हाईवे से सटे शंकर लाल मिश्रा के गेहूं के खेत पर चकरोड की ओर से एक प्लास्टिक का बंधा कट्टा पड़ा था।

खेत मालिक की नजर पड़ी तो उन्होंने प्रधान को जानकारी दी।

# सीएम सिटी में जहर खाकर पीड़ित पहुंचा थाने

## शाहपुर थाना क्षेत्र के कौआ बाग चौकी इंचार्ज व पीएसी जवान पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर के गोरखनाथ थाना परिसर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक थाने में पहुंचकर बोला साहब हमने जहर का खा लिया है, और पीएसी जवान व पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। युवक के इतना कहते ही आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिसकर्मियों की सूचना पर पहुंचे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों ने युवक का बयान दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बताते चलें कि देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के पिंडी गांव निवासी 45 वर्षीय जितेंद्र बहादुर सिंह लार में हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। उन्होंने शाहपुर थाना क्षेत्र के जंगल तुलसीराम में दो हजार वर्ग फुट जमीन ओम प्रकाश सिंह से अपनी पत्नी फूलमती के नाम वर्ष 2014 में बैनामा कराया था। उसी समय पीएसी में तैनात सिपाही सत्येंद्र सिंह ने भी अपनी पत्नी बिंदु सिंह के नाम 2 हजार वर्ग फुट जमीन जितेन्द्र सिंह के प्लाट के लिया था।

सत्येन्द्र सिंह जमीन के फ्रंट साइट पर कब्जा कर निर्माण करा रहे थे तो वहीं जितेंद्र बहादुर ने अपने जमीन में कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। हल्का लेखपाल की रिपोर्ट जितेन्द्र के पक्ष में थी। विवाद को सुलझाने के लिए 21 मार्च 2023 को शाहपुर पुलिस राजस्व टीम के साथ मौके पर गई थी परंतु दोनों पक्षों सहमत न होने पर पुलिस चली आई थी।

पिडित जितेन्द्र ने अपनी जमीन से कब्जा हटाने के लिए दर्जनों बार अधिकारियों से गुहार लगाई थी परंतु मामले का हल नहीं निकल पाया। इसी बीच पीएसी जवान सत्येन्द्र सिंह कब्जे की जमीन को छोड़ने की बजाय उस पर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए ईंट, सरिया सहित अन्य सामान गिरवा लिए थे। आरोप है कि सत्येंद्र सिंह ने जितेन्द्र पर सरिया चोरी का आरोप भी लगा दिया था। शाहपुर थाना क्षेत्र के कौआबाग पुलिस चौकी इंचार्ज विवेक रंजन ने इस मामले में पूछताछ के लिए जितेन्द्र को बुलाया था। इस घटना से आहत होकर जितेन्द्र सिंह ने रविवार को जहर खाकर गोरखनाथ थाने पहुंच गया। आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। पुलिस अधिकारियों के साथ ही मजिस्ट्रेट ने जितेन्द्र का बयान दर्ज किया है। मौके पर शाहपुर-गोरखनाथ सहित गुलरिहा थाने की पुलिस मौजूद है।






### सुसाइड नोट लिखकर, जहर खाया था जितेन्द्र

जितेंद्र बहादुर सिंह ने जहर खाने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिख कर अपनी जेब में रख लिया था, जितेन्द्र के पास से बरामद सुसाइड नोट में लिखा है कि विगत दो वर्षों से मेरेड्ड जमीन पर सत्येंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय हेमलाल सिंह निवासी धतौनी बहोर पोस्ट भटवा थाना बरहज जिला देवरिया द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें शाहपुर थाना के कौआबाग पुलिस चौकी इंचार्ज विवेक रंजन के साथ मिलकर झूठे चोरी सहित अन्य केस में फंसाने का प्रयास किया गया और हमें प्रताड़ित किया जा रहा है इससे आहत होकर मैं अपना प्राण त्याग रहा हूं। इसकी सारी जिम्मेदारी पीएसी जवान सत्येंद्र सिंह और चौकी इंचार्ज कौआबाग विवेक रंजन की है। इसमें राजस्व विभाग का ढुलमुल रवैया भी शामिल है।

### तीन रिस्तेदारो ने एक साथ कराया था जमीन रजिस्ट्री

मामले की शुरुआत एक ही दिन तीन लोगों ने शाहपुर इलाके में रजिस्ट्री कराने से हुई थी। तीनों आपस में रिश्तेदार भी हैं और सभी ने 2-2 हजार वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री के हिसाब से तीनों का बराबर-बराबर फ्रंट बंटवारा होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेन्द्र के हिस्से के फ्रंट पर सत्येन्द्र सिंह काबिज हैं। विवाद का मुख्य कारण यही है।राजस्व टीम द्वारा मामले के निपटाने के लिए बंटवारा का वाद दाखिल करने के लिए कहा था ऐसा करने से तीनों की जमीन का एक बराबर बंटवारा हो जाता लेकिन जितेन्द्र की तरफ से बंटवारा वाद दाखिल करने के चक्कर में पड़ने के बजाय पुलिस प्रशासन की मदद से मौके की स्थिति अनुसार बराबर बांटने का अनुरोध किया जा रहा था, जबकि राजस्व टीम यह मान रही है कि पीएसी जवान सत्येन्द्र गलत है पर वह बंटवारे का वाद दाखिल कराने के लिए कह रही थी।

### जांच कराकर संबंधित दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: एस एस पी

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने बताया कि गोरखनाथ थाने में एक व्यक्ति आया, उसने कहा कि मैने जहर खा लिया है। पुलिस ने तुरंत उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इस दौरान पूछताछ में पता चला कि उसका नाम जितेन्द्र है उसके जमीन का विवाद है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि शाहपुर इलाके में एक ही दिन तीन लोगों ने एक साथ जमीन खरीदी है। कब्जे को लेकर जितेन्द्र का उसके रिश्तेदार सत्येन्द्र से विवाद चल रहा है। जितेन्द्र ने इसको लेकर प्रार्थनापत्र दिया था। उसका कहना था कि मेरी जमीन पर सत्येन्द्र ने कब्जा कर लिया है। जमीन बंटवारे का मामला था ऐसे में लेखपाल ने बंटवारा दाखिल करने के लिए कहा था। इस बीच सत्येन्द्र पक्ष ने जितेन्द्र पर सरिया चोरी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। चौकी इंचार्ज ने पूछताछ के लिए बुलाया था,जितेन्द्र को ऐसा लग रहा था कि जमीन भी नहीं मिल रही है और उसपर उल्टे चोरी का आरोप भी लग गया है। एस एस पी ने कहा कि जांच कराकर संबंधित दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, पीड़ित को मिले न्याय: पूर्व सांसद

मुख्यमंत्री के शहर में पुलिस प्रताड़ना से तंग पिडित के जहर खाकर थाने पंहुचने की घटना पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि प्रदेश की पुलिस बेलगाम है और जब सत्ता ही संविधान को महत्व नहीं दे रही है तो उसके कर्मियों का क्या हाल होगा, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस का रवैया आम जनमानस के साथ बेहद शर्मनाक है, और जब सीएम सीटी के पुलिस थानों में बैठे पुलिसकर्मियों का यह हाल है तो प्रदेश के अन्य हिस्सों का क्या होगा। पूर्व सांसद ने प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट होने का आरोप लगाते हुए कहा कि आमजन पुलिस ही नहीं सभी विभागों में प्रताड़ना के शिकार हो रहे हैं।सपा नेता ने दोषियों पर कार्रवाई करने व पिडित को न्याय दिलाने की मांग किया।

### पीड़ित हिंदू युवा वाहिनी का लार नगर संयोजक रहा है

ज्ञातव्य हो कि पीड़ित जितेन्द्र सिंह लार में हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं, उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा बीबीडी यूनिवर्सिटी लखनऊ से एलएलबी कर रहा है। दूसरा बेटा केन्द्रीय विद्यालय एयरफोर्स में 12वीं का छात्र है। जितेन्द्र सिंह हिन्दू युवा वाहिनी के लार क्षेत्र में संयोजक भी रह चुके हैं। वर्तमान में पूर्वांचल मुक्ति वाहिनी में प्रदेश संयोजक के पद पर हैं।

# समाजसेवी रामेश्वर दुबे ने सांसद के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं संग किया भव्य स्वागत



- सांसद प्रत्याशी के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत
- सांसद कमलेश पासवान धौरहरा में ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

विकासखंड गोला के धौरहरा गांव में लोकसभा बांसगांव सांसद प्रत्याशी बनने के पश्चात सांसद कमलेश पासवान के प्रथम आगमन पर ग्राम प्रधान धौरहरा व समाजसेवी रामेश्वर दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया।

स्वागत से अभिभूत सांसद पासवान ने कहा कि दशकों से जनता से मिल रहे स्नेह व समर्थन से ही लोकसभा में बांसगांव की आवाज बना हुआ हु और आपके समर्थन से ही 2024 में पीएम मोदी 400 के पार भाजपा की सीटों में बांसगांव शीर्ष में रहेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद ने भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर संघ के कार्यकर्ताओं के संग नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे के गायन के साथ पुष्पांजलि अर्पित किया ढ्ढसांसद ने मौजूद लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्थानीय समस्याओं को सदन में उठाकर उनका शीघ्र समाधान कराउंगा। इस दौरान समाजसेवी व ग्राम प्रधान रामेश्वर दुबे ने सांसद व संघ के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

समाजसेवी ने कहा कि अतिथि हमारे लिए देवता समान होते हैं उनका स्वागत व सम्मान करना सनातनी परंपरा है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि तारकेश्वर दुबे, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी बबूना, भाजपा नेता रतन प्रकाश दुबे, शिवनारायण मौर्य आदि लोगों ने ग्राम प्रधान के गौशाला प्रांगण में भाजपा के विजय अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया। ग्राम वासियों को सांसद ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### कारोबारी के कर्मचारी से हुई लूट का खुलासा, मास्टरमाइंड सहित चार भेजे गए जेल

जन एक्सप्रेस/देवरिया। गौरीबाजार व चौरीचौरा की सीमा पर स्थित मझना नाला पर नमकीन फैक्टरी गोरखपुर में कार्यरत गुलाब चंद्र को चाकू मारकर लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि एसओजी व गौरीबाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने घटना में शामिल चारों बदमाशों की गिरफ्तारी की है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू व लूटी गई रकम भी पुलिस ने बरामद कर जब्त कर लिया। बदमाशों के पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद भी बरामद किया। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि नमकीन फैक्टरी गोरखपुर में कार्यरत गुलाब चंद्र पुत्र स्व. टीकम दास रोज की भांति चार अप्रैल को दिन में करीब एक बजे दुकानदारों को नमकीन देने के लिए मैजिक वाहन से निकले। वह नमकीन देते हुए देवरिया पहुंचे। वहां से वसूली करते हुए गोरखपुर जाने लगे। इस दौरान गुलाब चंद्र के पास कलेक्शन के 02 लाख रुपये हो गए थे। उसे लेकर वापस गोरखपुर जा रहे थे। इसी दौरान गौरीबाजार थाने के मझला नाला पुल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने हमलावर होकर 02 लाख रुपये लूट लिए। विरोध करने पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। इस घटना के बाद घायल गुलाब चंद्र के बयान पर दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर पांच टीमों का गठन कर खुलासा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रभारी एसओजी व थानाध्यक्ष गौरीबाजार पुलिस टीम के साथ बदमाशों की धरपकड़ में लगे हुए थे। दोनों टीमों ने मुखबिर की सूचना पर खरोह चैराहे के पास से दो बाइक के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। चारों से पूछताछ की गई तो चारों ने इस घटना का खुलासा कर दिया।

### लोकरंग का 17वां कार्यक्रम 14-15 अप्रैल को

# सांस्कृतिक भड़ैती व फूहड़पन के विरुद्ध जन संस्कृति संवर्द्धन को समर्पित है लोकरंग

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर




सांस्कृतिक भड़ैती फूहड़पन के विरुद्ध व जन संस्कृति के संवर्द्धन के लिए विगत 17 वर्षों से आयोजित हो रहे लोकरंग 14-15अप्रैल को फाजिलनगर के जोगिया जनूबी पट्टी में आयोजित होने जा रहा है। इस वर्ष आयोजन में सूरीनाम और नीदरलैंड से कुल 5 कलाकार शामिल हो रहे हैं। इनमें चार कलाकार पहली बार लोकरंग का हिस्सा बनेंगे। सुप्रसिद्ध सुरनामी भोजपुरी गायक राजमोहन के अलावा भोजपुरी पाप रैपर, रग्गा मेन्रो, सोनभद्र हीरा की प्रस्तुतियां आकर्षक का केंद्र रहेगीं।

यह बातें सोमवार को पड़रौना स्थित एक होटल में आयोजित लोकरंग सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों में मोहम्मद इसरायल अंसारी, नितांत सिंह, सिकन्दर प्रसाद गौंड, डा.पवन खरवार व जमशेद आलम ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 19 वीं सदी में 1841 या उसके बाद ब्रिटिश उपनिवेशों में कान्ट्रेक्ट के अधार पर भेजे गए भारतीय गिरमिटिया मजदूरों की चौथी पीढ़ी के कलाकार हैं आने वाले नीदरलैंड के लोक कलाकार है। इनके पूर्वजों को पहले सूरीनाम ले जाया गया था। सूरीनाम नीदरलैंड का एक उप निवेश था उसके आजाद होने के बाद बहुत से गिरमिटिया परिवार नीदरलैंड जा कर बस गये।

समिति ने बताय कि इस टीम में शामिल रग्गा मेन्रो भोजपुरी पाप गायक हैं। लोकरंग के मंच पर यह एक भिन्न का प्रर्दशन होगा। इनकी गायकी कुशीनगर के भोजपुरी समाज को एक अलग अनुभव देगी। भारतीय लोक संस्कृति ने पश्चिमी देशों की संस्कृति से मिलकर एक संकर लोक संस्कृति को जन्म दिया। वरूण नन्दा सुप्रसिद्ध सूरीनामी ढोलक वादक है जबकि सोन्दर हीरा ने पूर्वीचल के लवंडा और अहिरवा नाच को सात समन्दर पार जिन्दा रखा हुआ है जो गिरमिटिया मजदूरों के साथ दो सदी पूर्व सूरीनाम जा पहुंचा था। इस कार्यक्रम में किशन हीरा एक प्रसिद्ध गायक और प्रतिभाशाली ढ़ोलक व धनताल वादक है। यह कार्यक्रम देश में पहला ऐसा मंच है जो भोजपुरी लोक संस्कृति के वितांन को भारत, सूरीनाम तथा नींदरलैंड से जोड़ेगा। यह संस्था लोक संस्कृतियों के संवर्द्धन के लिए सूरीनाम और नीदरलैंड के कलाकारों को मंच पर उतारने का काम करता है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लोकरंग 24 पत्रिका के लोकार्पण से शुरू होगा। वहीं गांव की महिलाओ द्वारा परंपरागत अवधी सोहर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। परिवर्तन रंग मंडली द्वारा इस बार दोनों रात लोकगीतों के आलावा नाटकों की प्रस्तुति देंगी। जबकि कुशीनगर का सुप्रसिद्ध पारियां नृत्य और किन्नर नृत्य देखने को मिलेगा। 17वें लोकरंग के मंच पर पहली बार असम का बागुरूम्बा, बोडो और भोरताल का नृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही साथ सिक्कीम की सांस्कृतिक टीम को भी पहली बार आने निमंत्रण दिया गया है। इस डांस में नैपाली व सिक्किम संस्कृति की छाप एक साथ दिखेंगी। कमेटी ने बताया की राजस्थान के परम्परागत लोक वाद्य यंत्रों की ध्वनि भी लोकरंग में गुंजेगा तथा राजस्थानी नृत्य भी जयपुर राजस्थान चंदा लाल कालबेलिया की टीम प्रस्तुत किया जायेगा।

# बिना मान्यता के प्राइवेट स्कूल होंगे बंद: एबीएसए

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रभावी हो जाने के पश्चात ही सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। बावजूद जिले जंगल कौड़िया क्षेत्र में अनेकों ऐसे विद्यालय धड्डुले से संचालित हो रहे हैं।

गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के पास ना ही मानक अनुरूप भवन होता है, ना ही शिक्षक शिक्षा प्राप्त शिक्षक होते हैं और तो और ऐसे विद्यालयों से प्राप्त स्थानांतरण प्रमाणपत्र और मार्कशीट से छात्रों को नवोदय विद्यालय, परिषदीय विद्यालय, राजकीय विद्यालय या किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रवेश भी नही मिल पाता हैं। जिसके चलते बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। मिली जानकारी के अनुसार जंगल कौड़िया, डाढाडीह, कहरपुरवा, रामपुर समेत क्षेत्र में दर्जनों विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे है। ऐसे विद्यालयों को बंद करने की तैयारी शिक्षा विभाग के तरफ से की जा रही है।

### शीघ्र बंद कराए जाएंगे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

क्षेत्र में बिना पंजीकरण बिना मान्यता संचालित किए जा रहे विद्यालयों के संबंध में पूछे जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी लवकुश कुमार ने कहा कि गैर मान्यता विद्यालय का संचालन प्रतिबंधित है। ऐसे विद्यालयों को शीघ्र बंद कराया जाएगा।




# दहेज में 11 पौधे लेकर बैंक कैशियर ने रचाई शादी

- दहेज लोभी दानवों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



जनपद के विशुनपुरा ब्लाक के गांव सूरज नगर बाजार में एक ऐसी शादी हुई है जो पुरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां आजकल अक्सर दहेज की मांग पूरी नहीं कर पाने पर लड़कियों की शादी टूटने की बातें आए दिन सुनने को मिलती हैं तो वहीं इस दहेज रुपी दानवी परिवेश में एक युवक ने अनोखी मिसाल पेश की है। बिहार प्रदेश के पश्चिम चम्पारण के गांव देवीपुर निवासी प्रदीप एक राष्ट्रीयकृत बैंक मे कैशियर पद पर तैनात हैं।यह युवक शादी में 11 पौधा लेकर व संविधान को साक्षी मानकर कुमारी जानकी से शादी कर लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया। यह अनोखा विवाह जिले सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के देवीपुर निवासी फेकू चौधरी के पुत्र प्रदीप राष्ट्रीयकृत बैंक मै कैशियर पद पर तैनात है।प्रदीप की शादी के लिए अच्छे दान दहेज देने वाले लोग आए लेकिन उसने परिवार में इस देहज परम्परा का विरोध किया।

बताते चलें कि बीते रविवार को प्रदीप ने विशुनपुरा ब्लाक के सूरजनगर बाजार के एक विल्डिंग मैटेरियल व्यावसायी सुरेंद्र चौधरी की पुत्री जानकी से अपनी शादी मे दहेज के रुप मे पीपल,नीम सहित अन्य प्रजाति के 11 पौधा तय किया और रविवार की रात को विवाह की सारी तैयारियां कर बरात लेकर प्रदीप शादी करने पहुंचे जहां वे देश के संविधान की पुस्तक व डाक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र को साक्षी मानकर कुमारी जानकी के साथ बौद्ध ऋृति रिवाज के साथ विवाह किया। वहीं दहेज में उन्हें ससुरालीजनों ने पीपल, नीम, आम, बरगद, अशोक सहित अन्य औषधीय प्रजाति के 11 पौधों को लिया।क्षेत्र में प्रदीप की शादी चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्रदीप ने बताया कि दहेज लोभियों के चलते आज के परिवेश में तमाम ऐसे लोग गर्भ में ही कन्याओं को धरती पर आने से पहले गर्भ भ्रूण हत्या कर देते उसे मार देते हैं। अगर दहेज के दानव को समाप्त कर दिया जाए तो यह सामाजिक बुराई अपने आप समाप्त हो जाएगी।

बताया कि पीपल और नीम का वृक्ष ऐसा है जो सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देता है और वातावरण को शुद्ध करता है।अगर हमारा वातावरण शुद्ध होगा तो हम आने वाली पीढ़ी के लिए शुद्ध वातावरण देकर स्वस्थ समाज की स्थापना करने में सक्षम होंगे। कहा कि वे प्रतिवर्ष शादी की सालगिरह पर चाहे जहां रहेंगे पीपल व नीम का पौधा रोपकर अपने मित्रों और सहयोगियों से भी दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए एक मुहिम चलाकर प्रोत्साहित करेंगे। शादी कार्यक्रम मे भव्य जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान लड़की के पिता सुरेंद्र चौधरी, लड़के के पिता फेकू, मारकंडेय, सुन्दर, रविंद्र शर्मा, रमायन, अभिनाष, भोला, बैजनाथ, मनोज, दीनानाथ आदि अधिक संख्या में लोगों ने आयोजन में उपस्थित होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भटवलिया फीडर से साढ़े चार घंटे ठप रही आपूर्ति

जन एक्सप्रेस/देवरिया। शहर के भटवलिया बिजली उपकेंद्र 132 में मेंटिनेंस कार्य को लेकर साढ़े चार घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। कई घरों में पानी की समस्या भी झेलनी पड़ी। दोपहर बाद आपूर्ति शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। शहर के बिजली उपकेंद्र भटवलिया में रविवार को मेंटिनेंस कार्य चला। 33 केवीए साइड का मेन बस बदला गया। मेंटिनेंस कार्य के दौरान शहर के रामलीला मैदान, न्यायालय, मेडिकल कॉलेज, बैतलापुर, नाथ नगर व बरहज तहसील की बिजली आपूर्ति ठप रही। इसी तरह भटवलिया, पुरवा, उसरा बाजार, बरहज ग्रामीण व बरियारपुर के लोगों को भी बिजली की समस्या से जूझना पड़ा। उपखंड अधिकारी विद्युत प्रेषण एके वर्मा ने बताया कि करीब साढ़े चार घंटे तक मरम्मत कार्य चला। इसके बाद आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल कर दी गई है। भटवलिया फीडर में मेंटिनेंस कार्य के चलते मेडिकल कॉलेज में आपूर्ति ठप रही। इसके चलते एक्स-रे मशीन ठप रही। वहीं, पैथोलॉजी में सर्वर न चलने के कारण ब्लड जांच के लिए रजिस्ट्रेशन और रिपोर्ट के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारी रजिस्टर पर नोट कर किसी तरह सैंपल लिए, लेकिन मरीजों व तीमारदारों को रिपोर्ट के लिए भटकना पड़ा। वार्ड और सीटी स्कैन सेंटर में जेनरेटर से काम चलाया गया। संवाद

### घोड़ा से होगा मां दुर्गा का आगमन, हाथी से प्रस्थान

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर। चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल को शुरू होगा और समापन 17 अप्रैल को होगा। जयराम ब्रह्म धाम के आचार्य अजय शुक्ल ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से त्योहार की शुरुआत होती है। प्रतिपदा तिथि आठ अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी। यह तिथि नौ अप्रैल को संध्या काल 8 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म में उदया तिथि का मान है। इसलिए घट स्थापना नौ अप्रैल को होगी। घटस्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 6 बजकर 24 मिनट से लेकर 10 बजकर 28 बजे तक रहेगा। इस दिन अभिजीत मुहूर्त में अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत का निर्माण हो रहा है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर तीन मिनट से शुरू होगा जो कि 12 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। साथ ही अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग नौ अप्रैल को प्रातः 7 बजकर 32 मिनट से लेकर पूरे दिन रहेगा। यह घट पूरे नौ दिन स्थापित रहेगा। इस दिन स्नानादि के बाद कलश में जल भरकर कलावा लपेटकर आम व अशोक के पत्ते रखकर ऊपर नारियल को लाल वस्त्र में लपेट कर पूजा स्थान पर रख दें। इसके बाद धूप-दीप जलाकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ करें। माता जी का आगमन इस नवरात्र में घोड़े पर हो रहा है। यह शुभ फल देने वाला नहीं होता है। देश में प्राकृतिक आपदा व सत्ता परिवर्तन का योग बनता है। लेकिन, माता का प्रस्थान हाथी पर हो रहा है जो शुभ फल देने वाला होता है।

### ठेकेदार से मांगी दस लाख की रंगदारी, नहीं देने पर जान से मारने की दी धमकी

जन एक्सप्रेस/रामपुर कारखाना। जल जीवन मिशन के ठेकेदार से मोबाइल पर फोन कर दस लाख रुपये रंगदारी के रूप में मांगने का मामला प्रकाश में आया है। घटना 26 मार्च की बताई जा रही है। फोन करने वाले ने रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। ठेकेदार ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने फोन करने की जांच करने के बाद छह अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया है। ठेकेदार का परिवार सहमा हुआ है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सोनिया मुंडेरा गांव निवासी चंद्रशेखर पाठक जल जीवन मिशन में ठेकेदारी करते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, 26 मार्च को उनके मोबाइल फोन पर एक नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने उनसे 10 लाख रुपये रंगदारी मांग की। फोन करने वाले ने रकम नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। इससे ठेकेदार का परिवार सहम गया है। ठेकेदार ने रामपुर कारखाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने छानबीन के बाद तहरीर देने के 11 दिन बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 384 और 507 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानेदार नंद प्रसाद ने कहा कि ठेकेदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मोबाइल नंबर के जरिए आरोपी का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सीओ संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर फोन करने वाले व्यक्ति की पहचान में जुटी हुई है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सड़क हादसे में छात्र की मौत

जन एक्सप्रेस/देवरिया/सलेमपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सोंदा चौराहे के पास शनिवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। मईल थाना क्षेत्र के माड़ोपार गांव निवासी छेदी यादव सेना में हवलदार पद से सेवानिवृत्त हैं। वह लोहिया नगर वार्ड नंबर 11 में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका इकलौता बेटा प्रवीण कुमार यादव उर्फ सोनू (22) गोरखपुर में एक किराए के मकान में रहकर गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष में पढ़ाई करता था। रविवार को छुट्टी होने के चलते शनिवार की देर शाम वह गोरखपुर से बाइक लेकर सलेमपुर स्थित अपने मकान पर आ रहा था। देर रात करीब नौ बजे अभी वह सदर कोतवाली क्षेत्र के सोंदा चौराहे के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पने लगा। आसपास के लोगों ने उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को जब मौत की जानकारी हुई तो परिवार में मातम छा गया। मां संगीता देवी, बहन विनीता और अनीता के साथ पिता छेदी का रो-रो कर बुरा हाल था। प्रवीण दो बहनों के बीच अकेला भाई था। छोटी बहन विनीता कोटा में रहकर तैयारी करती है। जबकि सबसे छोटी बहन अनिता नगर के एक कॉलेज में पढ़ाई करती है। सदर कोतवाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। जिसका शव पोस्टमार्टम करने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### घर का दुलारा था प्रवीण, प्यार से सोनू बाबू बुलाते थे घर के लोग

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर। छेदी यादव सेना के हवलदार पद से हाल ही में सेवनिवृत्त होकर घर आए हैं। तीन संतातों में प्रवीण इकलौता बेटा था। इकलौता होने के चलते परिवार के सभी लोगों का दुलार था। परिवार का हर सदस्य उसे प्यार से सोनू बाबू कहकर कर बुलाया करते थे। परिजनों के मुताबिक प्रवीण पढ़ने में शुरू से ही बहुत होनहार था। वह हमेशा अपने क्लास में बेहतर प्रदर्शन करता था। इन दिनों वह गोरखपुर में रहकर पढ़ाई करता था। हर शनिवार को घर चला आता था और रविवार को पूरे दिन परिवार के साथ गुजारने के बाद सोमवार की सुबह फिर गोरखपुर के लिए रवाना हो जाता था। सप्ताह में एक दिन बेटा को अपने बीच देख माता-पिता भी काफी खुश दिखते थे। घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

# इंटरनेशल साइबर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

- गिरोह के सात सदस्य और तीन महिलाओं को पकड़ा
- फर्जी तरीके से सिमों को एक्टिवेट करने के बाद कमाते थे अवैध धन
- दुबई और थाइलैंड के अपराधियों को करते थे सप्लाई

जन एक्सप्रेस । अछनेरा, आगरा

थाना किरावली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने इंटर नेशनल साइबर ठगों के 10 सदस्यों को पकड़ा है। जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल है। ये फर्जी तरीके से सिमों को एटिक्ट वेट करते धन की वसली करते थे। तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। डीसीपी पश्चिमी जोन सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि आगरा में फर्जी आईडी से खरीदे सिमों को बेचने वाला गैंग सक्रिय है। इस सूचना पर पुलिस टीम को लगाया गया। सोमवार को महुअर कट से 7 लोग पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर ड्रीम सिटी कालोनी में किराये के मकान में 3 महिलाएं भी पकड़ी गईं। महिलाओं से वोडाफोन और एयरटेल के 420 सिम और अन्य उपकरण बरामद किए गए। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए आरोपी फरह, मथुरा के अभय, भोला, गोविंद, आशीष, हर्ष, बृजेश, आगरा के सेवला निवासी अंकुश, दीपक, सौरभ, सोनू, शिवम, सचिन, देवेंद्र, वीरू और पंकज से 50 रुपये वाला सिम 500 रुपये में खरीदते हैं। वह सिम को चालू करके देते हैं। इन सिम को बंटी के माध्यम से दिल्ली के जाफराबाद निवासी यूसुफ और हफीज को 1500 रुपये में बेच देते हैं। केरल का शानू दिल्ली से दुबई और थाईलैंड सिमों को फ्लाइट से ले जाता है। इनको अपने गिरोह के मुख्य सरगना को बिक्री कर देता है।



### दुबई में एयरटेल तो थाईलैंड में चल रही वोडफोन की सिम

डीसीपी ने बताया कि आरोपी एयरटेल और वोडाफोन की सिम ही अंतर्राष्ट्रीय ठगों को सप्लाई करते थे। एयरटेल की सिम दुबई में सक्रिय रहती है, जबकि थाईलैंड वोडाफोन कंपनी के सिम चल जाती है। इसका ही फायदा ठग उठा रहे थे। वह काल करते थे। लोग नंबर भारत का ही समझते थे। वह झांसे में आ जाते थे। ठगी होने पर पुलिस को ठग नहीं मिलते थे। लोकेशन भी नहीं निकल पाती थी। फर्जी खाते और सिम होने की वजह से आरोपी नहीं पकड़े जा रहे थे। पुलिस अब आगरा, मथुरा, दिल्ली और केरल के सप्लायरों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### एक के बहाने जारी कराते थे 5 सिम

पुलिस ने जिन सप्लायरों को आगरा से गिरफ्तार किया है, वह शहर में जगह-जगह कैनोपी लगाकर सिम बेचने वाले लोगों के संपर्क में रहते थे। कैनोपी पर सिम खरीदने आने वाले कम पढ़ लिखे लोगों से विक्रेता बहाने से 4-5 बार बायोमैट्रिक के दौरान 4 से 5 सिम जारी करा लेते थे। लोगों को 1 सिम देते थे, जबकि बाकी सिम आरोपी अपने पास रखते थे। इन्हें सिम सप्लायर गैंग को बेच दिया जाता था।

### यह हुई बरामदगी

आरोपियों से चालू किए गए 420 सिम कार्ड, 7 मोबाइल, 4 बाइक, 2 पासपोर्ट, 7 क्यूआर कोड, 8 बैंक पासबुक, 45 चेकबुक, 54 डेबिट कार्ड, 4 पीओएस मशीन मिली हैं।

### फर्जी फर्म बनाकर खुलवाते थे चालू खाता

पुलिस ने 3 सप्लायरों की पत्नियों को भी गिरफ्तार किया है। वह भी गैंग में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। महिलाओं ने अपने नाम से फर्जी फर्म बना रखी थी। इस फर्म के नाम से बैंक से चालू खाता खुलवाती थीं। इन खातों के पासबुक, डेबिट कार्ड आदि की जानकारी विदेश में बैठे साइबर ठगों को दे दी जाती थी। वह साइबर ठगी से आने वाली रकम को इन खातों में जमा कराते थे। इसके बाद आनलाइन अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। ठगी की शिकायत पर पुलिस को आरोपियों की लोकेशन और खाते की जानकारी फर्जी मिलती थी।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने किरावली के मोहल्ला पठान निवासी शाहरुख, इंदौर के भालया कालोनी निवासी गौतम व उसकी पत्नी, हरियाणा के नूंह निवासी तोहीद खान व उसकी पत्नी, फतेहपुर सीकरी के रोहित कुरैशी, शहबाज खान व उसकी पत्नी, एत्माद्दौला स्थित दुर्गा नगर निवासी दुर्गेश कुमार और काजीपाड़ा निवासी आदित्य को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस समेत चार शातिर दबोचे

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना गाँधीपार्क पुलिस टीम ने 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, किये हैं। पकड़े हुए अभियुक्तों में कैलाश पुत्र दिनेश शर्मा निवासी बाबा कालोनी शीशम वाली गली थाना गाँधीपार्क, महेन्द्रपाल उर्फ मिन्टू पुत्र चन्द्रपाल बघेल निवासी किशनपुरी थाना खैर, प्रवेश पचौरी पुत्र विनोद कुमार पचौरी निवासी पौहना पोस्ट अमरौली थाना जवां, हिमान्शू पुत्र पुष्पेन्द्र शर्मा निवासी बड़ा दरवाजा वाली गली नौरंगाबाद छावनी थाना गांधीपार्क, शामिल हैं। पुलिस ने जिनके कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 3 तमंचा व कारतूस बरामद किये हैं।

# भारतीय किसान यूनियन ने किसानों से वोट बहिष्कार की अपील की

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

भारतीय किसान यूनियन गुरनाम सिंह चढ़ूनी के प्रतिनिधि मंडल ने साथ चीनी मिल के मुद्दे पर गांव गांव जाकर तूफानी दौरा किया और किसानों से वोट बहिस्कर की अपील की गई, समस्त ग्रामवासियों ने वोट न देने का निर्णय किया है, अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव युवा धीरज कुमार सिंह ने कहा गत विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी जी ने साथा चिनिमिल का नवीनीकरण करने का वादा किया था, जो की आज तक पूरा नहीं हो सका, सरकार की करनी और कथनी में अंतर है, अलीगढ जिले में गन्ना की पैदावार बहुत बड़ी मात्रा में होती थी, पर चीनी मिल बंद होने के कारण समस्त किसानों का गन्ना खेती से मोह भंग हो चुका है। इसलिए समस्त ग्रामवासियों ने वोट बहिस्कर का निर्णय किया है। अलीगढ़ जिले में गन्ना की पैदावार बहुत बड़ी मात्रा में होती थी, पर चीनी मिल बंद होने के कारण समस्त किसानों का गन्ना खेती से मोह भंग हो चुका है, इसलिए समस्त ग्रामवासियों ने वोट बहिष्कार का निर्णय किया है। मुख्य रूप से धीरज कुमार सिंह अध्यक्ष अलीगढ़ मंडल एवं राष्ट्रीय महासचिव युवा, रामबाबू सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, आकाश कुमार मंडल महासचिव, ओंकार सिंह जिला सचिव युवा, भूराम सिंह राजपूत, तेज सिंह राजपूत, साधु सिंह चौहान, राजीव ठाकुर, संजय सिंह जादौन, दीपक ठाकुर, संजू जादौन, रछपाल सिंह चौहान, रामबाबू शर्मा, वीरपाल सिंह चौहान, सोनू सिंह, पप्पू सिंह, सुधीर सिंह चौहान, रामवीर सिंह चौहान, विष्णु चौहान, चंद्रपाल सिंह चौहान, अंकित चौहान, विपन चौहान आदि सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एलिवेटेड रोड बंद, सेक्टर-18 अंडरपास तक रेंगते रहे वाहन

जन एक्सप्रेस । नोएडा

मरम्मत के लिए एलिवेटेड रोड को एक ओर से बंद करने का असर सेक्टर-18 समेत आसपास के रास्तों पर पड़ा। सोमवार शाम करीब छह बजे के बाद ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई। डीएनडी लूप रोड से लेकर दलित प्रेरणा स्थल, सेक्टर-18 अंडरपास तक वाहनों की कतार लग गई। स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त ट्रैफिककर्मी और मार्शल तैनात किए गए। इसके बाद भी स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका। रात करीब 10 बजे के बाद वाहनों का दबाव कम होने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-18 से एनटीपीसी तक एलिवेटेड रोड को मरम्मत के लिए रविवार शाम को बंद कर दिया है। इसका असर सोमवार को व्यस्त समय में दिखा। चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी और कालिंदी कुंज की तरफ से एलिवेटेड रोड की तरफ आने वाले वाहन चालकों को सेक्टर-37 की तरफ डायवर्ट करने से सेक्टर-18 अंडरपास समेत सेक्टर-37 चौराहा, शशि चौक, सिटी सेंटर, मोरना, होशियारपुर और सेक्टर-52 के पास जाम की स्थिति बन गई। वाहन चालक शहर के मुख्य सड़कों के अलावा, सेक्टर-18, 27, 19, 21, 25, 12-22, महामाया फ्लाईओवर, डीएलएफ मॉल, डीएम चौराहा, अट्टापीर, स्टेडियम चौराहा समेत अन्य रास्तों पर जाम से जूझते नजर आए। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सेक्टर-18 से 61 की ओर जाने वाले वाहनों को एलिवेटेड रोड के नीचे से भेजा गया। सेक्टर-31-25 चौराहे के पास वाहनों को सेक्टर-24 एनटीपीसी लूप से एलिवेटेड रोड पर चढ़ाकर सेक्टर-61 की ओर रवाना किया गया। वहीं सेक्टर-60 से 18 की तरफ जाने वाला मार्ग खुला रहा। जिसके कारण इस पर वाहन चालक फर्राटा भरते दिखे।

अहम है कि एलिवेटेड रोड से सेक्टर-62 की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए दो दिन पहले ही ट्रैफिक विभाग ने एडवाइजरी जारी कर वैकल्पिक मार्ग सुझाया था। इसके अलावा एलिवेटेड रोड के नीचे एमपी टू मार्ग से वाहनों को सेक्टर-60, 62 तरफ आगे निकाला गया। स्थिति संभालने के लिए खुद डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव व नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल भी अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे। इसके अलावा एसीपी नोएडा राजीव कुमार, टीआई शैलेंद्र सिंह और डीसीपी अनिल कुमार सिंह अलग-अलग प्वाइंट पर ट्रैफिक को सुगम बनाने में जुटे रहे।

ट्रैफिक पुलिस ने एलिवेटेड रोड के ट्रैफिक को एमपी टू रोड पर डायवर्ट करने के बाद इसी रास्ते पर बने तीन यूटर्न को बंद करा दिया। जिससे यूटर्न से निकलने वाले वाहनों के कारण जाम की समस्या पैदा नहीं हो सके। इसके अलावा सेक्टर-25 से निठारी होकर सेक्टर-18 की तरफ जाने वाले यूटर्न को भी बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया। इससे रास्ते पर यातायात सुगम करने में मदद मिली।

# विद्युत विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के तत्वावधान में अलीगढ़ के विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं साथ बरती जा घोर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार कारण आमजन के ऊपर मंडराते संकट को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन लाल डिग्गी विद्युत विभाग कार्यालय पर विद्युत अधिकारियों को सौंपा गया। संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा सह-संयोजक जितेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा ऊदला इलिहासपुर में दर्जनों उपभोक्ताओं को कनेक्शन बांस बल्ली पर उपलब्ध करा विद्युत सप्लाई दी गई जो कि नियमानुसार मानकों विरुद्ध है जबकि नियम है कि उपभोक्ता को उनके मीटर से 40 मीटर दूरी पर लाइन सुविधा होनी चाहिए चलती लाइन सड़कों पर लटक रही है अधिकारियों के संज्ञान में है बांस बल्ली पर लाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई लाइन खम्बो के एस्टीमेट बना सम्बंधित अधिकारियों में बंदर बांट कर डकार गए और जनपद के नगला पटवारी क्षेत्र में मौलाना आजाद नगर नाले वाले रोड़ एवं 24 फुटा रोड पर सड़क पर लट्ठे बीचोंबीच खड़े हो हादसों को निमंत्रण देते देख भी विद्युत अधिकारियों को स्थानीय किसानों द्वारा अवगत कराएं जाने बाद भी आज तक संज्ञान नहीं लिया गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भाकियू हिन्दुस्तान के जिलाध्यक्ष रिजवान खान, बी.एम.के. यू.के. युवा जिलाध्यक्ष दीपू गुप्ता, जिला संरक्षक अशोक शर्मा. फुरकान.तनु. शाकिर अली. चांद खां. ताजुद्दीन आदि दर्जनों उपभोक्ताओं की मौजूदगी रही।

# झूलेलाल जयंती आज, तैयारियां पूरी

जन एक्सप्रेस । आगरा

वरुणावतार भगवान झूलेलाल की जयंती नौ अप्रैल को मनाई जा रही है। इसे लेकर शहर भर में उत्साह का माहौल है। झूलेलाल जयंती के मौके पर मुख्य शोभायात्रा निकलेगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेगी। सिंधी सेंट्रल पंचायत की तरफ से मुख्य आयोजन हो रहा है। शहर भर की ढाई दर्जन मोहल्ला पंचायतें आयोजन में सहयोग कर रही हैं। मोहल्ला पंचायतों की झांकियां अपने-अपने क्षेत्रों से निकलेंगी और घटिया स्थित ताज प्रेस क्लब पर पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो जाएंगी। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। बाजार कमेटियों की तरफ से पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए हैं। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी के अनुसार मुख्य शोभायात्रा का उद्घाटन सायंकाल चार बजे हरियाली वाटिका पर होगा। इसके लिए अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। सायंकाल छह बजे से झांकियां निकलेंगी।

भगवान झूलेलाल शोभायात्रा घटिया से शुरू होकर गुड़ की मंडी, सिंधी बाजार, फव्वारा, किनारी बाजार, जौहरी बाजार, चिम्मन चौराहा होते हुए दरेसी एक, दो और तीन होते हुए हाथीघाट पर समाप्त होगी। यहां ज्योति विसर्जन कार्यक्रम होगा।

### शोभायात्रा में दिखेगी अयोध्या के श्रीराम मंदिर की झांकी

वरुणावतार भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में तीन दर्जन से अधिक झांकियां शामिल होंगी। इनमें श्रीराम मंदिर की झांकी बेहद खास रहेगी। एक दर्जन से अधिक डीजे पार्टियां और कई बैंड शोभायात्रा में शामिल होंगे।

# गर्मी के साथ बढ़ी परेशानी: रोज अस्पताल पहुंच रहे 100-150 मरीज

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गर्मी बढ़ने के साथ ही डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) से परेशानी होने लगी है। जिला अस्पताल में फिजिशियन की ओपीडी में रोजाना 600 से 700 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इनमें से 100 से 150 मरीजों में डिहाइड्रेशन की वजह से हाथ-पैर में ऐंठन व दर्द की परेशानी है। पांच मरीजों को भर्ती कर इलाज किया गया। सोमवार को ओपीडी में 1,694 मरीजों का पंजीकरण हुआ। जबकि 85 मरीजों को भर्ती किया गया। इनमें 812 महिलाएं, 606 पुरुष और 276 बच्चे थे। बुखार से ग्रसित 419 मरीजों का इलाज हुआ। सोमवार को न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। यह स्थिति पिछले एक सप्ताह से बनी है। गर्मी आते ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। इन दिनों सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। लोग उल्टी-दस्त और पानी की कमी के शिकार हो रहे हैं। महिला अस्पताल के सिक न्यू बॉर्न चाइल्ड यूनिट (एसएनसीयू) में भी उल्टी दस्त के शिकार बच्चों की संख्या बढ़ी है। एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन का कहना है कि घर से खाली पेट ना निकलें। धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें। अधिक तली-भुनी चीजों का प्रयोग न करें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाए, इसलिए कुछ देर में तरल पदार्थ जरूर लेते रहें।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण**


जी मिचलाना, उल्टी दस्त होना, चक्कर आना व चिड़चिड़ापन महसूस होना, सिर दर्द, पेट में मरोड़ उठना, मुंह सूखना।

**इस तरह से करें बचाव**

पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं।
समय-समय पर ओआरएस का घोल पीते रहें।
साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
बाहर का खाना खाने से बचें।

# घरों पर ध्वजा लहराकर और दीप जलाकर मनाएं नव संवत्सर: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



शक्ति की आराधना के नौ दिवसीय महापर्व नवरात्रि का आरंभ आज से देशभर में हो रहा है,इस दौरान माँ दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा अलग अलग दिनों में की जाती है,और प्रथम दिन माँ शैलपुत्री देवी की पूजा का प्रारंभ कलश स्थापन के साथ हो जाता है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के साथ ही सनातन नव वर्ष अथवा नव संवत्सर का आरंभ हो जाता है। सृष्टि के आरम्भ से 1 अरब 95 करोड़ 58 लाख 85 हजार 125वर्ष बाद काल नाम का विक्रम संवत 2081 लग रहा है जिसके राजा मंगल और मंत्री शनिदेव रहेंगे। प्रतिपदा तिथि और कलश स्थापन मुहूर्त के विषय में स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि गत सोमवार रात्रि 11:51 मिनट से प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो चुकी है जो कि आज रात्रि 8:29 मिनट तक रहेगी। घटस्थापन का शुभ मुहूर्त प्रातः 6:24 मिनट से लेकर प्रातः 10:28 मिनट तक रहेगा साथ ही इस दिन अभिजीत मुहूर्त में अमृतसिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत योग का निर्माण भी हो रहा है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:03 मिनट से शुरू होगा जो कि 12:54 मिनट तक रहेगा साथ ही अमृतसिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग 9 अप्रैल को प्रातः 07:32 मिनट से लेकर पूरे दिन रहेगा। कलश स्थापन विधि के बारे में स्वामी जी ने कहा कि कलश की स्थापना पूर्व या उत्तर दिशा अथवा ईशान कोण में की जाती है। पूजा की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं और चावल से अष्टदल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान करें इसके बाद मिट्टी अथवा तांवे के कलश में जल, गंगाजल, चांदी का सिक्का, रोली, हल्दी गांठ, दूर्वा, सुपारी डाले और स्वस्तिक बनाकर गर्दन में कलाबा बांधकर बालू या पीली मिट्टी में मिलाये हुए जौ के ऊपर रखे । कलश में 5 आम के या अशोक के पत्ते रखकर एक पात्र में चाबल भरकर पूर्ण पात्र के रूप में ढक दें ऊपर से नारियल में कलावा बांधकर रोली से स्वास्तिक बनाकर ऊपर से एक चुनरी उड़ा कर कलश स्थापित करें।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में नव वर्ष का उत्सव एक या दो दिन नहीं बल्कि नौ दिनों देवी की पूजा के साथ किया जाता है,जो कि नारी सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है उन्होंने कहा कि इस संवत्सर का स्वागत सभी लोग अपने घर की छतों पर ध्वज पताका फहराकर और अपने घर में प्रतिदिन अच्छे सकारात्मक वातावरण के साथ माँ दुर्गा की आराधना कर दीपक जलाएं।

# 11 फार्मासिस्टों की सीडीओ ने काटी ड्यूटियां

जन एक्सप्रेस । आगरा

जिला अस्पताल के फार्मासिस्टों द्वारा इलेक्शन प्रशिक्षण में जाने के बाद फेल हुई अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखते हुए सीडीओ ने जिला अस्पताल के सभी फार्मासिस्टों की ड्यूटियों को काट दिया। वे स्वयं मिले और अस्पताल की समस्या को उनके समक्ष रखा था।

बता दें लोकसभा की चुनावों में जिला अस्पताल के फार्मासिस्टों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के रूप में लगाई थी। वे विगत दिनों प्रशिक्षण में चले गए। पीछे से अस्पताल की व्यवस्थाएं फेल हो गई। दवा काउंटरों पर मरीजों की भीड़ हो गई। दवा बांटने वाला कोई नहीं था। कुत्ते काटे के इंजेक्शन न लगने पर मरीजों ने हंगामा शुरू कर दिया था। अधिकारियों ने बमुश्किल स्थिति को संभाला था। प्रशिक्षण से लौटे सभी जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट जिलाधिकारी से मिले। स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने सभी को सीडीओ के पास भेज दिया।

# मास्टरमाइंड ने लूटे गहने दे दिए थे परिजनों को

## वारदात करने से पहले क्षेत्र में की थी लूट

जन एक्सप्रेस । आगरा

शातिर एवं मास्टरमाइंड बदमाश कासिम ने केमिकल व्यापारी के घर की गई डकैती में लूटे गहनों को परिजनों को सौंप दिया था। डकैती डालने से पहले क्षेत्र में एक लूट की घटना को अंजाम दिया था। एक अज्ञात व्यक्ति से तमंचा और बाइक लूटी थी। शातिर बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पालीवाल पार्क से गिरफ्तार कर लिया। बदमाश ने लूटे गहनों को परिजनों को सौंप दिया था। बदमाश के पास से पुलिस ने एक बाइक, तमंचा, कारतूस और लूटे रुपये बरामद किए।

बता दें एक अप्रैल को विजय नगर चौकी से 100 कदम की दूरी पर आधा दर्जन बदमाशों ने केमिकल कारोबारी दिलीप गुप्ता की हत्या एवं पत्नी लता गुप्ता को घायल करने के बाद करीब 20 लाख रुपये और 30 लाख के आभूषण लूट ले गए थे। पुलिस ने वारदात के उसी दिन एक बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा था। उसके बाद एक बदमाश को और पकड़ा। डीसीपी सूरज राय ने बताया थाना हरीपर्वत के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने पुलिस टीम के साथ शातिर बदमाश कासिम पुत्र गुलाब सिंह निवासी सराय ख्वाजा शाहगंज पालीवाल पार्क में घेराबंदी की। उसकी वहां से निकलने की सूचना मिली। पुलिस को देख बदमाश फायरिंग शुरू की। पुलिस ने आत्मरक्षा हेतु फायरिंग की। जिससे बदमाश के पैर में गोली लगी।

पूछताछ में कासिम ने बताया नौकर लोकेश से जानकारी मिली थी दिलीप गुप्ता पैसे वाला है। उस पर पैसा है। इस जानकारी के बाद राजू कुशवाह के साथ डकैती की योजना बनाई। योजना के मुताविक वारदात को अंजाम दिया।

# हेलमेट कारोबारी के घर में गहने-नकदी चोरी, चोरों ने रात में देखा टीवी

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

वसुंधरा सेक्टर-15 में चोरों ने हेलमेट कारोबारी के घर की खिड़की की ग्रिल काटकर सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। घटना के दौरान कारोबारी अपने परिवार के साथ आगरा-मथुरा घूमने गए हुए थे। चोरों ने घर के अंदर बाथरूम में भी गंदगी की। इंदिरापुरम पुलिस को चोरी की शिकायत दी है।

कारोबारी राजकुमार ने बताया कि वह शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे परिवार को लेकर आगरा, मथुरा और वृंदावन घूमने चले गए थे। रविवार रात घर लौटे तो मेन गेट पर ताला लगा था। ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो ड्राइंग रूम के साथ चारों कमरों में सामान बेड व फर्श पर बिखरा हुआ था जबकि आलमारी भी खुली हुई थीं। चोरों ने आराम से सारा सामान खंगालकर बाहर फेंका हुआ था। जांच में पता चला कि चोर ड्राइंग रूम में खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर घुसे थे। इसके बाद आलमारी में रखे दो लाख से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के गहने, करीब 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को चोरी की सूचना दी।

परिवार को घर में टीवी भी चलता मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि चोरों ने गहने और नकदी साफ करने के बाद कमरे में आराम से बैठकर टीवी पर पिक्चर देखी और गानों का आनंद लिया होगा। पकड़े जाने के डर से वे सामान लेकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी चेक कर रहे हैं।

# सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री की तस्वीर डालकर उड़ाया मजाक, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर अपलोड कर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। आरोपी ने फेसबुक अकाउंट पर तस्वीर अपलोड करके मैसेज भी लिखा था। पुलिस ने बताया कि एक्स अकाउंट पर गाजियाबाद पुलिस, डीजीपी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री को टैग करते हुए एक शिकायत हुई थी, जिसमें राज चौधरी नाम के युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रधानमंत्री की तस्वीर डालकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पोस्ट को निखिल बजरंग दल नाम के व्यक्ति ने नाराजगी जताकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।

# अलीगढ़-15 लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



अलीगढ़ लोकसभा चुनाव में जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 द्वारा निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों की नाम वापसी के उपरान्त उनको प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया गया। उन्होंने बताया कि 05 अप्रैल को की गई स्क्रूटनी में 16 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए थे। प्रत्याशियों को नाम वापसी के लिए 08 अप्रैल अपरान्ह 03 बजे तक का समय दिया गया था, जिसमें से राष्ट्रीय जनसंचार दल के प्रत्याशी मुकेश कुमार एवं निर्दलीय प्रत्याशी भूपेन्द्र पाल सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। 02 प्रत्याशियों के नामांकन वापसी के उपरान्त अब अलीगढ़-15 लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

उन्होंने बताया कि नाम वापसी के उपरान्त प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं, जिसके अनुसार समाजवादी पार्टी प्रत्याशी बिजेन्द्र सिंह को साइकिल, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम को कमल, बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी हितेन्द्र उपाध्याय उर्फ बन्टी उपाध्याय को हाथी, समान अधिकार पार्टी प्रत्याशी मनोज कुमार उर्फ मनोज लोधी को पेट्रोल पम्प, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी प्रत्याशी मनोज कुमार शर्मा एडवोकेट को त्रिभुज, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी प्रत्याशी राज कुमार हॉकी और बॉल, स्वतन्त्र जनताराज पार्टी प्रत्याशी सतीश कुमार को झूला, मौलिक अधिकार पार्टी प्रत्याशी सुरेन्द्र को ऑटो-रिक्शा एवं निर्दलीय प्रत्याशी केशव देव उर्फ पण्डित केशव देव गौतम को चप्पलें, दिलीप शर्मा एडवोकेट को कॉच का गिलास, महेश चन्द्र शर्मा को मेज, राजेश कुमार को गैस सिलेण्डर, सतीश कुमार को फूलगोभी और ज्ञानी राम को बाल्टी चिन्ह दिए गए हैं।

**इनके नामांकन हुए थे खारिज**

1- कैलाश कुमार, बहुजन मुक्ति मोर्चा, 2-मोहम्मद जकी, निर्दलीय, 3-मोहम्मद शकील, भारत जोड़ो पार्टी , 4-दर्शन पाल सिंह, निर्दलीय, 5-पुष्पेंद्र कुमार, वंचित समाज इंसाफ पार्टी के नामंकन खारिज हुए।

# बाइक से टकराकर ट्रैक्टर ट्राली पलटी दो श्रद्धालुओं की मौत, 10 घायल



### घटना के ढाई घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस

सोमवार को सिरसा के जंगल में स्थित बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पर चैती का मेला लगा। इसमें सुरक्षा व्यवस्था के लिए घुंघचाई थाना की पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। बताते हैं कि पुन्नापुर के पास हुए हादसे के बाद भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। आरोप है कि पुलिस हादसे के करीब ढाई घंटे बाद मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी लाया गया। लोगों का कहना है कि अगर समय से गंभीर रूप से घायल दोनों युवक सरकारी अस्पताल पहुंच जाते तो शायद उनकी जान बच जाती। पुलिस के देर से पहुंचने पर कुछ लोगों में नाराजगी देखी गई।

### चालक की लापरवाही से अस्पताल तक चीख पुकार



चालक की लापरवाही ने दो जिंदगियां निगल ली। हादसे की भयानकता सोमवार क्षेत्र में चहुंओर थी। वहां मची चीख पुकार और अपनों के लिए विलाप करती वेदनाएं मानों आसमान चीरने को आतुर दिखी। हादसे में भाग्यवश बच गए मासूम सीएचसी में भर्ती मां को उठाने की कोशिश करते रहे। दो युवकों की मौत के बाद सीएचसी पहुंचे महिला एवं बच्चे सभी चीख रहे थे।

* पूरनपुर के गांव पुन्नापुर टांडा के पास हुआ हादसा, मची चीख-पुकार
* सिरसा जंगल में स्थित इकहोत्तर नाथ मंदिर जा रहे थे सभी श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





**पूरनपुर।** पीछे से आ रही बाइक को साइड देने के बाद अनियंत्रित हुई ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे गेंहू के खेत में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक पर सवार दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि दस श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल श्रद्धालुओं को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। अचानक हुई अनहोनी से स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हादसा पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा के पास सिरसा के जंगल में स्थिति बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर को जाने वाली सड़क पर हुआ। रविवार को घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी हरिओम वर्मा धार्मिक स्थल इकहोत्तर नाथ मंदिर पर भंडारे का आयोजन करने के लिए परिवार के अलावा आस पड़ोस के लगभग 35 श्रद्धालुओं को लेकर ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार दोपहर लगभग 12 बजे उनकी ट्रैक्टर ट्राली पुन्नापुर से आधा किलोमीटर आगे पंहुची थी। इस दौरान पीछे बाइक से आ रहे गांव दिलावरपुर निवासी शिवम पहुंच गए। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्राली से आगे निकलने का प्रयास किया लेकिन उनकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। इससे अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर ट्राली सड़क से नीचे उतरकर गेहूं के खेत में पलट गया। हादसे में कोई श्रद्धालु सड़क से दूर छिटक गया तो कोई ट्राली के नीचे दबकर लहूलुहान हो गया। पल भर में वहां चीख पुकार मच गई। ट्राली के नीचे दबे श्रद्धालुओं को चीखता चिल्लाता देख मेला जा रहे अन्य लोग दौड़ पड़े और बचाव कार्य में जुट गए। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से विशाल (17) पुत्र छोटेलाल निवासी कबीरपुर कसगंजा और बाइक सवार दिलावरपुर निवासी 18 वर्षीय शिवम पुत्र रामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि ट्रैक्टर ट्राली और बाइक पर सवार हरिओम, सुहेल, मंजू देवी पत्नी रामसेवक निवासी कबीरपुर कसगंजा, दिलावरपुर की सोनी पत्नी धर्मपाल, उनके पुत्र रितिक (8), अनु (6), और सुमन पुत्री राजाराम सहित लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी को पूरनपुर सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने शिवम और विशाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर उनके नाते-रिश्तेदार और परिवार के लोग रोते बिलखते पहुंच गए। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मृतकों के परिजनों को बनाया ढांढस

घटना की जानकारी सपा जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र ने पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया।परिजनों की वेदनाएं देख वह भावुक हो गई। चिकित्सकों को हादसे में घायल श्रद्धालुओं का बेहतर उपचार करने की बात कही।

### दो किलोमीटर दूर था मंदिर

श्रद्धालु ने बताया कि घटना स्थल से सिरसा जंगल स्थित इकहोत्तर नाथ मंदिर दो किमी था। बस कुछ ही मिनट में सभी श्रद्धालु मंदिर पहुंचने वाले थे। ट्रैक्टर ट्राली पर सवार सभी श्रद्धालुओं को भंडारे में शामिल होना था।चंद सेकंड में हुए हादसे से रास्ते में चीख पुकार मच गई।

### बाइक पर सवार थे पांच लोग

ट्राली की चपेट में आई बाइक पर एक नहीं बल्कि पांच लोग सवार थे। हादसे में घायल शिवम की भाभी सोनी ने बताया कि उन्होंने बाइक पर पांच लोगों के बैठने पर एतराज किया था।सर में चोट लगने से शिवम की मृत्यु हो गई। बाइक चला रहे शिवम ने हेलमेट भी नहीं पहना था।

“घटना की जानकारी पर मेले में तैनात स्टाफ को मौके पर भेजा गया था। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।
–धर्मेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर घुंघचाई

### बेटे का लहुलुहान शव देख सुध-बुध खो बैठी मां



शिवम अपनी चचेरी बहन सुमन ,भाभी सोनी और भतीजे रितिक,अन्नू को लेकर बाइस से मेला जा रहा था। दुर्घटना में सभी को हल्के चोटें आई मगर सिर में चोट लगने से शिवम की मृत्यु हो गई है। बेटे की मृत्यु की जानकारी पर सीएचसी पहुंची शिवम की मां किरन देवी बेटे के शव के पास बैठकर काफी देर चेहरा देखती रही।इसके बाद सुध बुध खो बैठी। हालत यह थी कि वह कभी हंसकर कहने लगती कि मेरी आंखों के सामने बेटा मर गया,तो कभी दीवार की ओर देखकर इशारे करती। हादसे में घायल चचेरी बहन सुमन भी भाई की मौत से बदहवास होकर सीएचसी में गिर गई।तो वही कसगंजा निवासी विशाल की मां की वेदनाएं देख अस्पताल में मौजूद हर कोई भावुक हो गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सम्मानित हुई मुस्कान




जन एक्सप्रेस। सुइथाकला। क्षेत्र के अर्सिया गांव निवासी विमलेश पुत्री मुस्कान का नवोदय में एस सी वर्ग की एक सीट पर हुई कक्षा 9की परीक्षा में अव्वल आने पर वह सोमवार को सम्मानित हुई।इस दौरान उसको पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी मुस्कान इंग्लिश मीडियम पूर्व माध्यमिक विद्यालय अर्सिया में आठवीं की छात्रा थी। जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा एस सी वर्ग की एक रिक्त स्थान के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसमें वह अव्वल आकर उस सीट पर कब्जा कर पूरे जनपद में क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन कर दिया।इसी कड़ी में सोमवार को उसे उक्त विद्यालय पर सोमवार को एआरपी पंकज सिंह व अन्य द्वारा उसे पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।इस दौरान प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश पाण्डेय त्रिवेणी विंद ,अभय राज, अविनाश समेत अन्य लोग और बच्चे बच्चियां मौजूद रहीं। सभी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लखनऊ टीम के छापेमारी में आधा दर्जन से अधिक वेंडर पकड़ाएं, भेजे गए जेल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मीरगंज। जहां रेल विभाग के द्वारा अवैध रूप से चल रहे वेंडरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है वहीं पर जीआरपी व आरपीएफ विभाग की मिली भगत से रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में अवैध रूप से चल रहे वेंडरों की भरमार है यही नहीं प्राय: इन्हीं वेंडरों के द्वारा आए दिन स्टेशन व ट्रेनों से अटैची, मोबाइल का चोरी होना आम बात हो गई है यही नहीं वेंडरों को चलने के एवज में आरपीएफ व जीआरपी के प्रभारियों के द्वारा एक मुश्त प्रति वेंडरों से तीन से पांच हजार की वसूली की जाती है। जिससे करीब करीब लाखों रूपए की एक मुश्त बचत होती है और जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं होता है। रेलवे लखनऊ की टीम के द्वारा जंघई रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों में छापेमारी करके आधा दर्जन से अधिक वेंडरों को गिरफ्तार करके आरपीएफ विभाग जंघई के हवाले कर दिया गया है जहां पर वेंडरों के छोड़ने के एवज में जेब पूजा की बात चल रही है। लेकिन लखनऊ की टीम के अड़ जाने पर मजबूर होकर सात वेंडरों का रेलवे के विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर के जेल भेज दिया गया है। फिलहाल आरपीएफ विभाग के द्वारा अपने कार्य के प्रति की जा रही घोर लापरवाही से क्षेत्रीय नागरिकों व यात्रियों में आक्रोश व्याप्त है।



### ईट भट्ठे पर कैंप लगाकर बी एस ए ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस। मुफ्तीगंज। मुफ्तीगंज नया शैक्षिक सत्र शुरू होने पर बेसिक शिक्षा मे नामांकन अभियान प्रारम्भ हो गया है इसी क्रम मे विकास खण्ड मुफ्तीगंज के ग्राम ओझैनिया मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने ईट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ईट भट्ठे पर कैंप लगाकर तथा हरिजन बस्ती मे घर घर जाकर विकास खंड मुफ्तीगंज के खंड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव तथा समस्त ए आर पी के साथ नवीन नामांकन किया।ईट भट्ठे पर कुल 24 बच्चों का नामांकन तथा हरिजन बस्ती में 05 बच्चों का नामांकन किया। नामांकित बच्चों को माला पहनाकर व शैक्षिक सामग्री प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस नामांकन अभियान मे अंग्रेजी मीडियम प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता गुप्ता, ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव,सतीश पाठक, राम दुलार यादव, अनिल सिंह, वैभव सिंह संदीप सिंह, शशि राय, आशीष सिंह, मनोज सिंह रमेश, कृष्ण देव,शालिनी गुप्ता, रघुराज, जंग बहादुर ए आर पी विकास सिंह, रवि प्रताप, अखिलेश यादव, जेपी यादव आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल चलो अभियान एवं नामांकन रैली निकल गई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/ रामपुर। विकास खंड रामपुर स्कूल चलो अभियान एवम् नामांकन रैलीप्राथमिक विद्यालय अकरा विकासखंड रामपुर, के प्रांगण से सुबह 8 :30बजे एस.एम.सी अध्यक्ष,ग्रामसभा के सम्मानित नागरिक, प्राथमिक विद्यालय के समस्त अध्यापक एवम् बच्चों द्वारा गांव में स्कूल चलो अभियान एवम् नामांकन रैली निकालकर अभिभावकों को 6से 14वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवम् बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया गया तथा शिव नरायन सिंह, बृज नरायन सिंह बाबा बंधुओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय वृक्ष लगाकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया गया।




## सिंचाई के लिए खेत में लगा इंजन चोरी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**पूरनपुर।** सिंचाई के लिए खेत में लगा इंजन अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस गश्त न होने से क्षेत्र में चोर पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं।मौका लगते ही वारदात को अंजाम दे रहे हैं।माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी सुरेंद्र यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि खेत पर सिंचाई के लिए इंजन लगा हुआ था। शनिवार रात अज्ञात चोर इंजन चोरी कर ले गए। रात्रि गश्त का दावा करने वाली पुलिस को मामले की भनक नहीं लगी। रविवार सुबह खेत पर गए किसान ने इंजन गायब देखा तो वारदात की जानकारी हुई। पीड़ित किसान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

## अल मदीना आई केयर सेंटर ने दिया ईद का तोहफा और भाई चारे की मिसाल

जन एक्सप्रेस। हरिओम वर्मा

**बरखेड़ा।** जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र में अल मदीना आई केयर एंड ऑप्टिकल सेंटर द्वारा लगातार 2015 से अब तक आंखों की जांच और परामर्श का कार्य चल रहा सभी धर्मो को बिना किसी भेद भाव के इलाज और परामर्श दिया जा रहा हैं। सेंटर के डॉ जुल्फिकार हैदर ने राममूर्ति मेडिकल कॉलेज से डिग्री हासिल कर के बरखेड़ा क्षेत्र के लोगों की आंखों का इलाज करना शुरु किया और अब तक कई लोगों की आंखों का ऑपरेशन करा चुके हैं। डॉ जुल्फिकार ने बताया कि इस समय सबसे ज्यादा बच्चों की आंखें डिजिटल स्क्रीन से खराब हो रही है आए दिन बच्चों की नजर कम हो रही हैं। जो मोबाइल और लैपटॉप के देखने से हो रही है हमे चाहिए के 7 साल की उम्र तक बच्चो को मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन से दूर रखें और जन्म के तुरंत बाद फिर 3 साल की उम्र में और फिर 7साल की उम्र में अपने बच्चो की आंखों की जांच कराना जरूरी है अल मदीना आई केयर सेंटर द्वारा प्रत्यक शनिवार और मंगलवार को मोतियाबिंद नाखून और नासूर के निशुल्क ऑपरेशन के लिए ले जाया जाता है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान कार्ड द्वारा सारे ऑपरेशन फैको विधि द्वारा किए जाते हैं जो बरेली के टॉप नेत्र सर्जन डॉ विकास सिन्हा (गोल्ड मेडलिस्ट)करते हैं बिना किसी शुल्क के ऑपरेशन करने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन किया जाता हैं। आंखों की नजर की जांच विदेशी मशीन द्वारा निशुल्क की जाती है। ईद के बाद शनिवार को ऑपरेशन के लिए ले जाया जाएगा। अल मदीना आई केयर सेंटर पौटा कलां और बरखेड़ा दोनो जगह ये सेवा प्रदान कर रहा हैं।



## संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर पोश मकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ रहा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमर करोड़ निवासी नन्हे लाल पुत्र श्यामलाल ने बताया कि उनके घर में देर रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा बिस्तर कपड़े, चारपाई आना सहित हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना गांव वालों को मिलते ही गांव वाले मौके पर पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर घंटों मशक्कत के बाद काबू पाया तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीण के घर में आग लगने से ग्रामीण काफी परेशान दिखाई दे रहा है। आग लगने की सूचना ग्रामीण ने तहसील प्रशासन को दे दी। तहसील प्रशासन ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## 3.55 करोड़ की ठगी के मामले में आठ और आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

वाराणसी के रथयात्रा क्षेत्र की रिटायर्ड शिक्षिका शंपा रक्षित से तीन करोड़ 55 लाख रुपये की ठगी के मामले में आठ और आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों के पास से तीन लाख 70 हजार रुपये, छह मोबाइल, एक फिंगर प्रिंट स्कैनर मेगा डिवाइस, चेक और डेबिट कार्ड बरामद किया गया है। आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। गत आठ मार्च को शंपा रक्षित के पास कॉल आई कि टेलीकॉम रेगुलेटरी अथारिटी से बोल रहे हैं। दो घंटे में आपका मोबाइल बंद हो जाएगा। इसके कुछ देर बाद फिर कॉल आई कि महाराष्ट्र के विले पार्ले पुलिस स्टेशन से बोल रहा हूं।

## मानक विहीन हो रहे सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रुकवाया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटहन पुरानी बाजार से जयगुरुदेव आश्रम मोड़ तक जाने वाली सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य देखकर बन रहे सड़क को रुकवा दिया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है।मिट्टी पर वैसे ही अलकतरा लगा गिट्टी फैला कर कोरम पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग विगत दो दशकों से टूटा जीर्ण शीर्ण पड़ा हुआ है कई बार ऐसे ही मानक विहीन कार्य कर के सड़क बनाई गई जो 1 महीने के अंदर टूट गई।इस मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण दिन भर हजारों लोगो का आना जाना लगा रहता है। आरोप यह भी है कि निर्माण कार्य का कही कोई सूचना पट्ट नही लगाया गया है जिससे यह पता चल सके कि मानक क्या है?वही ठेकेदार का कहना है कि मानक के अनुसार निर्माण किया जा रहा है। गुणवत्ताविहीन कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।पूरे मामले में स्थानीय विधायक रमेश सिंह ने बताया कि अपर अभियंता लोक निर्माण विभाग को कल मौके पर जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है।गुणवत्ता विहीन कार्य यदि किया जायेगा तो भुगतान नहीं होगा।मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## ‘सड़कों पर नही होगी ईद की नमाज’

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

* अशांति फैलाने वालों पर सख्ती से निपटेगी पुलिस: क्षेत्रधिकारी

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में ईद व अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर शांति समिति की बैठक उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि सड़कों पर ईद की नमाज नहीं होगा। मस्जिद में नमाज करें। ईद त्योहार सौहार्द का प्रतीक है। लिहाजा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें। त्योहार में किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था रहेगा। वहीं राम नवमी पर्व पर पराम्परागत ढंग से मनाने की अपील किया गया। सीओ अजीत सिंह चौहान ने कहा की प्रशासन सभी धर्मो और त्योहार का सम्मान करती है।प्रशासन सभी त्योहार जैसे ईद, राम नवमी, और अम्बेडकर जयंती को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। एक सभासद द्वारा नगर के कई होटलों में देह व्यापार का मुद्दा उठाया। जिस पर सीओ ने कहा की त्योहार बाद नगर के सभी होटलों की जांच पड़ताल की जाएगी। अगर कोई होटल देह व्यापार में लिप्त पाया गया तो कठोर कार्यवाई की जाएगी। सबरहद निवासी एक युवक द्वारा बेगुनाहों पर शांति भंग में चालान का बात कही गयी। सीओ ने आश्वस्त किया कि ऐसा हुआ है तो जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। त्योहार पर साफ सफाई और पानी की समस्या न हो इस पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी ने कहा जल आपूर्ति, चूने का छिड़काव और साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रहेगी। किसी भी नागरिक को त्योहार पर किसी तरह की कोई समस्या नही होने दिया जाएगा। अम्बेडकर जयंती और नवमी पर निकलने वालें जुलूसों पर सीओ ने शख्त हिदायत देते हुए कहा की डीजे की ऊंचाई व आवाज मानक से अधिक होने पर डीजे संचालक पर कार्यवाई की जाएगी। वहीं ईद पर सभी मस्जिदों में नमाज़ सिर्फ मस्जिद परिसर में ही अदा कराएं सड़कों पर नमाज़ पढ़ने वालों पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी। बैठक में अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय, भुवनेश्वर मोदनवाल, महफूज़ आलम, मौलाना साकिब, मुस्तकीम अहमद, गणेश चौहान, सिकंदर साहू धीरज पाटिल वेद प्रकाश जायसवाल, धीरज पाटिल, अक्षत अग्रहरि, श्रेयांश गुप्ता, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नवधा भगति कहउं तोही पांही, सावधान सुनु धरू मन माहीं: विनोदानंद महाराज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सरपतहां थाना क्षेत्र में स्थित पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार में शिव मंदिर के पावन प्रांगण में सप्त दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान प्रभू श्री राम चन्द्र जी कथा के अंतिम दिवस पर प्रयागराज से चल कर दाण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती गुरु के मुखार बिंदु से सभी हजारों भक्तों को परम पिता परमेश्वर का दर्शन करवाते हुए भगवान प्रभू श्री राम चन्द्र जी एवं सबरी की कथा का रसपान करवाते हुए कहा कि भगवान राम के जन्म से पहले की है, जब भील आदिवासी कबीले के मुखिया अज के घर बेटी पैदा हुई थी। उसका एक नाम श्रमणा और दूसरा नाम शबरी रखा गया। शबरी की मां इन्दुमति उसे खूब प्यार करती थी। बचपन से ही शबरी पशु-पक्षियों की भाषा समझकर उनसे बातें करती और जब सबरी की मां उसे देखती, तो कुछ समझ नहीं पाती थी।कुछ समय बाद एक पंडित ने शबरी के परिवार को बताया कि वो आगे चलकर संन्यासी बन सकती है। इस बात का पता चलते ही शबरी के पिता ने उसका रिश्ता तय कर दिया। जैसे ही शादी का दिन नजदीक आया, शबरी के घर वालों ने खूब सारी बकरियां और अन्य जानवर घर के पास लाकर बांध दिए। तुम्हारी शादी के दिन ही बलि प्रथा होगी और फिर इनसे स्वादिष्ट भोजन बनाकर सबको परोसा जाएगा।’ यह सब सुनकर शबरी दुखी हो गई। काफी देर तक शबरी ने उन जानवरों को आजाद करने के बारे में सोचा। सोचते-सोचते शबरी के मन में हुआ कि अगर ये जानवर यहां नहीं होंगे, तो इनकी बलि रूक सकती है। ऐसा नहीं हुआ, तो मेरे घर से कहीं चले जाने पर ही यह बलि रुकेगी। जब मैं ही नहीं रहूंगी, तब न विवाह होगा और न ही बलि प्रथा। इससे मासूम जानवर बच जाएंगे। इसी क्रम में नवधा भक्ति का विस्तार पूर्वक बताये कहा कि प्रथम भगति संतन्ह कर संगा ,दूसरी रति मम कथा प्रसंगा। गुरु पद पंकज सेवा तीसरि अमान, चौथी भगति मम गुन गन करइ कपट तजि गान ।
इसी सोच के साथ जानवरों को रखी गई जगह पर सबरी पहुंची। उसने सोचा कि उन्हें खोल देती हूं, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाई। उसके बाद शबरी जंगल की तरफ भागने लगी। भागते-भागते शबरी ऋषिमुख पर्वत पहुंच गई। वहां करीब दस हजार ऋषि रहा करते थे। शबरी को लगा कि वो भी इसी जंगल में किसी तरह ऋषि-मुनियों की सेवा करके अपना जीवन जी लेगी। वो चुपचाप उसी जंगल में एक हिस्से में किसी तरह से रहने लगी। शबरी रोजाना ऋषि-मुनियों की झोपड़ी के आगे झाड़ु लगाती और हवन के लिए लकड़ियां भी लाकर रख देती। ऋषि-मुनियों को समझ नहीं आ रहा था कि जंगल में उनके काम अपने आप कैसे हो रहे हैं। एक दिन शबरी को किसी ऋषि ने देख लिया। उसे देखते ही उसका परिचय पूछा। जैसे ही शबरी ने बताया कि वो भील आदिवासी परिवार से संबंध रखती है, तो उसे ऋषियों ने खूब डांट लगाई। शबरी को इस बात का बिल्कुल भी पता नहीं था कि उसकी जाति छोटी है और उसे ऋषियों द्वारा जाति की वजह अपमान सहन करना पड़ेगा। इतना सब होने के बाद भी शबरी हर ऋषि-मुनि के दरवाजे पहुंचती और उनके आंगन में झाड़ू लगाकर उनसे गुरु दीक्षा देने के लिए कहती। हर कोई शबरी को उसकी जाति की वजह से अपने आश्रम से भगा देता था। ऐसा होते-होते काफी समय बीत गया। उसके बाद शबरी मतंग ऋषि की कुटिया में पहुंची। वहां पहुंचकर मतंग ऋषि को सबरी ने बताया कि वो उनसे गुरु दीक्षा लेना चाहती है। उन्होंने खुशी-खुशी उसे अपने गुरुकुल में रहने दिया और भगवान से जुड़ा ज्ञान देते रहे। शबरी ने भी अपने गुरु मतंग ऋषि की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वो गुरुकुल के भी सारे काम करती थी।



# अस्पताल संचालकों को सस्ते व विशेषज्ञ डाक्टरों का झांसा देकर ठगने वाले तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। औरैया



औरैया जिले के दिबियापुर में अस्पताल व अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों को सस्ते डॉक्टर उपलब्ध कराने का झांसा देकर लाखों की रकम ठगने वाले गिरोह के तीन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वाराणसी निवासी मुख्य आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। रविवार को गेल क्रॉसिंग स्टेशन कैनाल रोड पर एंटी करप्शन टीम का ईडी एएसपी स्टीकर लगी गाड़ी को पुलिस की उपनिरीक्षक सोनी रावत एवं टीम ने रोका। संदिग्ध होने पर कार सवार तीन युवकों की पड़ताल शुरू की। सीओ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों युवक मृत चिकित्सक के फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं अस्पताल संचालकों को झांसा देते हैं। जिला चंदौली में धीना के गांव बरहनी डिग्धी निवासी धनंजय शर्मा नाम बदल बदलकर एमएस, एमडी व रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक बनकर लोगों से मिलता है। जिला वाराणसी में चौबेपुर के गांव भवनपुरा निवासी प्रशांत कुमार मिश्रा एक ईडी का अपर पुलिस अधीक्षक स्तर का एंटी करप्शन टीम से फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से मिलता है। जिला गाजीपुर में बहरियाबाद के गांव बबूरा निवासी संजीव कुमार प्रशासनिक फर्जी असिस्टेंट बनकर लोगों से मिलता है। उन तीनों को वाराणसी जिला में चौबेपुर के गांव मलाह बराई निवासी दीपक कुमार ने फर्जी चिकित्सक बनाकर औरैया एवं इटावा में अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं अस्पताल संचालकों के पास भेजा था। सीओ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद औरैया व आसपास के जनपदों के अस्पताल संचालकों को अच्छे डॉक्टर, गायनोकोलोजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, सर्जन एवं एमएस, एमडी चिकित्सक की आपूर्ति के लिए वह लोग धोखाधड़ी करने वाला गैंग चलाते है। बरामद कार को सीज कर दिया गया है। इनके पास से कई फर्जी अभिलेख बरामद हुए हैं। दरअसल औरैया एवं इटावा जिले के तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों को अच्छे चिकित्सकों की आवश्यकता थी। वाराणसी निवासी दीपक कुमार तीनों सेंटरों के संचालकों के संपर्क में आया था। दीपक ने सस्ते और क्वॉलीफाइड चिकित्सक देने का वायदा करके तीन चिकित्सकों के बायोडेटा एवं सर्टिफिकेट भेजे थे। तीनों आरोपी अपने फर्जी प्रमाण पत्रों के साथ सीएमओ औरैया कार्यालय पहुंचे थे। यहां पर जांच के दौरान तीनों के फर्जी कागजातों की पोल खुल गई थी। इस बीच आरोपी रफूचक्कर होने में कामयाब रहे थे।

### पकड़े गए तीनों आरोपी थे पुलिस की राडार पर

इटावा जिले के कई अस्पतालों को अपना निशाना बना चुके ठग शनिवार को ही पुलिस राडार पर आ गए थे। तीनों आरोपी ठगी का शिकार हुए तीन अल्ट्रासाउंड अस्पताल संचालकों को सीएमओ कार्यालय से चकमा देकर शनिवार को चले गए थे। उमरैन में सत्यवती अल्ट्रासाउंड संचालक इटावा के भर्थना रोड ऊसराहार निवासी नवीन कुमार, इटावा के कुम्हावर रोड स्थित चंद्रा हास्पीटल के संचालक रवी कुमार, इटावा में भर्थना के जवाहर रोड निवासी विपिन कुमार के मानस अल्ट्रासाउंड सेंटरों एवं अस्पतालों के लिए चिकित्सकों की आवश्यकता थी। नवीन, रवी एवं विपिन ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि इसके लिए उनकी दीपक कुमार निवासी ग्राम मलाह बराई, चौबेपुर वाराणसी से बात हुई। इसके लिए दीपक कुमार ने चार लाख रुपये लिए थे। शनिवार को दीपक ने चिकित्सकों के दस्तावेजों सहित फर्जी व्यक्तियों को भेजा। तीनों अल्ट्रासाउंड संचालक तीनों युवकों मनोज कुमार, प्रशांत कुमार मिश्रा, संजीव कुमार को उनके दस्तावेजों के साथ सीएमओ कार्यालय ले गए थे, लेकिन जांच में पता चला कि तीनों लोग फर्जी दस्तावेज लेकर पहुंचे हैं। आरोपी मौका पाकर भाग गए थे। तीनों लोगों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। थाना दिबियापुर के सीओ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तीन आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। चार लाख रुपए ठगने वाले आरोपी की तलाश में दबिशें दी जा रहीं हैं।

## देवहा गांव में राष्ट्रीय सचल चिकित्सा वैन टीम ने 65 मरीज की जांच कर दवाइयां की वितरित

जन एक्सप्रेस। हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर द्वारा मोबाइल वैन टीम के साथ में गांव-गांव में जाकर आशा बहू के सहयोग से मरीजों की खून, मलगम, एक्सरे आदि करने के उपरांत दवाइयां मुफ्त में वितरित की जा रही है इसी कड़ी में सोमवार को ककवन ब्लॉक के देवहा गांव में वैन कैंप टीम ने राष्ट्रीय सचल चिकित्सा इकाई के अंतर्गत मोबाइल वैन गांव में पहुंचकर मरीजों की जांच खून व एक्स-रे आदि करने के बाद मुफ्त में दवाइयां वितरण की गई है जिसके अंतर्गत देवहा गांव में सोमवार को वैन की चिकित्सा टीम ने कैंप लगाकर 65 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी जिसमें सबसे अधिक मरीज जुकाम, खांसी ,बुखार की दवाइयां दी गई है शुगर, बीपी मलेरिया की जांच की गई है इस टीम में डॉ यशी सिंह, लैब टेक्नीशियन सौरभ मिश्रा, फार्मासिस्ट आकांक्षा सिंह, चालक अमोद कुमार आदि मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि वन के अंदर ही सब जांच की व्यवस्थाएं हैं और दवाइयां भी मुफ्त में मिल गई हैं जब कोई बीमार होता है बिल्हौर या मकनपुर जाकर के जांच कर कर दवाइयां मिल पाती है यह सरकार की बहुत अच्छी योजना है जिसके तहत हम लोगों को घर बैठे ही इलाज मुफ्त में मिला है। ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डां धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि जनता की सहूलियत के लिए उनके दरवाजे तक चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है।




## राजकीय आयुर्वेदिक/ यूनानी चिकित्सालय देवहा जाने वाली सड़क के हाल बेहाल

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के राजकीय आयुर्वेदिक/ यूनानी चिकित्सालय सराय देवहा में स्थित है जहां पर जाने के लिए डामर रोड से बिल्डिंग तक पहुंचाने के लिए तालाब के किनारे से होकर गुजरना पड़ता है पिछली वर्षों इंटरलॉकिंग सड़क बनाई गई थी लेकिन जब बरसात आई है तो खेतों से आने वाले बरसाती पानी से सड़क बहकर तालाब में चली जाती है। यह प्रक्रिया हर वर्ष होती है लेकिन कहीं पर भी कोई मजबूत काम नही किया जाता है। अगर बड़ी पुलिया और दोनों ओर दीवार अगर खड़ी कर दी जाए तो यह रोड हर वर्ष ना कटे और अस्पताल जाने में मरीजों को और डॉक्टर को कोई दिक्कत न हो। डॉक्टर ने कई बार लिखित में शिकायत उच्च अधिकारियों को भी दिया है लेकिन इसके बाद भी आने-जाने का रास्ता मोटरसाइकिल तक बड़ा कठिनाई से अस्पताल के अंदर दाखिल हो पाती है वहीं पर अस्पताल से लगे जंगलों में सांप बिच्छू और तालाब नजदीक होने की वजह से बरसाती सांप कमरों के अंदर दाखिल हो जाते हैं और वहीं पर स्वादिष्ट और खुशबूदार दवाइयां के चलते चूहे आसानी दवा के डिब्बो को काटकर दबाव का स्वाद लेते हैं और बारिश हो जाते हैं जिससे अक्सर नुकसान करते रहते हैं सोमवार को जन एक्सप्रेस संवाददाता ने जब वहां जाकर देखा और वहां पर मौजूद डॉ प्रतिमा सोनकर,सहायक वीरेश व शादाब मौजूद थे । वहां पर मौजूद बुजुर्ग रामधनी, शिव बालक, सियावती आदि मरीजो ने बताया दवाए धीरे-धीरे असर करती है।

## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे लोकसभा चुनाव, वीडियो ग्राफी कर्मी को जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। औरैया

जिला मजिस्ट्रेट,जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए फोटोग्राफीध् वीडियोग्राफी हेतु तैनात कार्मिकों को कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में कार्य की बारीकियों तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि जहां भी जिसके साथ ड्यूटी पर तैनात रहे वहां कैमरे का संचालन पूर्ण सतर्कता और सिद्धत के साथ करें जिससे कोई भी साक्ष्य कैमरें में कैद होने से छूटने न पाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता,लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने उपरोक्त निर्देश फोटोग्राफी ध्वीडियोग्राफी प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को दिए। उन्होंने कहा कि अपने-अपने कैमरें को लगातार रिचार्ज करते रहें जिससे कार्य के दौरान कोई फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी छूटने न पाए और दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से अपने कैमरे में कैद करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विद्यालयों में चलाया जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में जनपद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु विभिन्न विद्यालयों यथा नारायण इण्टर कॉलेज मलहौसी, स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज सहार, श्री गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद आदि में आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्राम वासियों को आगामी 13 मई को मतदान दिवस पर अपने-अपने मताधिकार के लिए जागरूक किया और कहा कि मतदान के दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। इस अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर स्लोगन की पट्टिकाओं के माध्यम से भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं, अध्यापकध्अध्यापिकाएं, अविभावक व ग्रामीण जन आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा कराया एहसास

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** नवरात्रि व रमजान पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। एसडीएम बिधूना हरीशचंद व सीओ बिधूना अशोक कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर से पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च शुरू किया। जिसके बाद बेला चौराहा होते हुए चारों सडक़ों व बेला बस्ती सम्पर्क मार्ग होते हुये भ्रमण कर थाना परिसर में पहुंचकर फ्लैग मार्च समाप्त किया गया।थाना प्रभारी विनेश कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्रि पर्व व रमजान पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों द्वारा कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया है। कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति भंग करने का प्रयास भर किया गया तो ऐसे लोगो के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस व सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत आज से

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** दिबियापुर में थाने के पीछे स्थित आश्रम अद्वैत स्वरूप गौरी शंकर आश्रम पर आज मंगलवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी कथा का प्रारंभ बुधवार से होगा और कथा का विश्राम मंगलवार 16 अप्रैल को होगा तत्पश्चात विशाल भंडारे और रात्रि संत समागम का आयोजन बुधवार 17 अप्रैल को होगा आध्यात्मिक कथा प्रवक्ता श्री संत शबदानंद सहजयोगी जी अद्वैत परमहंस सहज योग आश्रम कासगंज महाराज के मुखारविंद से कथा को सुनाया जाएगा सहायक विकास के रूप में साध्वी शब्द सलोनी जी श्रद्धा नित्यानंद पुरी भदौरिया महात्मा जी डडोना कन्नौज परीक्षित सुश्री प्रभादेवी ने सभी नगर निवासी और क्षेत्र वासियों को सादर आमंत्रित करते हुए कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण और वितरण कर अपने मानव जीवन को धन बनाएं और पुण्य के भागीदार बनें संत समागम में आने वाले संतों में श्री संत सेवानंद पुरी जी महाराज, विद्यानंद जी महाराज, दीप श्रद्धानंद जी महाराज व सेवक सेवा समिति संगम बिहार दिल्ली, छोटू महात्मा चंडीगढ़ व देवराज राणा सेवा समिति चंडीगढ़ पंजाब संत भोला नंदध्दपुरी गुलाब राजपुरा सेवा समिति अंबाला अशोक गुप्ता बाबाजी रविंद्र गुप्ता दक्षिणपुरी दिल्ली अभेद ज्ञान प्रकाशानंदपुरी असनी फतेहपुर विनोद महात्मा जी घिरौर गुरु सेवानंद जी व राजू ग्राम पढीन औरैया संत भंवर सिंह अर्जुन गुरु सेवानंद भोगनीपुर कानपुर देहात दयानंद अनामी धाम नंगली धाम महात्मा पाठक जी देवघाट बाबा और

## चौकी इंचार्ज की सक्रियता से फर्जी ईडी व एंटी करप्शन टीम को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। औरैया

एनटीपीसी चौकी इंचार्ज सोनी रावत व टीम की सक्रियता से धोखाधड़ी करने वाले फर्जी डाक्टर,ईडी अधिकारी के गिरोह का भण्डा फोड कर जाली दस्तावेजों सहित 03 अभियुक्तो को कम्प्रेशर बम्बा रोड से गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि जनपद औरैया व आसपास के जनपदों के अस्पताल संचालको को अच्छे डाक्टर,गायनोकोलोजिस्ट, रेडियोलाजिस्ट,सर्जन एवं एमएस,एमडी चिकित्सक की आपूर्ति हेतु हम लोग धोखाधडी करने वाली गैंग चलाते हैं। अभियुक्त धनंजय द्वारा बताया गया कि वह नाम बदल बदलकर एमएस,एमडी व रेडियोलाजिस्ट चिकित्सक बनकर एवं प्रशान्त कुमार मिश्रा एक ईडी का अपर पुलिस अधीक्षक स्तर का एण्टी करम्पशन टीम से फर्जी पुलिस अधिकारी एवं संजीव प्रशासनिक फर्जी असिस्टेण्ट बनकर भोले-भाले अस्पताल संचालको से मिलता है साथ ही हम लोगों द्वारा पूर्व में नवीन कठेरिया का अस्पताल सत्यवती अल्ट्रासाउण्ड सैन्टर उमरैन किशनी रोड एवं रवि कुमार के चन्द्रा अस्पताल फ्रैण्डस कालोनी इटावा एवं विपिन कुमार के मानस अल्ट्रासाउण्ड सैन्टर भरथना रोड इटावा पर चिकित्सक उपलब्ध कराने के नाम पर लाखो रुपये की ठगी की गई थी।जनपद औरैया में भी हम इसी फिराक में आये थे कि आपने पकड़ लिया ।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध भादवि थाना दिबियापुर में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–धनन्जय शर्मा पुत्र स्व0 सामाप्रसाद निवासी बरहनी डिग्धी थाना धीना तहसील चन्दौली जनपद चन्दौली। प्रशान्त कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 राघव मिश्रा निवासी भवनपुरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 36 वर्ष।संजीव कुमार पुत्र स्व0 धर्मदेव राम निवासी बबूरा थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 35 वर्ष।गिरफ्तारी करने वाली टीम-उ0नि0 सोनी रावत,का0 जितेन्द्र सिंह,का0 विक्रम सिंह, का0 आकाश,का0 विशाल तंवर,का0 विष्णु राघव।

## बीईओ के नेतृत्व में निकली मतदाता जागरूकता रैली, बुजुर्गों का किया गया सम्मान

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा लगातार गांव-गांव नुक्कड़ नाटक व जन जागरूकता रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ताजपुर ग्राम में खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह की अगुवाई में जन जागरूकता रैली निकाली गई।सोमवार को विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय ताजपुर के छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गाँव के प्रमुख नुक्कड़ों पर मतदाताओं को जागरूक किया।इसके माध्यम से उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रेरणा दी है ताकि जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। छोटे-छोटे बच्चे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता का संदेश पहुँचा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मतदान के महत्व को संजीवनी बनाना है। इसके माध्यम से सभीमतदाताओं को सक्रिय रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि वे समृद्धि और सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपने हक का उपयोग कर सकें। इसके लिए प्रतिदिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जो सभी मतदाताओं को सहभागी बनाने का माध्यम है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि जय सिंह यादव ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने वाले बुजुर्ग मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित भी किया। मतदाता जागरूकता रैली में बच्चों ने महिलाओं के सम्मान में भी नारे लगाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से एआरपी आशीष द्विवेदी, अध्यापक गौरव सिंह,संतोष यादव,दिव्या शाक्य, रोहित कुमार,आकांक्षा गुप्ता,रिचा मिश्रा,कुलदीप यादव, प्रधान बबिता यादव, अमर सिंह, रूप सिंह, बदन सिंह,शिवदयाल, कृष्णस्वरूप आदि मौजूद रहे।

## वार्ड नंबर 25 में पटे नाले के ऊपर झूलते तार

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर नगर पालिका में बिजली विभाग के अधिकारियो के चलते हर मोहल्ले में हर गली में समस्याएं ही समस्याएं हैं वहां के निवासियो का कहना है कि कभी कोई अधिकारी झांकने तक नहीं आते हैं। किससे शिकायत की जाए नगर पालिका जाने पर अधिकारी मिलते नहीं है और वहां के सफाई कर्मचारी बताते हैं कि ठीक हो जाएगा यह बात सोमवार को वार्ड नंबर 25 निवासी पटे नाले के ऊपर रहने वाले अशोक वाल्मीकि और शांति देबी ने बताया कि इन दिनों नगरपालिका में समस्याएं कोई सुनने वाला नहीं है यह झूलते तारों के लिए बिजली घर में भी शिकायत कर चुके हैं। बड़ा डर लगा रहता है कि कहीं पर कोई तार टूट के ना गिर जाए उसी के नीचे चारपाई डालकर परिवीजन दिन भर अपना गुजर बसर इसी नाले पर करते हैं। आखिरकार बिजली विभाग और नगर पालिका विभाग दो के बीच में जनता परेशान हो रही है उसका कोई हल नहीं निकालता है नगर पालिका बिजली विभाग को बता देती है और बिजली विभाग नगर पालिका का बता देती है अपने ऊपर कोई बढ़कर कार्य नहीं करना चाहता है जनता जान जोखिम में डालकर तारों के नीचे अपना गुजर बसर कर रहे हैं

## ग्राम समाज की भूमि पर हुए अतिक्रमण पर एसडीएम की त्वरित कार्यवाही, चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देश और एडीएम प्रशासन के मार्गदर्शन में युवा कर्मठ उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह की त्वरित कार्यवाही आम जनों के बीच में चर्चा बनी हुई है। इसका उदाहरण सोमवार को देखने को भी मिला जब भोगनीपुर तहसील के ग्राम पंचायत चपरेठा में प्रधान द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए गांव के ही लोगों द्वारा ग्राम समाज की 1.5बीघा भूमि पर गांव के ही लोगो द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान पूनम देवी द्वारा की गई जिस पर कार्रवाई के चलते उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह अपने साथ राजस्व निरीक्षक टीम तथा थाना अध्यक्ष मूसानगर अपनी टीम के साथ पहुंचकर चपरेठा ग्राम पंचायत की ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 110,111 में कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवा कर अतिक्रमण हटवाया गया। उन्होंने समाचारपत्र के ब्यूरोहेड को बताया कि उक्त भूमि पर अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिस पर गांव के बिहारी जाहर सिंह मोहर सिंह जुग्गी लाल रामप्रकाश ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखा था। ग्राम प्रधान ने भी उक्त जगह पर गौशाला व एएनएम सेंटर बनवाने हेतु बात कही।इसी प्रकार अन्य कार्यवाही के क्रम में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के शिकायती प्रार्थना पत्र कार्रवाई हुई। जिसमें गाटा संख्या 561 रास्ते के रूप राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिस पर गांव के लोगों ने ही अवैध अतिक्रमण कर रखा था जिसमें रामकेश अनुराग एवं विशाल मुक्ता प्रसाद कृष्ण गोपाल ने अस्थाई चबूतरा शौचालय बनवाकर रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा था जिस पर कार्रवाई कर बुलडोजर चलवाकर चकमार्ग को खाली करवाया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा शिकायती पत्रों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर जाकर ही समस्या का निदान करने हेतु की जा रही कार्रवाई पर क्षेत्र वासियों ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि प्रशासन यदि इस प्रकार त्वरित कार्यवाही करता रहे तो आक्रमणकारियों के हौसले भी पस्त होने लगेंगे।

## यूपी को पाकिस्तान बनाना चाहते अखिलेश यादव: सुब्रत पाठक

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने पीएम मोदी के बनारस को क्योटो और जितिन प्रसाद के पीलीभीत को मुंबई बनाने की भी बात पर सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव की टिप्पणी पर पलटवार किया है। सांसद ने जीटी रोड स्थित लोकसभा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि भाजपा कम से कम देश के सभी प्रदेशो और जिलों का आधुनिकता के साथ विकसित तो करना चाहती है।लेकिन अखिलेश यादव तो उत्तर प्रदेश और देश को पाकिस्तान बनाना चाहते हैं। उनकी सरकार में ये हो भी रहा था,इसीलिए माफिया की कब्र पर जाकर आंसू बहाते है और उनके परिवार से मिलते हैं।लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह के घर एक बार झांकने भी नही गये। सिर्फ वोटों की राजनीति के कारण ये ऐसा करते हैं। सांसद ने कहा की ये वोटों की राजनीति के कारण क्या न कर दें इस देश मे ये सबके समझ मे आ गया है।इस बार जनता चुनाव में इनको सबक सिखा देगी।

### प्यासे पंछियों के दाना पानी के लिए सकोरा अभियान शुरू

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यार्थी परिषद के आयाम विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा चलाए जा रहे सकोरा अभियान की शुरुआत अकबरपुर महाविद्यालय, सरला द्विवेदी महाविद्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पूरे देश भर में भीषण गर्मी में प्यास से जूझने वाले बेजुबान पंछियों की जरूरत को ध्यान में रखकर सकोरा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रत्येक स्कूल,कॉलेज, सरकारी एवं निजी कार्यालयों ,एवं नगरों में घर- घर जाकर छात्रों एवं आमजानस को पंछियों के जीवन की रक्षा हेतु घर की छतों पर बालकनी में एवं पेड़ों पर मिट्टी के पात्र में जल भरकर रखने हेतु आग्रह करेंगे। इस अभियान की शुरुआत आज अकबरपुर नगर से की गई है। इसके बाद पूरे जनपद की प्रत्येक इकाई में सक्रिय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता इस कार्य हेतु प्रयास करेंगे।इस अवसर पर अकबरपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश चंद्र पांडेय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उमेश तिवारी, रवि शंकर, शाश्वत, दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नामाकंन के दौरान कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति नहीं कर सकेगा प्रवेश

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

,08 अप्रैल 2024 (यूएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कलक्ट्रेट प्रांगण में नामांकन हेतु की जाने वाली बैरिकेडिंग के स्थानों को स्वयं परखा।उन्होने कहा कि बैरीकेडिंग निर्धारित मानक के अनुसार की जाये, जहां बैरियर लगने है वहां मजबूती का विशेष ध्यान दिया जाये।उन्होने कहा कि कोई भी वाहन शिवमंगल क्लब से आगे नहीं जा सकेगें, कोई भी प्राइवेट व्यक्ति,उसका वाहन नामांकन परिसर में प्रवेश नही कर सकेगा,कलेक्ट्रेट कर्मी, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी अपने वाहन के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश कर सकेंगे,मीडिया के बैठने हेतु शिवमंगल क्लब की ओर से कलक्ट्रेट में प्रवेश द्वार से आगे बने टिनशैड में बैठने की व्यवस्था रहेगी।श्री सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की नामांकन प्रक्रिया की तैयारियों की जानकारी के दौरान कहा कि नामांकन कक्ष में सभी व्यवस्थाएं 10 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर ली जाएं।उन्होने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देशित करते हुए कहा कि 10 अप्रैल तक पूरे नामांकन परिसर की 100 मीटर की परिधि एवं 200 मीटर की परिधि मे ट्रिपिल लेयर बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कराया जाए, नामांकन प्रक्रिया के दौरान 100 मीटर की परिधि में नामांकन कार्य से जुड़े अधिकारियों,कर्मचारियों के अलावा नामांकन करने वाले प्रत्याशी,उनके प्रस्तावक ही प्रवेश कर सकेंगे।इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार,अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र,अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिठास, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार,डिप्टी कलेक्टर गोपाल शर्मा,क्षेत्राधिकारी नगर अजय चौहान,क्षेत्राधिकारी लाईन चन्द्रकेश,अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ए.के.अरूण,जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर सिंह भदौरिया, अवर अभियंता लोक निर्माण नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा बूथ प्रबंधन की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

भारतीय जनता पार्टी की सिकंदरा विधानसभा बूथ प्रबंधन की बैठक सिकंदरा विधानसभा में राज्य मंत्री अजीत पाल के आवास पर संपन्न हुई एवं भोगनीपुर विधानसभा बूथ प्रबंधन की बैठक विदुर कुटी पुखरायां में संपन्न हुई। इन दोनों बैठकों को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के आधार पर बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाना है। सभी पन्ना प्रमुखों को मतदाताओं के पास जाकर संपर्क करना है।लोकसभा चुनाव में जिला कमेटीपदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सभी बूथों पर 20 कार्यों का क्रियान्वयन करना है इसमें पन्ना प्रमुख संबंधित कार्य घर-घर जनसंपर्क मोर्चा की बैठक के द्वारा प्रचार प्रसार किया जाना हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट डलवाने का कार्यक्रम की जिम्मेदारी बूथ प्रबंधन के द्वारा ही संभव होगी मोदी एवं योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने से विपक्षी दल परेशान है पर जनता सब जानती है मुझे विश्वास है उत्तर प्रदेश में भाजपा क्लीन स्वीप करने वाली है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, केंद्रीय राज्यमंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा राज्य मंत्री अजीत पाल पूर्व विधायक विनोद कटियार सोनी सौरभ मिश्रा करुणा शंकर दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में साले की मौत, जीजा घायल ईद मनाने जयपुर से स्कूटी से आ रहे थे घर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कन्नौज जिले में ईद पर घर आने के दौरान आगरा में टोल प्लाजा के निकट सड़क हादसे में साले की मौत हो गई और जीजा घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन आगरा के लिए रवाना हो गए। दोनों ईद का त्योहार मनाने के लिए स्कूटी से घर आ रहे थे। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उमर्दा चौकी क्षेत्र के अमीनाबाद मोहल्ला निवासी चांदबाबू उर्फ नन्हे (22) अपने जीजा गुरसहायगंज निवासी सैमुद्दीन (40) के साथ जयपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। परिजनों ने बताया कि रविवार को ईद का त्योहार मनाने के लिए दोनों स्कूटी से घर आ रहे थे। सोमवार सुबह करीब छह बजे आगरा में एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा से कुछ आगे स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर इलाज के दौरान चांदबाबू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# हमने बंद कर दी कांग्रेस की दुकान: पीएम मोदी

**कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए: पीएम नरेंद्र मोदी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बस्तर की धरती से छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। भानपुरी के छोटे आमाबाल में चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए। साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुए। दिल्ली से एक रुपये निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। चुनाव में कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि एक रुपया भेजो और 15 पैसा मिले वह जादू हमने बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं। पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।




### जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूजा, पीएम ने आदिवासियों को साधा

आदिवासी समाज को साधते हुए पीएम ने कहा कि जनजाति समाज हमेशा बीजेपी की प्राथमिकता रही है। जिस कांग्रेस ने आदिवासियों का तिरस्कार किया। आज उसी समाज की बेटी देश की राष्ट्रपति है। भाजपा ने ही छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया। भाजपा ने ही आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय और बजट बनाए। बीते 10 सालों में आदिवासी कल्याण का बजट 5 गुना बढ़ गया है। जब कांग्रेस सरकार थी तो पूरे देश में सवा सौ से भी कम एकलव्य आवासीय विद्यालय थे, आज सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही 70 से अधिक एकलव्य विद्यालय हैं। कांग्रेस शासनकाल में सिर्फ 10 वनों पर ही एमएसपी मिलती थी। आज बीजेपी सरकार में 100 पहुंच गई है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। इसे पूरा करने के लिए हर पल देश के नाम, हर पल आपके नाम, 24 बाय 7 और 2047। पीएम ने कहा कि जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूजा। इसलिए जनजातियों में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए पहली बार कोई योजना बनी। 24 हजार करोड रुपए की पीएम जन-मन योजना से छत्तीसगढ़ की अनेक जनजातियों का जीवन आसान होगा।

### स्थानीय बोली में कहा आमचो भाई बहिनी

पीएम मोदी ने बस्तरिया बोली हल्बी में संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि आमचो भाई बहिनी!, दादा-दीदी आपन सपाय मन के मोचो बाटले, जोहर! राम-राम। मां दंतेश्वरी की पावन धरा को मेरा प्रणाम। छत्तीसगढ़ से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को स्मरण करते हुए कहा कि आज मैं अपने बहुत पुराने साथी बलिराम कश्यप की जन्मस्थली-कर्मस्थली बस्तर पहुंचा हूं। उनके साथ बस्तर के कई क्षेत्रों में दौरा किया है। बलिराम ने जो तपस्या की और काम किया, आज उसी का नतीजा है कि हम सब हम ने आप जनता का विश्वास जीता है। बस्तर के बारे में कहा जाता है मावा बस्तर शोभला बस्तर। बस्तर डिवीजन से ही मैंने आयुष्मान आरोग्य योजना की शुरुआत की थी। छत्तीसगढ़ में भी हजारों आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले गए हैं। इन आरोग्य मंदिरों की वजह से गरीबों को इलाज की बहुत बड़ी सुविधा मिल रही है। मुफ्त में इलाज के कारण 1 लाख 30 हजार करोड़ खर्च होने से बच गए हैं। गरीबों के लिए भाजपा ने कई काम किए हैं। इसका सबसे बड़ा गवाह बस्तर है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप

उन्होंने कहा किइस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं बल्कि मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद यह सपना पूरा हुआ तो सबसे अधिक खुशी प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को हुआ, लेकिन कांग्रेसी और इंडी गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज है। कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के न्योता ठुकराने को जिन कांग्रेसियों ने गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। इससे साबित होता है कि कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, उसमें भी मुस्लिम लीग की छाप है।

### जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा

कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दर्शकों तक कांग्रेस की सरकारों ने विकास को नजरअंदाज किया। गरीबों की चिंता नहीं की। कभी महंगाई का मतलब ही नहीं समझा। साल 2014 में गरीब के इस बेटे को देश की सेवा का अवसर मिला। घर और दवा नहीं होने पर गरीबों पर क्या बितती है वो मैं समझता हूं, इसलिए जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा। दावा करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार की वजह से ही 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

### अगले पांच साल तक मुफ्त में मिलेगा राशन

पीएम ने कोरोना काल को याद करते हुए कांग्रेस की अमीरों की सरकार में देश में बीमारी का टीका आने में दर्शकों लग जाते थे, लेकिन बीजेपी सरकार में गरीबों को मुफ्त में वैक्सीन दी गई और मुफ्त में राशन दिया गया। उस समय में जब दूसरे देशों में कोरोना का एक-एक टीका हजारों रुपए में लग रहा था, ऐसे में भारत ने मुफ्त में टीका लगाया गया। दूसरे देशों में जहां खाने के लिए हाहाकार मचा था। वहीं हमने गरीब भाई-बहनों के लिए मुफ्त राशन की दुकान खोल दी। अगले पांच साल तक मुफ्त में राशन मिलेगा।

### बस्तर में सबसे ज्यादा आने वाला प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं, काम करने के लिए पैदा हुआ है। छत्तीसगढ़ में जितने कोई प्रधानमंत्री बस्तर में नहीं आए हैं, उससे ज्यादा मैं आया हूं। अब आपको मेरा एक काम करना होगा। आप घर-घर जाना और कहना कि मोदी ने आपको जोहार भेजा है, राम-राम कहा है। पीएम ने मंच से लोगों को गुड़ीपड़वा,चैत्र नवरात्रि और रामनवमी की शुभकानाएं दीं।

### पूरी हो रही मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनते ही सभी गारंटी पूरी हो रही है। माताओं, बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। धान समर्थन मूल्य, धान खरीदी का अंतर राशि, तेंदूपत्ता संग्रहण की गारंटी पूरी हुई है। आदिवासी, दलित और पिछड़ों के घर पक्के बनने शुरू हो गए हैं। सरकार बनने के दूसरे दिन ही 18 लाख गरीबों के पक्के मकान बनने का निर्णय लिया गया। केंद्र की सरकार ने जो भी योजनाएं बना रही हैं, उसमें अधिकतर मालिकाना हक महिलाओं के ही नाम पर हैं। हर घर में जल पहुंचाने के लिए तेजी से काम होगा। मोदी ने देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गारंटी दी है।

## मोदी के राजनीतिक पूर्वज मुस्लिम लीग समर्थक

### खड़गे बोले, भाजपा का ग्राफ नीचे आ रहा, इसलिए पीएम संघ के पुराने दोस्त को याद कर रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर सोशल मीडिया पोस्ट की। खड़गे ने लिखा कि मोदी और शाह के राजनीतिक और वैचारिक पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई में हिंदुस्तानियों के खिलाफ ब्रिटिशों और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था।

**सच केवल एक है**

कांग्रेस न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है। उनकी सम्मिलित शक्ति, मोदी जी के 10 सालों के अन्याय काल का अंत करेगी।

**खड़गे के इस बयान की वजह**

कांग्रेस ने 5 अप्रैल को 5 न्याय और 25 गारंटी के साथ अपना न्याय पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया था। इसमें अल्पसंख्यकों के लिए कई बड़े वादे किए गए थे। भाजपा इसे आजादी के बाद मुस्लिम लीग के घोषणा पत्र जैसा बता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा इस पर लगातार बयान दे रहे हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप वाले बयान पर कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ सोमवार को श्वष्ट्ढ में शिकायत दर्ज कराई है।



### मल्लिकार्जुन खड़गे की पोस्ट

*मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस न्याय पत्र के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आवाहन व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और ह्वङ्खस्नक्रमें अपनी सरकार बनाई। क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेजी गवर्नर को ये नहीं लिखा कि 1942 के देश व कांग्रेस के भारत छोड़ो आंदोलन को कैसे दबाना चाहिए? और इसके लिए वे अंग्रेजों का साथ देने के लिए तैयार हैं? मोदी-शाह व उनके नॉमिनेटेड अध्यक्ष (जे.पी. नड्?डा) आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। मोदी जी की भाषणों में केवल ्रस्स्-की बू आती है। दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालत इतनी खस्ता होती जा रही है कि ्रस्स्-को अपने पुराने मित्र मुस्लिम लीग की याद सताने लगी है।*

## चुनाव प्रचार के लिए मध्य प्रदेश आए राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म, रात शहडोल में ही रहेंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शहडोल

मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार का शंखनाद करने आए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर शहडोल में उड़ान नहीं भर सका। फ्यूल कम होने की वजह से हेलीकॉप्टर को रोकना पड़ा। जबलपुर से अतिरिक्त फ्यूल मंगाया गया है। मौसम खराब होने की वजह से फ्यूल आने में देरी होगी। इस वजह से राहुल सोमवार की रात शहडोल में ही बिताएंगे। उन्हें सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहराया गया है। राहुल गांधी ने सोमवार को पहले चरण के मतदान में शामिल मंडला और शहडोल लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। मंडला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिवनी में जनसभा के बाद राहुल शहडोल के बाणगंगा मेला मैदान पर पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित किया। हालांकि, फ्यूल कम होने की वजह से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। फिलहाल उन्हें शहडोल के सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहराया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

### नाइट हॉल्ट शहडोल में होगा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मौसम खराब है। पानी गिरा है। फ्यूल आने में देरी होगी। मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर अब उड़ान नहीं भर सकेगा। पायलट का भी यही सुझाव था। राहुल जी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें शहडोल में ही रुकना होगा। अब मंगलवार सुबह छह बजे वे यहां से रवाना होंगे। मैं तो राहुल जी से काफी प्रभावित हुआ हूं। जैसे ही उन्हें सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि मौसम खराब है तो उन्होंने पूछा कि अब क्या कर सकते हैं? शहडोल में रुकना ही पड़ेगा। वह बेहद सहज और सरल हैं।

### सड़क मार्ग से जाने की संभावनाओं को टटोला

इससे पहले शहडोल एसपी कुमार प्रतीक ने बताया कि फ्यूल की कमी के कारण राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। फ्यूल जबलपुर से मगाया जा रहा है। समय पर फ्यूल आ गया तो ही राहुल हेलीकाप्टर से जाएंगे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर तक सड़क मार्ग से ले जाने की संभावनाओं को भी टटोला गया था। लेकिन मौसम खराब है। सुरक्षा कारणों से उनके यहीं पर रुकने के इंतजाम किए गए हैं।

## 'केंद्र-राज्य के बीच नहीं होना चाहिए टकराव'

### सूखा राहत राशि से जुड़ी याचिका पर शीर्ष अदालत ने की सुनवाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए कर्नाटक को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय मदद जारी करने का आग्रह किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा।

### राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने शीर्ष अदालत से मामले की सुनवाई दो हफ्ते बाद करने का आग्रह किया और कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे। पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के बजाय अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती तो समस्या का समाधान हो सकता था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा है। इस पर मेहता ने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि क्यों करना पड़ा है, लेकिन यह प्रवृत्ति बढ़ी है। जब पीठ ने कहा कि वह केंद्र सरकार को नोटिस जारी करेगी तो मेहता ने कहा, आपसे नोटिस जारी न करने का आग्रह है। यह भी खबर बन जाती है। हम यहां हैं।

### अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद

पीठ ने कहा कि अग्रिम नोटिस पर पेश हुए शीर्ष कानून अधिकारियों ने कहा है कि वे निर्देश लेंगे। अगली तारीख पर अदालत के सामने एक बयान देंगे। शीर्ष अदालत ने मामले में अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद करेगी। याचिका में यह भी घोषणा करने का आग्रह किया गया है कि एनडीआरएफ के तहत सूखे की व्यवस्था के लिए वित्तीय मदद जारी न करने का केंद्र का कदम संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत राज्य के लोगों के लिए गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का पहली नजर में उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे से जूझ रहा है, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पिछले साल जून से सितंबर तक के खरीब के सीजन के लिए 236 तालुकों में से 223 को सूखा प्रभावित घोषित किया गया।


## अदालत का अजीबोगरीब फैसला, पूर्व पत्नी पर झूठा आरोप लगाने वाले को सुनाई 80 कोड़े मारने की सजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कराची

पाकिस्तान की एक अदालत ने एक शख्स को दुर्लभ सजा सुनाई है। अदालत ने एक शख्स को अपनी पूर्व पत्नी पर व्याभिचार का आरोप लगाने और अपने बच्चों को अस्वीकार करने के मामले में 80 कोड़े मारे जाने की सजा सुनाई है। देश में आमतौर पर अब इस तरह की सजा नहीं दी जाती है। डॉन न्यूज के मुताबिक, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई। अदालत ने कजफ अपराध (हद्द का प्रवर्तन) अध्यादेश 1979 की धारा 7 (1) के तहत कादिर को दोषी ठहराया है। कजफ का मतलब किसी निर्दोष व्यक्ति पर आरोप लगाना होता।इस अध्यादेश की धारा में लिखा है कि जो कोई भी कजफ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। आदेश में कहा गया, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी की नाजायजता के संबंध में कजफ का आरोप लगाया था। इस प्रकार उसे दोषी ठहराया जाता है और कजफ अध्यादेश 1979 की धारा 7 (1) के तहत 80 कोड़ों की सजा सुनाई जाती है।

## पूरे दल-बल के साथ कांग्रेस में जाएंगे पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जींद



दिल्ली में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह के साथ जींद से काफी संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल होंगे। सुबह यह लोग दिल्ली के लिए निकलेंगे और पूरे दल-बल के साथ कांग्रेस में शामिल होंगे। सोमवार को दिनभर अधिक से अधिक लोगों को दिल्ली लेकर जाने के लिए बैठकों का दौर चलता रहा। बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने से जींद जिले की राजनीतिक पर काफी प्रभाव पड़ेगा। चौधरी बीरेंद्र सिंह उचाना से पांच बार जीतकर विधायक बन चुके हैं। वह 1977 से 82, 1982 से 84 1991 से 1996, 1996 से 2000 तथा 2005 से 2009 तक विधायक रहे। तीन बार वह कैबिनेट मंत्री भी बने। उन्होंने तीन बार सांसद के रूप में भी कार्य किया। पिछली केंद्र सरकार में वह केंद्र में मंत्री भी रहे। उनके बेटे बृजेंद्र सिंह 2019 में हिसार लोकसभा से सांसद चुने गए थे। अब वह भाजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस में आ गए हैं। बीरेंद्र सिंह भी मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होंगे। उनके कई समर्थक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शिव नारायण शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अकेले जींद से ही काफी संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं ने पहले ही बीरेंद्र सिंह को कांग्रेस में शामिल होने की सलाह दी थी। बीरेंद्र सिंह अपने कार्यकर्ताओं की बात बहुत मानते हैं, इसलिए उनकी सलाह के अनुसार ही वह कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बीरेंद्र सिंह अपने कार्यकर्ताओं को बहुत मान-सम्मान देते हैं। पूरे प्रदेश में उनके कार्यकर्ता हैं। पूरे हरियाणा से लोग कांग्रेस में शामिल होने के लिए मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। शिवनारायण शर्मा के साथ ऋषिराम शर्मा, अर्जुन सैनी, फतेह सिंह सैनी, सतीश जिंदल, जयप्रकाश शर्मा, रामचंद्र शर्मा, कुलदीप पानू, राममेहर रेढू दालमवाला, विजय सिंह, महेंद्र सिंह, बलजीत ईंटल व मध्य उत्तरी हरियाणा की महिला प्रदेशाध्यक्ष वृंदा शर्मा भी काफी महिलाओं के साथ दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर पड़ेगा राजनीतिक प्रभाव

बीरेंद्र सिंह जब कांग्रेस में थे तो वह अपने साथियों को कांग्रेस का टिकट दिलाने के लिए काफी दबाव बनाते थे। उन्होंने अपने समय में कांग्रेस का टिकट भी कई लोगों को दिलवाया था। उस समय कांग्रेस में उनकी काफी मजबूत स्थिति थी। अब एक बार फिर से वह कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। इससे जींद जिले की पांचों विधानसभा सीटों के साथ पूरे हरियाणा की राजनीति पर इसका असर देखने के लिए मिलेगा।

## लोकसभा चुनाव: जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चुनाव, उमर का एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे। सोमवार को नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसकी घोषणा की। उमर ने बताया कि जम्मू की दो सीटों पर और लद्दाख की एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे, जिन्हें नेकां समर्थन करेगी। वहीं, कश्मीर की तीन सीटों पर नेकां अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिसे कांग्रेस समर्थन करेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। कांग्रेस ने जम्मू की सीट पर रमण भल्ला और उधमपुर सीट पर चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इन्हें अपना समर्थन दिया है। रमण भल्ला के नामांकन के दिन फारूक अब्दुल्ला स्वयं उनका पर्चा भराने पहुंचे थे। इसके साथ ही फारूक जम्मू में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार भी कर चुके हैं। कश्मीर में तीन सीटों में से एक पर नेकां ने अभी उम्मीदवार का एलान किया है। अनंतनाग-राजोरी सीट से मियां अल्ताफ को मैदान में उतारा है। लद्दाख सीट पर अब कांग्रेस अपने उम्मीदवार उतारेगी।



### अनंतनाग से महबूबा लड़ेंगीं चुनाव, श्रीनगर और बारामुला सीट पर भी उतारे उम्मीदवार

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी सीट से चुनाव लड़ेंगी। साथ ही पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पर्रा श्रीनगर से और पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर फयाज बारामुला से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

### जम्मू में कांग्रेस को समर्थन देगी पीडीपी

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पीडीपी जम्मू क्षेत्र की दो सीटों उधमपुर और जम्मू पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस कश्मीर में कांग्रेस का समर्थन उन्हें मिलेगा। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि वह इसके लिए कांग्रेस पार्टी को समर्थन नहीं दे रही हैं, कि बदले में उन्हें भी समर्थन मिले, यह कांग्रेस के विवेक पर निर्भर करता है। महबूबा ने कहा- हमने संविधान और लोकतंत्र को बचाने की बड़ी लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया है।

### कांग्रेस के घोषणापत्र का लक्ष्य देश को मजबूत बनाना: फारूक

उधर, नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कांग्रेस के घोषणापत्र का बचाव करते दिखे। फारूक ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र का लक्ष्य देश को मजबूत बनाना और धर्मनिरपेक्ष छवि को बरकरार रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुस्लिम लीग के बयान के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि घोषणापत्र देश को मजबूत बनाने और इसे धर्मनिरपेक्ष बनाए रखने के लिए है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)